✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 116 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 21 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा की ओर से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को चेक देते मंत्री संतोष सुमन एवं अन्य

## संक्षिप्त समाचार

### दानापुर में अग्निवीर भर्ती रैली कल से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** दानापुर के चांदमारी स्थित केएलपी मैदान में 22 सितंबर से अग्निवीर भर्ती रैली शुरू होगी। भर्ती रैली 7 अक्टूबर तक चलेगी। यह जानकारी देते हुए निदेशक भर्ती, आरओ (मुख्यालय) दानापुर कर्नल बिंदु अग्निहोत्री ने बताया कि रैली में बिहार और झारखंड के शॉर्टलिस्ट किए गए करीब 11 हजार 42 पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और योग्यता आधारित रखने के साथ अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सेना व जिला प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रैली के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए आवेदन 4 अक्टूबर से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए अब चार से 10 अक्टूबर तक ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। पूर्व में आवेदन 17 सितंबर से करने के लिए तिथि निर्धारित की गई थी लेकिन बाढ़ के कारण शिक्षा विभाग ने तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग ने बाढ़ की गंभीर स्थिति और प्राकृतिक आपदा को देखते हुए यह निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संशोधित समय-सारणी जारी की गई है, जिसमें समायोजन एवं पारस्परिक स्थानांतरण के बाद सामान्य स्थानांतरण के लिए संशोधित विद्यालयवार रिक्तियों का प्रकाशन एक अक्टूबर को किया जाएगा।

### पटना सिटी में मां की जलाकर हत्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना सिटी के खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मुहल्ला स्थित दुल्ली घाट में किराये के मकान से 60 वर्षीय महिला रेखा देवी उर्फ मंजू देवी की जली अवस्था में लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। महिला अपने पुत्र चिन्टू के साथ किराये के मकान में रहती थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतका के पुत्र चिन्टू पर आरोप है कि नशे की हालत में हुए विवाद के बाद उसने अपनी मां को आग लगा दी। पुलिस ने आरोपी पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस घटना केकारणों की जांच कर रही है।

### दुर्गा पूजा से पूर्व दुरुस्त होंगी शहर की टूटी सड़कें

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मानसून की बारिश के कारण शहर के विभिन्न इलाकों में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को दुर्गा पूजा से पहले पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाएगा। पथ निर्माण विभाग ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए उन सड़कों की पहचान की जा रही है, जिसकी हालत काफी जर्जर हो गई है। कई इलाके की सड़कों पर पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके निरीक्षण का काम तेजी से चल रहा है और चिन्हित स्थलों पर जल्द ही मरम्मतिकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा, ताकि त्यौहार के दौरान यातायात सुगम बना रहे।

मुख्यमंत्री ने 'विकसित बिहार : नींव से निर्माण' तक महामंथन सह लव-कुश प्रतिभा सम्मान समारोह का किया शुभारंभ

# समृद्ध बिहार के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आयोजित 'विकसित बिहार : नींव से निर्माण' तक महामंथन सह लव-कुश प्रतिभा सम्मान समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। प्रोग्रेसिव बुद्धिजीवी एसोसिएशन, बिहार द्वारा आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि लव-कुश समाज की एकता की नींव वर्ष 1994 में रखी गई थी और यह एकता आज भी कायम है। उन्होंने कहा कि लव-कुश समाज किसी के खिलाफ नहीं है बल्कि न्याय के साथ आगे बढ़ते हुए बिहार की समृद्धि और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाना चाहता है। वर्ष 1992-93 में कुर्मी चेतना रैली और कुशवाहा सम्मेलन



के बाद 1994 में दोनों समाजों ने मिलकर लव-कुश सम्मेलन का आयोजन किया था। इसकी शुरूआत करनेवाले सभी नेताओं को मैं बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि इसी सामाजिक एकता ने आगे चलकर राजनीतिक स्वरूप ग्रहण किया और इससे जुड़ी राजनीतिक पार्टियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज विकसित भारत और समृद्ध बिहार की कल्पना को साकार करने का समय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्ध बिहार की कल्पना की है। इसे साकार करने के लिये हमलोग काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है। चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक जैसे महान शासकों ने इसी धरती से भारत और दुनिया को दिशा दी। बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने और मजबूती से प्रस्तुत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 के बाद बिहार की अर्थव्यवस्था और आधारभूत संरचना में बड़ा बदलाव आया है। बिहार और झारखंड के अलग होने के समय बिहार की अर्थव्यवस्था काफी हद तक झारखंड से प्राप्त राजस्व पर निर्भर थी, लेकिन आज बिहार का बजट झारखंड से काफी आगे निकल चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में जहां झारखंड ने एक लाख 39 हजार करोड़ रूपये का बजट पेश किया वहीं बिहार ने तीन लाख 17 हजार करोड़ रूपये का बजट पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में 15 जुलाई को एक साथ 211 डिग्री कालेजों में पढ़ाई शुरू कराई गई। 700 माडल स्कूलों (सरस्वती विद्या निकेतन) की स्थापना की गई है, जिनमें 3.5 लाख बच्चे पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी साथी ऐप के माध्यम से 75 हजार शिक्षकों को **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## 30 लाख रुपये का इनामी टीपीसी कमांडर बृजेश गंझू मुठभेड़ में ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के चतरा जिले में सक्रिय प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के सुप्रीमो और 30 लाख रुपये के इनामी बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया। रविवार तड़के वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र के लंका मैदान में टेंगरा मोड़ के पास यह मुठभेड़ हुई। बृजेश गंझू पर झारखंड सरकार ने 25 लाख और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। एटीएस के डिप्टी एसपी विपिन राय के अनुसार, टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड का वांछित उग्रवादी कमांडर बृजेश गंझू मोटरसाइकिल से टेंगरा मोड़ होते हुए मुगलसराय की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर रविवार सुबह करीब पांच बजे एटीएस की टीम ने इलाके में घेराबंदी कर दी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार एक संदिग्ध व्यक्ति वहां पहुंचा। टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के बाद एटीएस की टीम ने जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में बृजेश गंझू को गोली लगी और वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। एटीएस की टीम उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के बाद मृतक की पहचान चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लूटू गांव निवासी बृजेश गंझू के रूप में हुई। मुठभेड़ के दौरान उग्रवादी की ओर से चलाई गई गोलियां एटीएस के डिप्टी एसपी विपिन राय और हेड कांस्टेबल नितेंद्र कृष्ण की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं। जैकेट की वजह से दोनों गंभीर रूप से घायल होने से बच गए। घटना के बाद एटीएस और स्थानीय पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया। बृजेश गंझू लंबे समय से झारखंड पुलिस और एनआईए की वांछित सूची में शामिल था। बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता चतरा जिले के लवलंग थाना क्षेत्र के लूटू का रहने वाला था। बृजेश प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी का कमांडर था, जिसकी तलाश लंबे समय से की जा रही थी। इस पर झारखंड सरकार ने 25 लाख रुपये और एनआईए ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

## नेपाल में हाइडैम बनाने पर जल्द हो निर्णय : विजेंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** बिहार में हर साल बाढ़ से भारी तबाही मचती है। वर्षों से नेपाल में हाइडैम बनाने की मांग हो रही है लेकिन अभी तक इस पर निर्णय नहीं हो सका है। उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीता निर्मला सीतारमण से मिलकर एक बार फिर से नेपाल में ऊंचे बांध बनाने को लेकर जल्द फैसला लेने की मांग की है। दरअसल 18 और 19 सितंबर को दो दिवसीय दिल्ली में वित्त मंत्रियों की बैठक बुलाई गई थी जिसमें बिहार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव भी शामिल हुए थे। दो दिवसीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि हमने निर्मला सीतारमण के सामने बिहार से जुड़ी समस्याओं को रखा। बाढ़ को लेकर भी उनको अवगत कराया और उनसे मांग की है कि नेपाल में हाइडैम को लेकर जल्द निर्णय लिया जाए। इससे पहले भी उपमुख्यमंत्री विजेंद्र विजय चौधरी और जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी विदेश मंत्री और वित्त मंत्री से मिल चुके हैं। उस समय भी दोनों नेताओं ने नेपाल में हाईडैम बनाने की मांग को लेकर अपनी बात रख चुके हैं। विजेंद्र यादव ने यह भी कहा कि बैठक में मैंने दूसरी हरित क्रांति को लेकर भी मुद्दा उठाया है क्योंकि बिहार पहली हरित क्रांति में पीछे रह गया था। हमने केंद्र सरकार के ही आयोग की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा जिसमें दूसरी हरित क्रांति पूर्वी भारत से शुरू करने की बात कही गई है। इसमें बिहार भी शामिल है लेकिन उत्तर बिहार बाढ़ की चपेट में रहता है। डिप्टी सीएम ने कहा कि ऐसे में नेपाल में यदि प्रस्तावित हाईडैम निर्माण पर जल्द फैसला होता है तो बिहार भी दूसरी हरित क्रांति में सार्थक सहयोग कर सकेगा और विकसित भारत में बिहार की भी अहम भूमिका होगी। दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ होने वाली बैठक के कारण ही जेडीयू विधान मंडल दल की बैठक में विजेंद्र यादव शामिल नहीं हुए थे। दो दिवसीय इस सम्मेलन में केंद्रीय वित्त मंत्री के अलावे कई राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री शामिल हुए।

## अब मुख्यमंत्री आवास योजना में भी मिलेगी वीबी जी रामजी योजना के तहत मिलेगी 90 दिनों की मजदूरी

### ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के अनुरोध को केन्द्र सरकार ने किया स्वीकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री सह नेता विधायक दल श्रवण कुमार के अनुरोध को केन्द्र सरकार ने स्वीकार लिया है। उनके अनुरोध के अनुसार भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राज्य संपोषित मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 90 दिनों की मजदूरी वीबी जी रामजी योजना से देने का निर्णय लिया है। श्री कुमार ने आज प्रेस बयान जारी कर इसके लिए केन्द्र की मोदी सरकार एवं कृषि कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है एवं आगे भी पूर्ण सहयोग मिलने के लिए आशा व्यक्त किया है। अनुरोध को स्वीकार करने पर मंत्री ने कहा कि इसके पहले भी उनके



विशेष अनुरोध पर बीवी जी रामजी योजना में बिहार के मजदूरों की मजदूरी दर में बढ़ोतरी करते हुए 300 रुपये प्रति दिन किया गया था। अब राज्य संपोषित मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 90 दिन की मजदूरी बीवी जी रामजी योजना से देने संबंधी अनुरोध को स्वीकार करने से मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में गरीबों को अपना आवास पूर्ण कराने में काफी सहूलियत होगी एवं राज्य की तरक्की में चार चांद लगेगा। इससे बिहार की गरीब जनता को अपना पक्का आवास का सपना पूरा होगा एवं अपना जीवन यापन खुशहाली पूर्वक जी सकेंगे। मंत्री श्री कुमार कहा कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तय किए गए विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार के संकल्पित लक्ष्य को प्राप्त करने तथा बिहार को विकसित बनाने में काफी सहायक होगा एवं राज्य संपोषित मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यान्वयन में काफी सहूलियत प्रदान करेगा।

## एमएलसी चुनाव को लेकर जन सुराज ने पांच उम्मीदवारों का किया ऐलान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर जन सुराज पार्टी ने पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। रविवार को जन सुराज के सूत्रधार व बांकीपुर से विधायक प्रशांत किशोर ने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान प्रत्याशियों के नामों का एलान किया। पार्टी ने पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से दिव्या ज्योति, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एसपी राय और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से रवीन्द्र यादव, सारण शिक्षक क्षेत्र से आफाक अहमद और कोसी स्नातक क्षेत्र से रजनीश रंजन को उम्मीदवार बनाया है। बाकी तिरहुत शिक्षक और स्नातक, पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारों की घोषणा अगले तीन-चार दिनों में करने की बात कही है। इस दौरान प्रशांत किशोर ने शिक्षकों को लेकर बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की लड़ाई पिछले कई वर्षों से व्यवस्था के साथ चल रही है। चाहे ट्ठटक के परीक्षा का मामला हो, वेतन मान का मामला हो, गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की संलिप्तता का मामला हो, वित्त रहित-वित्त पोषित संस्थाओं की जो कुव्यवस्था हो उसको लेकर लंबे समय से मांग उठती रही है। शिक्षक समुदाय की जन सुराज से अपेक्षा है कि उनकी जायज मांगों या उनके आंदोलन की मदद के लिए खड़ा हो। शिक्षक समुदाय खुद कई संघों में बंटा है। कोई नियोजित शिक्षक, विद्यालय शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, तो कोई वित्त रहित शिक्षक हैं, सबने अपना अपना संगठन बना रखा है। हम लोगों की एक सोच है कि शिक्षकों की स्थिति तब सुधरेगी जब बिहार में शिक्षा की स्थिति सुधरेगी। इस दौरान कई शिक्षकों से मुलाकात और बात के बाद ये तय किया है कि सभी शिक्षक संगठनों को एक साथ लाकर संघर्ष समिति बनाई जाएगी और उनकी जो 3 प्रमुख मांग है। जिसे जन सुराज आने वाले 2-3 साल तक शिक्षक साथियों के साथ मिलकर काम करेगा।

### चंडीगढ़ से सुपौल जा रही 80 लाख की शराब जब्त

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद अवैध शराब की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। शराब तस्कर लगातार नए-नए तरीकों से दूसरे राज्यों से शराब की खेप बिहार पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में कैमूर जिले के मोहनिया चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई की है। उत्पाद विभाग की टीम ने चेकिंग के दौरान एक मिनी कंटेनर ट्रक को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी में कंटेनर के अंदर भारी मात्रा में शराब की पेटियां छिपाकर रखी मिली। कुल 592 पेटियों में 5310 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान हरियाणा के चरखी गांव निवासी अक्षय कुमार के रूप में हुई है।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हम ने सौंपा 11 लाख का चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में जनप्रतिनिधियों की ओर से आर्थिक सहयोग का सिलसिला शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को अपना एक माह का वेतन 2.70 लाख रुपये राहत कोष में दिया। मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह को उन्होंने चेक सौंपा। इसके बाद हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने रविवार को मुख्यमंत्री राहत कोष में 11 लाख रुपये का चेक सौंपा। लोक सेवक आवास स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर संतोष सुमन ने चेक सौंपा। इस दौरान हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार और पार्टी के विधायक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने हम के प्रतिनिधिमंडल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह राशि आपदा प्रभावित लोगों की सहायता में उपयोगी होगी।




## जदयू के चिकित्सा प्रकोष्ठ ने संगठन का किया विस्तार

### डॉ. प्रकाश वर्मा बने औरंगाबाद जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के चिकित्सा प्रकोष्ठ ने संगठन का विस्तार करते हुए नई टीम की घोषणा की है। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एलबी सिंह ने नवमनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की सूची जारी की। प्रदेश स्तर पर 24 उपाध्यक्ष, 41 महासचिव, एक मुख्यालय महासचिव और 54 सचिव नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही 43 जिलाध्यक्ष और नगर अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में डॉ. एसएन सिन्हा (पटना), श्रीनिवास सिंह (सुपौल), डॉ. मधुरेन्दु पाण्डेय (पटना), डॉ. उमेश कुमार (मधु) (गया), डॉ. प्रणव कुमार (पटना), डॉ. सरोज कुमारी सिन्हा (पटना), डॉ. यूपी गुप्ता (पटना), डॉ. विकास कुमार (औरंगाबाद) और डॉ. अमरनाथ झा (मधुबनी) को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, मुस्तफा कमाल पासा (वैशाली), डॉ. सीबी मिश्रा (सीवान), डॉ. अमित कुमार (पटना), डॉ. आलोक कुमार (कंकड़बाग), डॉ. (कर्नल) शंभू शर्मा (पटना), रवीन्द्र कुमार शर्मा (पटना), डॉ. रमन कुमार झा (सहरसा), डॉ. हरिशंकर चौधरी (पटना) और डॉ. महेश कुमार (पटना) को भी प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। विनोद कुमार जया (गया), डॉ. रोहित कुमार सिंह (सीवान), डॉ. साजिद मुश्ताक (दरभंगा), अवधेश कुमार (सारण), डॉ. प्रदीप कुमार (सीवान) और अशोक कुमार सिंह (समस्तीपुर) को भी प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एलबी सिंह ने चिकित्सा प्रकोष्ठ के 43 जिलाध्यक्ष और नगर अध्यक्षों की सूची भी जारी की है। इसके तहत बगहा में रंजीत चौधरी, पश्चिमी चंपारण में डॉ. नासीर अली, पूर्वी चंपारण में डॉ. श्रीकान्त कुमार, गोपालगंज में हंष कुमार, सीवान में हरदेश्वर सिंह, सारण में डॉ. वीरेन्द्र कुमार सिंह, वैशाली में इन्द्रजीत कुमार राय, मुजफ्फरपुर में डॉ. प्रवीण चन्द्रा, सीतामढ़ी में डॉ. नरेन्द्र शाही और शिवहर में डॉ. रामाशंकर राय को जिम्मेदारी दी गई है। दरभंगा में डॉ. रूही यास्मीन, समस्तीपुर में कृष्ण कुमार, सुपौल में सज्जाद आलम, अररिया में डॉ. ऋषभ राज, मधेपुरा में डॉ. हिमांशु कुमार, सहरसा में प्रो. डॉ. मनोज राणा, पूर्णिया में राजेन्द्र रजक, कटिहार में डॉ. माधव मुरारी सिंह और कटिहार नगर में अभिषेक मिश्रा को जिलाध्यक्ष या नगर अध्यक्ष बनाया गया है। खगड़िया में धीरेन्द्र कुमार, बेगूसराय में डॉ. सुधीर पासवान, भागलपुर में डॉ. अजय कुमार सिंह, नवगछिया में कौशल किशोर, बांका में नागेश्वर प्रसाद, जमुई में दयानन्द यादव उर्फ दरोगी, लखीसराय में नरेश मंडल, शेखपुरा में अवधेश कुमार, नवादा में कौशल किशोर, नालंदा में विपीन कुमार, जहानाबाद में अजय कुमार और गया में बलराम चौधरी को जिम्मेदारी मिली है। औरंगाबाद में डॉ. प्रकाश वर्मा, रोहतास में ताजमुल अंसारी, कैमूर में लक्ष्मण सिंह, बक्सर में सचिन दुबे, भोजपुर में विजय कुमार सिंह, पटना ग्रामीण में शैलेन्द्र कुमार सिंह, पटना महानगर में डॉ. रवि प्रकाश, बाढ़ में मंकेश्वर प्र. महतो, मधुबनी में रामदहिन ठाकुर, किशनगंज में नवीन कुमार मल्लाह, अरवल में विद्यानंद सिंह और मुंगेर में एम. एकबाल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

# राज्य के 1.17 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचा पोषण माह अभियान

## 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर आठ अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बच्चों और माताओं के पोषण को लेकर बिहार में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान जारी है। 9 सितंबर से शुरू हुआ यह अभियान 8 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष अभियान का थीम 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' को बनाया गया है। इसका उद्देश्य पोषण को सिर्फ सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए परिवार और समुदाय की भागीदारी के साथ व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना है। बिहार में पोषण माह का प्रभाव राज्य के सभी 38 जिलों तक पहुंच रहा है। प्रदेश के 1,17,672 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा परिवारों तक पोषण संबंधी संदेश और सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी पोषण माह का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ-साथ विद्यालयों, पंचायतों और घर-परिवार में सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित गतिविधि कैलेंडर के तहत प्रतिदिन कम से कम पांच गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। स्थानीय जरूरतों और क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुसार अतिरिक्त गतिविधियां भी आयोजित की जा सकती हैं। आयोजित गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रतिदिन का आंकड़ा जन-आंदोलन डैशबोर्ड पर अपलोड किया जा रहा है। पोषण माह के दौरान आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताजा एवं गर्म पका भोजन (एचसीएम), सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही, बाल विकास के लिए पोषण एवं प्रारंभिक उद्दीपन तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके तहत बच्चों एवं परिवारों को संतुलित व पौष्टिक आहार, स्थानीय खाद्य पदार्थों के उपयोग, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, बच्चों के प्रारंभिक विकास तथा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और उपलब्ध सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बिहार में समुदाय आधारित संस्थाओं के माध्यम से भी पोषण संदेश को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। जेईवीआईकेए के स्तर पर स्वयं सहायता समूहों की बैठकों में संतुलित आहार, स्थानीय मोटे अनाज, एनीमिया से बचाव, स्तनपान, ऊपरी आहार और स्वच्छता जैसे विषयों पर चर्चा की जा रही है। गांवों में पोषण रैली, प्रभातफेरी, आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ समन्वय बैठक तथा पोषण वाटिका जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

**व्यवहार परिवर्तन बनेगा अभियान का आधार**

समाज कल्याण विभाग के अनुसार पोषण माह का जोर केवल एक माह तक कार्यक्रम आयोजित करने पर नहीं, बल्कि परिवारों के खान-पान और स्वास्थ्य व्यवहार में स्थायी बदलाव लाने पर है। बच्चों की नियमित वृद्धि निगरानी, संतुलित आहार, स्तनपान, पूरक आहार, स्वच्छता, मातृ पोषण और प्रारंभिक बाल विकास जैसे विषयों पर लगातार जागरूकता पैदा की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर पिछले पोषण माह अभियानों के जरिए मातृ पोषण, शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार, वृद्धि निगरानी और स्वच्छता संबंधी व्यवहार में सुधार के लिए जनभागीदारी को बढ़ाया गया है।

## वरिष्ठ पत्रकार पायल मेहता के निधन पर जताया शोक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार पायल मेहता के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पायल मेहता एक बेहद जुझारू, निष्पक्ष और कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार थीं जिन्होंने अपनी मुखर और पारदर्शी रिपोर्टिंग से पत्रकारिता जगत में एक विशिष्ट पहचान बनाई थी। उनके निधन से पत्रकारिता के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक-संतप्त परिजनों, शुभचिंतकों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस विकट घड़ी में संबल और धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

## केपटाउन से सिडनी पहुंचे बिहार विधान सभाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार का स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के बाद अपने अध्ययन दौरे के क्रम में दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन से ऑस्ट्रेलिया के सिडनी पहुंचे। 69वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन केपटाउन में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न देशों और विधानमंडलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सिडनी पहुंचने पर भारतीय राजनयिक अधिकारियों तथा ऑस्ट्रेलिया में रह रहे अप्रवासी बिहारियों ने डॉ. प्रेम कुमार का स्वागत एवं अभिनंदन किया। अध्ययन दौरे के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ऑस्ट्रेलिया के विभिन्न संस्थानों का अवलोकन करेंगे। इस दौरान वे संबंधित अधिकारियों, अप्रवासी भारतीयों तथा बिहारियों के साथ संवाद भी करेंगे। दौरे का उद्देश्य विभिन्न संस्थानों की कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं और अनुभवों को समझना तथा संबंधित लोगों के साथ संवाद के माध्यम से जानकारी प्राप्त करना है। बिहार विधान सभा के अनुसार, डॉ. प्रेम कुमार के अध्ययन दौरे में ऑस्ट्रेलिया में विभिन्न संस्थानों का भ्रमण और वहां के अधिकारियों तथा अप्रवासी भारतीयों-बिहारियों के साथ संवाद प्रमुख कार्यक्रम हैं।

# दक्षिण पूर्व रेलवे में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए विशेष अभियान

## 24,033 पानी की टंकियों में से 14,248 की हुई जांच और सफाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता, गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण, सफाई, परीक्षण और आवश्यक सुधार कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत सभी रेलखंडों में जलस्रोतों, जल शोधन एवं निस्यंदन संयंत्रों, भूमिगत और ऊपरी जल टंकियों, पीवीसी टंकियों, वाटर बूथ, नलों और जल वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। 24,033 पानी की टंकियों में से 14,248 यानी 59.23 प्रतिशत टंकियों की जांच एवं आवश्यक रखरखाव किया जा चुका है। जलापूर्ति ढांचे में कमियों को दूर करने के लिए 167 स्थान चिह्नित किए गए हैं। इनमें 39 स्थानों पर क्षतिग्रस्त पानी की टंकियों, पाइपलाइन और फिल्टर को प्राथमिकता के आधार पर बदला जा रहा है, जबकि 33 स्थानों पर कार्य प्रगति पर है। वहीं 81 स्थानों की पाइपलाइनों की मरम्मत या प्रतिस्थापन का कार्य पूरा किया जा चुका है। जल निस्यंदन व्यवस्था को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है। रेलवे क्षेत्र में उपलब्ध 55 प्रेशर और ग्रेविटी फिल्टर में से 52 की सफाई एवं आवश्यक रखरखाव किया गया है। फिल्टरों में जमा गंदगी और अशुद्धियों को हटाने के साथ खराब उपकरणों को बदला गया तथा उनकी कार्यक्षमता की जांच की गई। रेलवे के 63 क्लोरीनेशन संयंत्रों पर भी आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली गई है। क्लोरीनेशन व्यवस्था और संबंधित उपकरणों की जांच कर पानी में क्लोरीन की मात्रा आवश्यकतानुसार नियंत्रित की गई। पानी के कूलर और शुद्धिकरण इकाइयों के रखरखाव के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध लागू है। जल टंकियों की निर्धारित सफाई और रखरखाव हर महीने किया जा रहा है। कूलर, नल और फिटिंग में रिसाव को तत्काल दूर कर पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के समन्वय से जल गुणवत्ता की निगरानी भी जारी है। निर्धारित मानकों के तहत अवशिष्ट क्लोरीन के 1,561, जीवाणु परीक्षण के 283 और रासायनिक परीक्षण के 21 नमूने लिए गए हैं। जलस्रोत, शोधन संयंत्र, पाइपलाइन, हैंडपंप और बोरवेल सहित पूरी जलापूर्ति व्यवस्था की लगातार जांच की जा रही है तथा कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है।

## 28 से 30 सितंबर तक बैंक हड़ताल का प्रस्ताव, एसबीआई ने ग्राहकों के लिए जारी की जरूरी सूचना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 28 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक तीन दिनों की हड़ताल का प्रस्ताव दिया है। इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए जरूरी सूचना जारी की है। एसबीआई ने बताया कि हड़ताल की अवधि के दौरान भी आवश्यक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही ग्राहकों से अपील की गई है कि वे असुविधा से बचने के लिए जरूरी बैंकिंग लेनदेन हड़ताल की तारीखों से पहले ही पूरा कर लें। बैंक ने ग्राहकों को नकदी की जरूरतों के लिए एटीएम/एडीडब्ल्यूएम का इस्तेमाल करने तथा इंटरनेट बैंकिंग, योनो, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और अन्य डिजिटल माध्यमों से बैंकिंग सेवाओं का लाभ लेने की सलाह दी है। जरूरत पड़ने पर ग्राहक ग्राहक सेवा केंद्र का भी उपयोग कर सकते हैं। एसबीआई ने संभावित असुविधा के लिए ग्राहकों से खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है।

# बिहार में सेमीकंडक्टर व हाईटेक उद्योग में बूम, ताइवान और दक्षिण कोरिया की कंपनियां इच्छुक

## बिहार में उद्योग के लिए ग्लोबल कंपनियों का बढ़ता आकर्षण, ताइवान और दक्षिण कोरिया सबसे आगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की पहचान अब हाई-टेक हब के रूप में उभर रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह के नेतृत्व में यहां औद्योगिक विकास का नया अध्याय जुड़ रहा है। राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का ही नतीजा है कि अब ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसी दुनिया की बड़ी टेक-पावर कंपनियां बिहार में अपना भविष्य देख रही हैं। सेमीकंडक्टर, आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी भविष्य की तकनीकों के लिए ग्लोबल कंपनियां बिहार आने को तैयार हैं। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने दिल्ली में आयोजित सेमीकॉन इंडिया 2026 में कहा कि बिहार में टेक्नोलॉजी आधारित उद्योग के लिए भी अपार संभावनाएं मौजूद है। विश्वस्तर पर भी इसकी पहचान हो रही है जिससे आने वाले दिनों में बिहार सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनेगा। बिहार की उद्योग संबंधी सोच उसकी सेमीकंडक्टर, आईटी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर(जीसीसी) नीतियों में साफ झलकती है। सरकार हाई-टेक प्लेटफॉर्म और आधुनिक विनिर्माण इकाइयों को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। खासतौर पर सेमीकंडक्टर फैब (फैब्रिकेशन फैसिलिटी), असेंबलिंग और डिजाइन यूनिट स्थापित करने पर फोकस है। इसके लिए यहां मजबूत इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। बोधगया में 1700 एकड़ में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और वैशाली के राजापाकर में इलेक्ट्रॉनिक सिटी जैसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। यह कदम बिहार को देश के सेमीकंडक्टर मैप पर मजबूती से स्थापित करेगा। साथ ही भविष्य के उद्योग लगने से लाखों युवाओं को हाई-स्किल नौकरियां मिलेगी और तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मेघना गर्ग के नेतृत्व में अखिल भारतीय ड्राईंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा मेघना गर्ग के नेतृत्व में ऑल इंडिया ऑन द स्पॉट ड्राईंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हाजीपुर मुख्यालय के दो परीक्षा केन्द्रों एवं महेन्द्रूघाट, पटना के एक परीक्षा केंद्र पर किया गया। आयोजन के अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्षा पूनम श्रीवास्तव, उप सचिव प्रियंका सिंह एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं। इस प्रतियोगिता में रेलवे कर्मचारियों के 255 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला कल्याण संगठन की इस पहल का उद्देश्य बच्चों में कलात्मक क्षमता, रचनात्मकता और प्रतियोगी भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की ओर से बच्चों को फ्रुटी, चिप्स, बिस्किट, चॉकलेट के साथ डाम्स कलर सेट बॉक्स उपहार स्वरूप वितरित किया गया।

# बिहार भ्रमण को पहुंचा थाईलैंड का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल

## बोधगया में भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली पर आध्यात्मिक अनुभूति से अभिभूत प्रतिनिधिमंडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित फैम टूर ऑफ लोटस ट्रायंगल–ट्रैवल टू लैंड ऑफ एनलाइटनमेंट के अंतर्गत बिहार भ्रमण को थाईलैंड से आए 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को बोधगया स्थित विश्वप्रसिद्ध महाबोधि मंदिर का दर्शन किया। पवित्र बौद्ध परिपथ की यात्रा पर आए प्रतिनिधिमंडल ने महाबोधि मंदिर में प्रार्थना कर भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली का आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए विश्व का प्रमुख तीर्थस्थल और आध्यात्मिक केंद्र है। प्रतिनिधिमंडल के



सदस्यों ने उस पवित्र स्थल पर पहुंचकर श्रद्धा व्यक्त की जहां भगवान बुद्ध ने बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया था। सदियों से चली आ रही श्रद्धा, शांति और करुणा की अनुभूति ने थाई अतिथियों को गहराई से प्रभावित किया। उदयन मिश्रा, विशेष सचिव सह पर्यटन निदेशक ने बताया कि राज्य में बौद्ध परिपथ से जुड़े स्थलों के विकास, प्रचार-प्रसार और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। थाईलैंड से आए प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा बिहार की बौद्ध विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने तथा भारत-थाईलैंड के पर्यटन एवं सांस्कृतिक संबंधों को नई गति देने में सहायक होगा।

इस अवसर पर थाई प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि बोधगया की यात्रा उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है। भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली पर उपस्थित होना उनके लिए आध्यात्मिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण और भावनात्मक क्षण रहा। महाबोधि मंदिर परिसर की शांति और आध्यात्मिक वातावरण ने उन्हें विशेष रूप से आकर्षित किया। प्रतिनिधिमंडल ने बोधगया में डुंगेश्वरी पहाड़ी, सुजाता मंदिर और सुजाता स्तूप का भी भ्रमण किया। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने थाई मंदिर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संग्रहालय तथा 80 फीट ऊंची बुद्ध प्रतिमा का अवलोकन किया। बिहार पर्यटन विभाग द्वारा तैयार कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के बौद्ध, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को परिचित कराना है।

## शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए चार अक्टूबर से पोर्टल पर लिए जाएंगे आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के शिक्षकों का सामान्य स्थानांतरण के लिए अब 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लिये जाएंगे। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने आवेदन लेने के लिए तिथि निर्धारित कर दिया है। विदित हो कि बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के तहत शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 सितंबर से करने के लिए तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन राज्य में बाढ़ आने के कारण शिक्षा विभाग ने तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग ने बाढ़ की गंभीर स्थिति और प्राकृतिक आपदा को देखते हुए यह निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग ने संशोधित समय-सारणी जारी किया है जिसमें समायोजन एवं पारस्परिक स्थानांतरण के बाद सामान्य स्थानांतरण के लिए संशोधित विद्यालयवार रिक्तियों का प्रकाशन 1 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके बाद शिक्षक 4 से 10 अक्टूबर तक अपनी वरीयता के अनुसार विद्यालयों का विकल्प चुनकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद सामान्य स्थानांतरण की सूची के प्रकाशन, अपील और अपीलों के निष्पादन की प्रक्रिया 12 अक्टूबर से 18 नवंबर तक पूरी की जाएगी।

# दिव्यांगजनों के जीवन को सहज और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सेवा कार्य प्रेरणादायी : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल में आयोजित 197वें पोलियो एवं करेक्टिव शल्य चिकित्सा तथा कृत्रिम उपकरण वितरण समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उनका हाल जाना तथा उनके अनुभवों को सुना। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा और समर्पण के अवसर के रूप में मनाया जा रहा है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही वास्तविक सेवा है। दिव्यांगजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा, आवश्यक कृत्रिम उपकरण और आत्मनिर्भर बनने के अवसर उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'दिव्यांगमुक्त बिहार' के संकल्प के साथ पद्मश्री डॉ. विमल जैन एवं देशवंधु गुप्ता द्वारा वर्षों से किए जा रहे सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय है। पोलियो एवं अन्य शारीरिक समस्याओं से प्रभावित लोगों के लिए शल्य चिकित्सा और कृत्रिम उपकरण उपलब्ध कराने का कार्य उनके जीवन को अधिक सहज और सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सेवा का यह भाव समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को मजबूत करता है।

## संचार कौशल विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए द लैंग्वेज लैब की सुलेखा ठाकुर सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्पोकन इंग्लिश एवं संचार कौशल विकास के क्षेत्र में कार्यरत संस्था द लैंग्वेज लैब की सह निदेशक सुलेखा ठाकुर को महिलाओं के संचार कौशल विकास की दिशा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बिहार महिला विकास आयोग के 25वें रजत जयंती समारोह के अवसर पर बापू सभागार, गांधी मैदान में आयोजित समारोह में आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने सुलेखा ठाकुर को सम्मानित किया। समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सहित कई मंत्री एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वित्तरहित शिक्षकों के समर्थन में धरनास्थल पहुंचे राजेश राम, सरकारीकरण, वेतन और पेंशन की उठाई मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम वित्त रहित शिक्षकों एवं अन्य धरनार्थियों के समर्थन में गर्दनीबाग धरना स्थल पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने वित्त रहित शिक्षकों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि राज्य सरकार को वित्त रहित कॉलेजों के सरकारीकरण, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को वेतनमान तथा पेंशन की सुविधा देने की दिशा में तत्काल ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से वित्त रहित शिक्षक और कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इन शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कांग्रेस पार्टी वित्त रहित शिक्षकों एवं कर्मचारियों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि धरनार्थियों की मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के साथ सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय यादव एवं पंकज यादव , असित नाथ तिवारी, अमित कुमार मौजूद थे।

# पैनकार्डिया हार्ट हॉस्पिटल में नए कैथ लैब का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कंकड़बाग स्थित पैनकार्डिया हार्ट हॉस्पिटल एंड मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक नए कैथ लैब का शुभारंभ किया गया। कैथ लैब का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. सी पी ठाकुर, विशिष्ट अतिथि आईजीआईसी के निदेशक डॉ. सुनील कुमार, पूर्व निदेशक डॉ. एस एस चटर्जी, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सीनियर हार्ट सर्जन डॉ. संतोष पांडेय, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुरुचि पांडेय, सीनियर इंटर्न कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कुशाल विक्रम एवं निदेशक डॉ. राजू कुमार सहित चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. सी पी ठाकुर ने कहा कि हृदय रोग आज एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौती है। ऐसे में आधुनिक तकनीक और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं को लोगों के करीब उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है।

## मुंबई में 27 सितंबर को होगा 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवार्ड शो 2026', डॉ. आनंद रंजन झा होंगे सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली/पटना।** शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों से सक्रिय योगदान देने वाले डॉ. आनंद रंजन झा को मुंबई में आयोजित 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टिट्यूट अवार्ड शो 2026' में सम्मानित किया जाएगा। 27 सितंबर 2026 को मुंबई में आयोजित इस भव्य अवॉर्ड शो में डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल लिटरेसी, स्किल डेवलपमेंट एवं विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें चर्चित मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा, मोटिवेशनल स्पीकर शशिश कुमार तिवारी तथा हैलो डिजिटल इंडिया के निदेशक अमजद साठे द्वारा




सम्मानित किए जाने की जानकारी है। डॉ. आनंद रंजन झा जंदाहा में 'कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी' नामक संस्थान का संचालन करते हैं। पिछले करीब दो दशकों से उनका संस्थान युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और रोजगारपरक कौशल से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसके साथ ही वे विभिन्न कल्याणकारी एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में शिक्षा और कौशल के महत्व को बढ़ावा देने का प्रयास करते रहे हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि 'यह सम्मान मेरे लिए व्यक्तिगत उपलब्धि से अधिक उन युवाओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो शिक्षा एवं कौशल के माध्यम से अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं।'

## पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक्स पर चला अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के शिक्षकों की प्रमुख मांगों को लेकर परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर विशेष कैंपेन चलाया। अभियान के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान शिक्षकों की दो प्रमुख मांगों–7वें वेतनमान के अनुरूप पूर्ण वेतनमान लागू करने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने–की ओर आकर्षित किया गया। कैंपेन के दौरान मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को टैग करते हुए शिक्षकों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया गया। एक्स पर चलाए गए इस अभियान में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षकों ने पोस्ट को साझा करने, अपनी प्रतिक्रियाएं देने और संबंधित हैशटैग के माध्यम से अपनी मांगों को सामने रखने का काम किया।

### एमएलसी चुनाव को लेकर जन सुराज समर्थित पांच उम्मीदवारों की घोषणा

## जीतें तो 7वां वेतनामान कराएंगे लागू : प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर जन सुराज पार्टी समर्थित 5 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। रविवार को जन सुराज के सूत्रधार व बांकीपुर से विधायक प्रशांत किशोर ने पाटलिपुत्रा कॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया। पार्टी ने पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से दिव्या ज्योति, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एसपी राय और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से रवीन्द्र यादव, सारण शिक्षक क्षेत्र से आफाक अहमद और कोसी स्नातक क्षेत्र से रजनीश रंजन को उम्मीदवार बनाया है। बाकी तिरहुत शिक्षक और स्नातक, पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारों की घोषणा अगले तीन-चार दिनों में करने की बात कही है। इस दौरान प्रशांत किशोर ने शिक्षकों को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की लड़ाई पिछले कई सालों से व्यवस्था के साथ चल रही है। चाहे टीआरइ के परीक्षा का मामला हो, वेतन मान का मामला हो, गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की संलिप्तता का मामला हो, वित्त रहित-वित्त पोषित संस्थाओं की जो कुव्यवस्था हो उसको लेकर लंबे समय से मांग उठती रही है। शिक्षक समुदाय की जन सुराज से अपेक्षा है कि उनकी जायज मांगों या उनके आंदोलन की मदद के लिए खड़ा हो। शिक्षक समुदाय खुद कई संघों में बंटा है। कोई नियोजित शिक्षक, विद्यालय शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, तो कोई वित्त रहित शिक्षक हैं, सबने अपना-अपना संगठन बना रखा है। हम लोगों की एक सोच है कि शिक्षकों की स्थिति तब सुधरेगी जब बिहार में शिक्षा की स्थिति सुधरेगी।

# रोहतास में विकास योजनाओं को रफ्तार, हजारों योजनाएं पूरी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। स्थानीय उर्वशी होटल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में राज्य के योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने पत्रकारों को बताया कि जिले में योजना एवं विकास विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से करोड़ों की योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक कुल 13308.74 लाख की लागत से 3390 योजनाएं ली गईं जिनमें से 3365 पूर्ण हो चुकी है और 25 प्रगति पर है। वहीं वर्ष 2026-27 के लिए 1364.16 लाख की लागत से 402 योजनाओं में से 250 पूर्ण और 152 पर कार्य चल रहा है। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत ई साक्षी पोर्टल के माध्यम से वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक 1098.78 लाख की लागत से 292 योजनाएं ली गईं जिनमें से 216 पूर्ण और 76 प्रगति पर हैं। विकसित बिहार के 7 निश्चय के तहत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में जिले के 17945 छात्रों को 6 अरब 14 करोड़ 09 लाख 44 हजार 522 रुपये का शिक्षा ऋण स्वीकृत हुआ है। मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना में 32249 युवक-युवतियों को रोजगार तलाशने के लिए 1000 रुपये प्रतिमाह और कुशल युवा कार्यक्रम में 1,34,648 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिनमें से 1,34,213 प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक और धार्मिक स्थलों के लिए कब्रिस्तान घेराबंदी में 1089.97 लाख की 74 में से 73 योजनाएं और मंदिर घेराबंदी में 417.36 लाख की 30 में से 24 योजनाएं पूर्ण हैं। महादलित विकास मिशन के तहत सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड की 105 योजनाओं में से 79 पूरी हो चुकी है। पंचायत सरकार भवन निर्माण में 10181.61 लाख की 65 में से 43 पूर्ण और 22 प्रगति पर, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण में 420 लाख की 35 योजनाएं और शिक्षा विभाग के तहत विद्यालयों में 2138.53 लाख की 571 में से 389 योजनाएं पूर्ण हैं। पर्यटन विभाग के समन्वय से 472.75 लाख की 3 योजनाओं में से 2 पूरी हैं। कृषि क्षेत्र में 2025-26 में रबी गेहूं की 245 पंचायतों में 1225 कटनी प्रयोग, चारों मौसम की फसल भूमि का विवरण और 19 प्रखंडों में वर्षामापक यंत्रों से वर्षा डेटा का संग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि राज्य के पास धन की कमी नहीं है। पत्रकार वार्ता में उनके साथ जद यू प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह, जदयू के वरीय कार्यकर्ता प्रमोद महतो, अनिता देवी, शोभा चन्द्रवंशी, दीपक शर्मा, अनुज कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कार्यपालक अधिकारी ने 13 वार्डों का किया निरीक्षण

# नगरवासियों की समस्याएं सुनीं, जल्द समाधान का दिया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रोहतास।** रोहतास नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक भारती ने शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 13 वार्डों का भ्रमण कर विभिन्न समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डों में पहुंचकर स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। नगरवासियों ने कार्यपालक अधिकारी के समक्ष गली, नाली, जलजमाव, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट समेत अन्य समस्याओं को रखा। अधिकारी ने संबंधित समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनके समाधान को लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया। कार्यपालक अधिकारी अभिषेक भारती ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 13 वार्डों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित कर्मियों और अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों के वार्ड पार्षद, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तोराब नियाजी सहित नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। कार्यपालक अधिकारी के इस भ्रमण से स्थानीय लोगों में समस्याओं के शीघ्र समाधान की उम्मीद जगी है।

# जिउतिया चार अक्टूबर को माताएं रखेंगी निर्जला व्रत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना से जुड़े महापर्व जीवित्पुत्रिका यानी जिउतिया व्रत की तिथियों को लेकर विद्वान आचार्यों ने सर्वसम्मति से शास्त्रसम्मत घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ, पंजीयन संख्या एस/4205 दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष जिउतिया का तीन दिवसीय अनुष्ठान 3 अक्टूबर से शुरू होगा। विज्ञप्ति में बताया गया है कि 3 अक्टूबर 2026, शनिवार को नहाय-खाय के साथ पर्व का शुभारंभ होगा, 4 अक्टूबर 2026, रविवार को माताएं संतान की लंबी उम्र और मंगलमय जीवन के लिए मुख्य जीवित्पुत्रिका निर्जला व्रत रखेंगी और 5 अक्टूबर 2026, सोमवार को विधि-विधान के साथ व्रत का पारण किया जाएगा। आचार्यों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं और व्रती माताओं से इसी निर्धारित तिथि के अनुसार पर्व मनाने का आग्रह किया है। जिउतिया व्रत भारतीय सनातन परंपरा में मातृत्व की अटूट आस्था, त्याग और ममता का प्रतीक माना जाता है जिसमें माताएं पूरे दिन बिना जल ग्रहण किए कठोर निर्जला उपवास रखकर अपने पुत्र-पुत्रियों के आरोग्य, सुख और दीर्घ जीवन की प्रार्थना करती हैं। संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करने वाले आचार्यों में आचार्य विश्वनाथ पाण्डेय, आचार्य फणींद्र त्रिपाठी, आचार्य गोविन्द मिश्रा, आचार्य कृष्णा मिश्रा, आचार्य दशरथ मिश्रा, आचार्य रविकांत तिवारी, आचार्य अजय तिवारी, आचार्य प्रदीप मिश्रा, पं. दिवाकर शास्त्री एवं आचार्य रमाकांत पाठक शामिल हैं जिन्होंने श्रद्धालुओं से पर्व को पूरी श्रद्धा, पवित्रता और परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार मनाने की अपील की है।

# सच्चा खिलाड़ी वही जो मंजिल प्राप्त करने के लिए करे संघर्ष : मंत्री श्रेयसी सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** खेल एवं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है एक सच्चा खिलाड़ी वही है जो अपनी मंजिल को प्राप्त करने तक लगातार संघर्ष करता है। उतार चढ़ाव जीवन की सामान्य प्रकिया है। इससे कभी घबराना नहीं चाहिए। खेल मंत्री रोहतास जिले के जमुहार में सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका वर्ग बास्केट बाल प्रतियोगिता का उद्घाटन कर रही थी। उन्होंने कहा कि नारायण वर्ल्ड स्कूल की मेजबानी में बिहार की धरती पर इस प्रकार का आयोजन अत्यंत गर्व का विषय है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद एवं गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि हमारे लिए है यह गर्व का विषय है कि भारत और भारत के अलावा चार अन्य देशों के खिलाड़ी यहां खेलने आए हैं और उनका सेवा का अवसर हमें प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने देशभर से आए खिलाड़ियों का स्वागत किया एवं उन्हें किसी प्रकार की कोई तकलीफ न हो उसके लिए आश्वस्त किया। उद्घाटन समारोह को नवीनगर के विधायक चेतन आनंद ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में वंदे मातरम गायन के बाद विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह ने सभी आगत अतिथियों, सीबीएसई के अधिकारियों, खिलाड़ियों एवं विश्वविद्यालय आयोजन समिति तथा उपस्थित शिक्षक एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन नारायण वर्ल्ड स्कूल की निदेशक डॉ मोनिका सिंह ने किया। उल्लेखनीय है कि देशभर की 65 से अधिक टीमें और 700 से अधिक बालिका खिलाड़ी गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में पहुंच चुकी है जहां कल सुबह से ही बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भिड़ंत होगा। इस आयोजन में कतर, ओमान, सऊदी अरब एवं संयुक्त अरब अमीरात से भी आठ टीमें भाग ले रही है।

# महिला से चैन छिनतई, कोढ़ा गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में चेन छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले कथित कोढ़ा गैंग के एक सदस्य को डिहरी मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि पुलिस घटना रविवार सुबह सुअरा मोड़ के पास की है। बताया गया कि मनौरा की रहने वाली एक महिला से पहलेजा के समीप चेन छीनकर दो युवक मोटरसाइकिल से भाग रहे थे। इसी दौरान सुअरा गांव के पास दो बाइक अपराधी एक पीछे बैठा एक अपराधी युवक चैन छिनतई के दौरान गिर गया जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक के पास से छीनी गई चेन भी बरामद की गई है। गिरफ्तार युवक की पहचान मुन्ना कुमार, पिता राजेश यादव, निवासी कोढ़ा, जिला कटिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पूछताछ में पता चला कि घटना में दो युवक शामिल थे। मुन्ना कुमार के गिरकर घायल होने के बाद उसका साथी मोटरसाइकिल लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का इलाज कराने के बाद उससे पूछताछ की, लेकिन वह घटना में शामिल दूसरे व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी देने को तैयार नहीं है। थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि कोढ़ा क्षेत्र से जुड़े चेन छिनतई गिरोह के सदस्य जिले में सक्रिय हैं और अलग-अलग स्थानों पर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

# निजी स्कूल के संचालकों और प्राचार्यों को दी गई अग्नि सुरक्षा की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** निजी स्कूलों के संचालकों और प्राचार्यों के लिए अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बिक्रमगंज के डुमरांव रोड में एक निजी विद्यालय में किया गया जिसमें अग्निशमन विभाग की टीम ने आग से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों की विस्तृत जानकारी दी। अग्निशमन पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पहुंचे अधिकारियों ने कहा कि स्कूलों में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे और शिक्षक मौजूद रहते हैं, ऐसे में आग लगने जैसी किसी भी आपात स्थिति में यदि समय पर सही कदम उठाए जाएं तो जान-माल के बड़े नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने सभी स्कूल प्रबंधनों को अपने-अपने परिसर में पर्याप्त संख्या में आग बुझाने वाले यंत्र लगवाने, उनकी नियमित जांच और रखरखाव सुनिश्चित करने तथा जिम्मेदार कर्मचारियों को उनके सही इस्तेमाल की पूरी ट्रेनिंग देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि स्कूलों में बिजली के तारों, स्विच बोर्ड और अन्य विद्युत उपकरणों की समय-समय पर तकनीकी जांच कराई जाए और अग्नि सुरक्षा के सभी सरकारी नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि सिर्फ अग्निशमन यंत्र लगा देना ही काफी नहीं है बल्कि संकट के समय उनका उपयोग कैसे करना है। यह जानकारी होना उससे भी ज्यादा जरूरी है, इसलिए प्रत्येक स्कूल में समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन अनिवार्य रूप से होना चाहिए जिससे बच्चों और शिक्षकों को आग लगने पर बचाव के तरीकों की प्रैक्टिकल जानकारी मिल सके और वे घबराहट के बजाय सूझबूझ से काम ले सकें। उन्होंने यह भी बताया कि इमरजेंसी में बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए निकास द्वार और गलियारे हमेशा साफ और अवरोध मुक्त रहने चाहिए। इस दौरान उपस्थित संचालकों और प्राचार्यों ने अग्नि सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने समाधान बताया।

# सरस्वती ज्ञान मंदिर योजना के प्रशिक्षण शिविर में 300 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** देश भक्त लोक कल्याण समिति, काशी मंडल के तत्वावधान में सरस्वती ज्ञान मंदिर योजना का एकदिवसीय आचार्य-प्रधानाचार्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में रोहतास, औरंगाबाद, के करीब 30 से 35 विद्यालयों से लगभग 250 से 300 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चले प्रशिक्षण में विद्यालय संचालन एवं प्रभावी शिक्षण पद्धति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षकों को विद्यालय में प्रवेश करने से लेकर छुट्टी की घंटी तक की कार्यप्रणाली, कक्षा में पढ़ाने के तरीके, बच्चों के साथ व्यवहार तथा कक्षा को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही 5क मॉडल सहित शिक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों एवं तकनीकों को भी समझाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संभाग प्रमुख शिव नारायण जी, क्षेत्रीय प्रबंधक ओंकार नाथ तिवारी, विभाग प्रबंधक महावीर गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज सिंह , निरंजन , गणेश, सतेन्द्र , अमित, संतन, मनोज , शशिभूषण एवं अमरजीत , प्रधानाचार्य ऊषा शुक्ला, प्रधानाचार्य पप्पू कुमार, रागिनी एवं अंजनी तथा समस्त आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान हरनाचिति विद्यालय की छात्राओं सृष्टि और खुशी ने नृत्य एवं स्वागत प्रस्तुति दी।

# पेंशनर समाज की बैठक में आय-व्यय की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा डिहरी-आन-सोन की बैठक रविवार को मोहन बिगहा स्थित कार्यालय में शाखा अध्यक्ष शिवजग प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों, पेंशनधारियों की समस्याओं तथा उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान पिछले तीन माह के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया जिसकी समीक्षा के बाद सदस्यों ने सर्वसम्मति से उसे पारित कर दिया। संगठन को और मजबूत बनाने के लिए अभियान चलाकर अधिक से अधिक नये सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। विशेष रूप से 85 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पेंशनधारियों को पेंशन में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रावधान होने के बावजूद कई बैंकों द्वारा इसका लाभ नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया गया। सदस्यों ने कहा कि इस सुविधा के लिए बुजुर्ग पेंशनधारियों को बार-बार बैंकों का चक्कर लगाना पड़ता है जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। समस्या के समाधान के लिए विभिन्न बैंकों के प्रबंधकों से बातचीत करने तथा पेंशनधारियों को नियमानुसार सुविधा दिलाने के लिए शाखा सचिव बंधन चौधरी को अधिकृत किया गया। बैठक में संगठन की ओर से पेंशनधारियों के हितों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर उठाने पर भी सहमति बनी। बैठक में भोला सिंह, लक्ष्मण सिंह, राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, छठ्ठू शर्मा, रामराज प्रसाद, राजबली सिंह, अरविन्द कुमार, अशोक कुमार सिंह, भरत सिंह, अशोक कुमार, कामेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार, रामबाबू पंडित सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जांच के नाम पर शिक्षक को प्रताड़ित किए जाने का आरोप

## बार-बार प्रमाण-पत्र मांगना न्यायालय की अवमानना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रोहतास।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में पदस्थापित शिक्षक मैकू राम के एसटीईटी 2011 प्रमाण-पत्र को लेकर वर्ष 2014 से लगातार की जा रही शिकायतों और जांच का सिलसिला जारी है। उपलब्ध जांच एवं प्रशासनिक कार्रवाई के अनुसार विभिन्न स्तरों पर हुई कई जांच और सत्यापन में प्रमाण-पत्र को लेकर लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई और मैकू राम को लगातार क्लीन चिट मिलती रही। मामला जिला स्तर से आगे बढ़कर लोकायुक्त बिहार, पटना, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, जिला पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के स्तर तक जांच एवं समीक्षा का विषय बना। इस बीच मंडलीय आयुक्त पटना न्यायालय की ओर से भी मामले को संचिकास्त करने का निर्देश दिया गया। प्रकरण में महत्वपूर्ण मोड़ निदेशक माध्यमिक शिक्षा के पत्रांक 922, दिनांक 12 अप्रैल 2023 से आया। पत्र में पूर्व में लोकायुक्त बिहार, पटना के स्तर पर मामले के निस्तारण और आदेश के बाद मैकू राम का प्रमाण-पत्र बार-बार मांगे जाने पर गंभीर टिप्पणी की गई। निदेशक ने स्पष्ट किया कि लोकायुक्त के आदेश के बाद बार-बार प्रमाण-पत्र मांगना न्यायालय की अवमानना की स्थिति उत्पन्न कर सकता है और इसके लिए संबंधित पदाधिकारी जिम्मेदार होंगे। पत्र में यह भी कहा गया कि यदि इस विषय पर कोई व्यक्ति बार-बार शिकायत करता है तो उसे लोकायुक्त के आदेश की प्रति दी जा सकती है। इसके बावजूद उसी विषय को लेकर शिकायत अथवा जांच किए जाने से पूर्व की जांचों और सक्षम प्राधिकारियों के आदेशों के अनुपालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मैकू राम का कहना है कि वह दलित परिवार से आते हैं और उन्हें जानबूझकर परेशान करने के उद्देश्य से शिकायतें की जाती हैं, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। उन्होंने इस संबंध में बिहार एससी-एसटी आयोग, पटना को भी पत्र भेजा है, जिस पर आयोग ने संज्ञान लिया है। मैकू राम ने कहा कि वह मानहानि का वाद न्यायालय में दायर करेंगे। उनका कहना है कि अंततः न्यायालय से भी उन्हें राहत मिली है।

# छठ घाट पर धार्मिक आयोजनों की तैयारी, 24 सितंबर से होगी भागवत कथा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** सूर्यपुरा स्थित छठ घाट पर आने वाले धार्मिक आयोजनों को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। छठ घाट परिसर में साफ-सफाई का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष विजय सिंह की देखरेख में घाट परिसर और उसके आसपास के इलाकों की सफाई कराई जा रही है। समिति द्वारा बताया गया कि यहां 24 सितंबर से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है जिसके लिए घाट को साफ और व्यवस्थित किया जा रहा है, श्रीमद्भागवत कथा के साथ ही परिसर में मेले का भी आयोजन होगा जिसमें बड़े-बड़े चरखे और झूले लगेंगे, इसके बाद इसी परिसर में दुर्गा पूजा मेले के अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, वहीं आने वाली छठ पूजा को देखते हुए भी अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। सूर्यपुरा और आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा करने के लिए इसी घाट पर आते हैं। भीड़ को देखते हुए घाट को पहले से ही साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। छठ घाट पर साफ-सफाई का काम लगातार जारी है। इस काम में छठ पूजा समिति की पूरी टीम के साथ-साथ अशोक पांडेय और संतोष खरवार भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा आयोजन की टीम भी सफाई और व्यवस्था को ठीक करने में लगी हुई है। समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने आम लोगों से अपील की है कि वे छठ घाट परिसर में कूड़ा-कचरा न फेंकें और साफ-सफाई बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पूजा और धार्मिक आयोजनों के दौरान यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। ऐसे में घाट को साफ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# तीन थानों के थानाध्यक्ष बदले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक रोहतास के आदेश पर जिले के तीन थानों में नए थानाध्यक्षों की पदस्थापना की गई है। पुलिस मुख्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह तबादला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। परसथुआ थानाध्यक्ष रहे पु.अ.नि. रामचन्द्र चौपाल को करगहर थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अंचल पुलिस निरीक्षक नोखा में तैनात पु.नि. प्रमोद कुमार को परसथुआ थाने की जिम्मेदारी दी गई है। सेमरा ओपी अध्यक्ष पु.अ.नि. सुशांत कुमार को राजपुर थाने का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रोहतास पुलिस ने कहा है कि वह जनता की सेवा में सदैव तत्पर है।


**शपथ-पत्र**

मैं अरिवन्द कुमार पिता मनोहर लाल, ग्राम-जोगडी पो.- बेरी खरियावाँ, थाना-सलैया, जिला-औरंगाबाद (बिहार) पिन कोड 824218 शपथ एवं निष्ठा पूर्वक निम्नलिखित बातों का बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या- 2520 8050 0936 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम राजनन्दनी (RAJNANDANI) अंकित है।
मेरी पुत्री का विद्यालय का नामाकंन पंजी में मेरी पुत्री का नाम राजनन्दनी कुमारी (RAJNANDANI KUMARI) अंकित है।
राजनन्दनी (RAJNANDANI) एवं राजनन्दनी कुमारी (RAJNANDANI KUMARI) दोनों मेरी पुत्री का ही नाम है।
मेरी पुत्री उक्त दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती है। इस नाम से मेरे गांव में अन्य कोई दूसरी महिला नहीं है।
मैं अपने पुत्री के दोनों नामों के सत्यापन हेतु यह शपथ पत्र कर रहा हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथकर्ता
अरिवन्द कुमार


# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने किया ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** रविवार को पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर के दिशा-निर्देशानुसार पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा किड्स कॉर्नर स्कूल, यूरोपियन कॉलोनी, डी0डी0यू0 में ऑल इंडिया ऑन-द-स्पॉट ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 6 से 15 वर्ष आयु वर्ग के कुल 162 प्रतिभागियों में से 127 रेलवे कर्मचारियों के बच्चों ने तीन आयु वर्गों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। ऐसी प्रतियोगिताएं रेलकर्मियों के बच्चों में रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी कल्पनाशीलता को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा आकांक्षा चौधरी एवं श्रीमती दीपिका ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को उचित मंच एवं प्रोत्साहन प्रदान करना महिला कल्याण संगठन, डी.डी.यू. की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि कला एवं रचनात्मक गतिविधियां बच्चों की कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में भी बच्चों के लिए इस प्रकार की रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के निरंतर आयोजन पर बल दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को संगठन की ओर से जलपान एवं शिक्षा-संबंधी सामग्री भी प्रदान की गई। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा आकांक्षा चौधरी एवं श्रीमती दीपिका, मीता नारी, श्रीमती प्रज्ञा, श्रीमती जूही, श्रीमती नीतू सिंह, श्रीमती सोमा चटर्जी, श्रीमती रेखा, श्रीमती आरती, श्रीमती दुर्गेश्वरी आदि सदस्याएं उपस्थित रहे।

# जेल में विचाराधीन कैदी अमरजीत यादव की मृत्यु के बाद परिजनों से मिले पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड अंतर्गत हुरका पंचायत के राजी रामडीहरा गांव में रविवार को बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश पहुंचे। उन्होंने जेल में बंद रहने के दौरान मृत अमरजीत कुमार यादव के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और मातमपुर्सी की। इस दौरान मंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। मंत्री दीपक प्रकाश ने अमरजीत यादव के परिजनों से घटना की जानकारी ली और उनकी समस्याओं एवं पीड़ा को सुना। परिवार के सदस्यों ने घटना से जुड़ी अपनी बातों को मंत्री के समक्ष रखा। मंत्री ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। अमरजीत कुमार यादव की मौत के बाद से ही उनके परिवार में शोक का माहौल है। परिजन मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग कर रहे हैं। मंत्री के गांव पहुंचने और परिवार से मुलाकात करने के दौरान न्याय की उम्मीद को लेकर चर्चा हुई। मंत्री ने परिवार को भरोसा दिलाया कि उनकी पीड़ा को समझते हुए आवश्यक स्तर पर मामले को उठाया जाएगा। मंत्री दीपक प्रकाश के इस दौरे के दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के रोहतास जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख कपिल कुशवाहा भी साथ मौजूद रहे।

# पांच हजार नई स्ट्रीट लाइटें और पांच हजार कंबल खरीदने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड की बैठक शनिवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उप महापौर आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कृत्यानंद रंजन, उप नगर आयुक्त शम्स रजा समेत सभी पार्षद, पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।सभी वार्डों में विकास योजनाओं का चयन किया गया। आवश्यकता के अनुसार बूस्टर बोरिंग एवं स्टैंड पोस्ट का अधिष्ठापन निविदा के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया। आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा ईपीएफ और ईएसआईसी की राशि समय पर जमा नहीं किए जाने की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई।बैठक में खराब पड़े 17 हाईमास्ट और 1211 स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराने पर सहमति बनी। वहीं, नगर निगम क्षेत्र में 5000 नई स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्णय लिया गया। राजस्व बढ़ाने के लिए शत-प्रतिशत प्रॉपर्टी टैक्स और ट्रेड लाइसेंस की वसूली के साथ सरकारी भवनों से भी प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने का निर्देश दिया गया। विद्यालयों और सरकारी भवनों में सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित करने के लिए पुस्तकें, फर्नीचर एवं अन्य सामग्री खरीदने का निर्णय लिया गया। आगामी ठंड को देखते हुए गरीब और असहाय लोगों के बीच वितरण के लिए 5000 कंबल खरीदने पर भी मुहर लगी। मुख्य सड़कों के किनारे फ्लैंक में पेभर ब्लॉक निर्माण की स्वीकृति दी गई।

## शांतिपूर्ण माहौल में गणपति बप्पा का विसर्जन

**रजौली**। प्रखंड मुख्यालय स्थित पुरानी बस स्टैंड के श्री भाग्य लक्ष्मी क्लब द्वारा गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का शुक्रवार को हर्षोल्लास और भावुक माहौल में विसर्जन किया गया। क्लब के सक्रिय सदस्यों हीरा कुमार, प्रतीक चौधरी, विकास चौधरी, रौशन कुमार, चंदन चौधरी, अमन चौधरी, शिव कुमार, गोलू कुमार, राहुल कुमार एवं विवेक कुमार समेत अन्य युवाओं के द्वारा विगत कई वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी धूमधाम से गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई थी। लगातार चार दिनों तक चले पूजन उत्सव के बाद शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन का आयोजन किया गया।

# 26 सितंबर को बिहारशरीफ में होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

## नए कवियों को मिलेगा मंच




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नवोत्साह साहित्य संगम के आगामी अखिल भारतीय कार्यक्रम को लेकर रविवार को ब्राइट माइंड स्कूल, बिहारशरीफ में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन 26 सितंबर को नगर भवन, बिहारशरीफ में किया जाएगा।प्रदेश अध्यक्ष उत्पल भारद्वाज ने बताया कि नवोत्साह साहित्य संगम का उद्देश्य बिहार की गौरवपूर्ण साहित्यिक परंपरा को पुनर्स्थापित करना, नए कवियों को मंच उपलब्ध कराना तथा युवा पीढ़ी को साहित्य सृजन से जोड़ना है। उन्होंने दिसंबर में नवादा में प्रस्तावित साहित्यिक समागम की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें देशभर से करीब 250 से अधिक कवियों के शामिल होने की संभावना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश पांडे ने स्कूली बच्चों को कविता और साहित्य से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक बिहार के सभी जिलों में संगठन की जिला इकाइयों का गठन करने का लक्ष्य है। संरक्षक चंदन पांडे ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।जिला अध्यक्ष डॉ. प्रणय कुमार ने बिहारशरीफ में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए नालंदा जिला इकाई के सदस्यों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रेस वार्ता में रामाधीन प्रसाद, संजीव कुमार पाठक, मीडिया प्रभारी गौतम कुमार निराला, कार्यक्रम प्रभारी धर्मवीर कुमार, कार्यक्रम सहयोगी श्याम सुंदर कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाबा मणिराम अखाड़ा घाट पर चला विशेष स्वच्छता अभियान

**बिहारशरीफ**। भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत 30 दिन, 100 कार्यक्रम-सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रविवार को बिहारशरीफ नगर निगम द्वारा बाबा मणिराम अखाड़ा घाट पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में नगर निगम की महापौर अनिता देवी, नगर आयुक्त कृत्यानंद रंजन, उप नगर आयुक्त शम्स रजा, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, वार्ड पार्षद, सफाई पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों ने भाग लिया।अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थल की साफ-सफाई कर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। अधिकारियों एवं कर्मियों ने आम लोगों को सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने और कचरा निर्धारित स्थान पर डालने के प्रति जागरूक किया। नगर निगम की ओर से बताया गया कि अभियान का उद्देश्य शहर के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ आमजनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है।

### नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकतः जिला युवा पदाधिकारी

**बिहारशरीफ**। जिला प्रशासन, नालंदा एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग के तत्वावधान में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा पदाधिकारी ने की। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रस्तुतीकरण से हुई, जिसमें नशे के दुष्प्रभाव, स्वस्थ जीवनशैली और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में नशामुक्त युवाओं की भूमिका पर चर्चा की गई। छात्रों को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया गया।इस दौरान छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ ने नशा मुक्ति की शपथ ली। इसके बाद राष्ट्रीय संकल्प समारोह के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें छात्रों ने नशा मुक्त भारत के संकल्प-पत्र पर हस्ताक्षर किए। युवा नेतृत्व वाली चर्चा में छात्रों ने अपने विचार और सुझाव साझा किए। उन्होंने साथियों को जागरूक करने तथा खेलकूद, कला-संस्कृति और ध्यान जैसी सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संकल्प लिया।जिला युवा पदाधिकारी ने कहा कि नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही यह जनभागीदारी अभियान सफल होगा।

### लाठी-डंडे से पीट-पीटकर युवक की हत्या

**गिरियक**। थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव में रविवार को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई। वार्ड संख्या-4 में हुई इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक 35 वर्षीय रंजीत चौधरी (35) है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी।शव मिलने की सूचना के बाद गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक की हत्या लाठी-डंडे से पीटकर किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस घटना के कारणों और वारदात में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है। मामले की जांच के बाद ही घटना के पीछे की पूरी वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू

**गिरियक**। प्रखंड क्षेत्र के साईडीह गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार से 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ। आयोजन से पहले 151 महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा साईडीह गांव से शुरू होकर सकरी नदी तक पहुंची, जहां महिलाओं ने पवित्र जल भरकर मंदिर परिसर में पहुंचाया और विधि-विधान से कलश स्थापित किया। मंदिर परिसर में रविवार सुबह 10 बजे से अखंड कीर्तन शुरू हुआ, जो सोमवार सुबह 10 बजे तक चलेगा। इस दौरान श्रद्धालु हरे रामा हरे रामा, रामा रामा हरे हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे की धुन पर भजन-कीर्तन कर रहे हैं। पंडित भोला उपाध्याय, शिवम उपाध्याय, अमरजीत उपाध्याय तथा पुजारी तेजनारायण प्रसाद और प्रिय रंजन पूजा-अर्चना करा रहे हैं।

# नाईट ब्लड एवं प्री-टास सर्वे के लिए प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ**। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को गति देने और आगामी प्री-टास एवं नाईट ब्लड सर्वे को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से सिविल सर्जन सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मियों को सर्वे की प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों एवं वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारियों ने माइक्रो फाइलेरिया के प्रसार की सटीक जानकारी जुटाने के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉ. जय प्रकाश सिंह ने कहा कि सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की सफलता और संक्रमण दर का आकलन करने में प्री-टास सर्वे एवं नाईट ब्लड सर्वे महत्वपूर्ण हैं। सर्वे से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर क्षेत्र में फाइलेरिया संक्रमण की स्थिति का आकलन कर आगे की रणनीति तैयार की जाती है। उन्होंने प्रत्येक प्रखंड में सर्वे साइट का चयन सावधानीपूर्वक करने पर जोर दिया।जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. राम मोहन सहाय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं एवं पंचायती राज प्रतिनिधियों के सहयोग से लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि वे रात में बिना झिझक रक्त का नमूना दे सकें। उन्होंने रक्त नमूनों के उचित रख-रखाव और सुरक्षित ट्रांसपोर्टेशन सुनिश्चित करने को भी आवश्यक बताया।

# जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के लिए 21 से 23 सितंबर तक होगा खिलाड़ियों का निबंधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के तहत नालंदा जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का निबंधन 21 से 23 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। निबंधन जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय, नालंदा हेल्थ क्लब, ऐतबारी बाजार, बिहारशरीफ में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। जिला खेल पदाधिकारी संजीत बक्शी ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों के लिए विभिन्न खेल विधाओं के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इसमें अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों की आयु की गणना 31 दिसंबर 2026 के आधार पर की जाएगी। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, साइक्लिंग, फुटबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट, भारोत्तोलन, कराटे, ताइक्वांडो, वुशु, हॉकी, हैंडबॉल, रग्बी, बास्केटबॉल, योग, शतरंज, बॉक्सिंग, टेबल टेनिस, तीरंदाजी, सेपकटकरा, तलवारबाजी एवं तैराकी समेत कुल 25 खेल विधाओं को शामिल किया गया है। जिला खेल विभाग ने विद्यालयों एवं खिलाड़ियों से निर्धारित अवधि में निबंधन कराने की अपील की है, ताकि प्रतियोगिता में अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा ले सकें।

# हाइकिंग व आउटडोर गतिविधियों में स्काउट-गाइडों ने दिखाया उत्साह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। भारत स्काउट एवं गाइड, नालंदा के तत्वावधान में विभिन्न विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड बच्चों के लिए हाइकिंग एवं विविध आउटडोर गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साहस, अनुशासन, सहयोग एवं आत्मनिर्भरता का परिचय दिया। कार्यक्रम में करीब 10 टोलियों के बच्चों ने हिस्सा लिया। इनमें शेर टोली, बघ टोली, हाथी टोली, चमेली टोली, लिली टोली एवं रातरानी टोली सहित अन्य टोलियां शामिल थीं। बच्चों ने हाइकिंग के साथ विभिन्न आउटडोर गतिविधियों में अपनी प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन किया। जिला मुख्य आयुक्त डॉ. संजय कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग से बच्चों में व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ता है। जिला संगठन आयुक्त राजीव नंदन कुमार ने कहा कि हाइकिंग एवं आउटडोर गतिविधियां बच्चों को प्रकृति के करीब लाने के साथ उनमें साहस, सहयोग, जिम्मेदारी और कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करती हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और बच्चों को गतिविधियों के दौरान आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

## नवादा

# प्रतियोगिता से बच्चों की प्रतिभा में आता है निखार : अभय कुशवाहा

- सफल 380 प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित।
- कुशवाहा छात्रावास निर्माण के लिए पच्चीस लाख रुपए देने की घोषणा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला मुख्यालय के बंधन पैलेस गोनावां के प्रांगण में रविवार को अखिल भारतीय मौर्य शिक्षक शिक्षा मंच नवादा के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। मौके पर मंच के राष्ट्रीय संयोजक सह औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने का यह कदम न सिर्फ सराहनीय है, बल्कि अतुलनीय है। मंच के इस कार्य से न सिर्फ बच्चे पुरस्कृत होकर आनंदित हो रहे है। बल्कि बच्चों को अपनी शैक्षिक क्षमता का भी आभास हो रहा है। जो बच्चे सफल नहीं हुए उनसे अनुरोध है कि वे और अच्छी तरह से तैयारी करें और जो बच्चे सफल हुए हैं, वे अपनी मेहनत में कमी न लाए। इस मौके पर इन्होंने कुशवाहा छात्रावास निर्माण के लिए सांसद मद से पच्चीस लाख रुपए देने की घोषणा किया। इस मौके पर जिले भर के 380 सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा प्रतिभावान, शिक्षकों व प्रबुद्ध व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। इसके पूर्व आगत अतिथियों के सम्मान में स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तथा मंच के पदाधिकारियों द्वारा आगत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के संरक्षक रामकिशन महतो व संचालन नागेन्द्र प्रसाद व दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सांसद की पत्नी सह मंच राष्ट्रीय महासचिव अंजलि भारती ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी देखकर मन प्रफुल्लित हो रहा है।अब हर महिलाएं घर की चाहत दीवारी से बाहर निकलकर नया अध्याय जोड़ने में लग गई है। इसके लिए बहुत बहुत बधाई। इस मौके पर 2024 में राजकीय शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित संतोष कुमार वर्मा, 2025 में डॉ विनीता प्रिया व 2026 में निकिता भारती को भी मंच से अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुखिया शैलेन्द्र महतो, विजय कुमार, विनोद कुमार, राजकुमार कुशवाहा, अविनाश कुमार निराला, अंशुमाला, रविकांत कुमार, राजेश कुमार, अरुण कुमार मौर्या, गौतम कुमार, एमके सिन्हा, जितेन्द्र कुमार कंचन, नमक केवल कार्यान्द शर्मा, कार्यानन्द सिन्हा, विष्णुदेव प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# जिला शिक्षक पुरस्कार के लिए आरती कुमारी का चयन, विद्यालय परिवार में खुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल**। उत्क्रमित मध्य विद्यालय छबैल की शिक्षिका आरती कुमारी का जिला शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित होने के बाद डीइओ द्वारा सम्मानित होने पर विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। जिले में चयनित कुल 13 शिक्षकों में आरती कुमारी को भी पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। आरती कुमारी के जिला शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय छबैल के प्रधानाध्यापक मदन प्रसाद ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षिका आरती कुमारी का समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और बच्चों के प्रति बेहतर शिक्षण कार्य सराहनीय है। उनके चयन से विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वहीं, उच्च माध्यमिक विद्यालय छबैल के प्राचार्य राजेश कुमार ने भी आरती कुमारी को जिला शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षिका की यह उपलब्धि विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है तथा इससे अन्य शिक्षकों को भी अपने कार्य के प्रति और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# छात्रों की उपस्थिति शत-प्रतिशत होने पर प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण की मांग

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड अकबरपुर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद राम के द्वारा 16 सितंबर 2026 को मध्य विद्यालय कलौंदा चातर प्रखंड अकबरपुर का स्थलीय जांच किया गया। जांच के क्रम में पाया कि विद्यालय में कुल नामांकन 343 के विरुद्ध उक्त तिथि को शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति दर्ज पाई गई जबकि भौतिक उपस्थिति मात्र 118 पाया गया। बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक से जानकारी मांगी तो प्रधानाध्यापक किसी प्रकार की जानकारी देने से इनकार कर दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार विद्यार्थी मध्याह्न भोजन की राशि को गबन करने की नीयत से शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई। पूर्व में भी इनके खिलाफ शिकायत आई थी। इस पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उक्त के आदेश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा द्वारा प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

# अपहृत महिला छत्तीसगढ़ से सकुशल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नारदीगंज (नवादा)**। नारदीगंज पुलिस ने अपहृता को छत्तीसगढ़ से सकुशल बरामद कर लिया है। इसके साथ ही मामले के नामजद आरोपित परवीन कुमार राणा (पिता सीताराम मिस्त्री, साकिन मालदा, थाना गांवा, जिला गिरिडीह) को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार के अनुसार, पुलिस टीम आरोपी और अपहृता का लगातार पीछा कर रही थी। गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस को दोनों के छत्तीसगढ़ में होने की जानकारी मिली। इसके बाद नारदीगंज थाना पुलिस ने स्थानीय बालको नगर थाना (जिला कोरबा, छत्तीसगढ़) पुलिस से संपर्क साधा। दोनों टीमों के संयुक्त कार्रवाई करते हुए कोरबा के बालको चेकपोस्ट पर घेराबंदी कर अपहृता को सकुशल बरामद किया और आरोपित को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी और अपहृता को रविवार को थाना लाने के बाद कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार कहना है कि बरामद महिला का कोर्ट में धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया जाएगा और मेडिकल जांच की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आरोपित के खिलाफ कानून के तहत आगे की सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस त्वरित और सफल कार्रवाई से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। वहीं पुलिस की इस मुस्तैदी की स्थानीय स्तर पर सराहना हो रही है।

# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए दिलीप कुमार शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की प्रथम सत्र की राज्यस्तरीय बैठक मध्य विद्यालय अदालतगंज, पटना में संघ के प्रदेश महासचिव डॉ0 भोला पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रायः सभी जिले से उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से संघ को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए सीतामढ़ी जिला के जिला सचिव दिलीप कुमार शाही को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया गया। दूसरे सत्र की अध्यक्षता नव मनोनीत कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार शाही ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा संघ का सशक्तिकरण, सभी कोटियों के शिक्षकों का सदस्यता, प्रखंड एवम जिला कमिटियों के चुनाव के उपरांत राज्य अधिवेशन में राज्य का चुनाव कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने संगठन के सभी पुराने सदस्यों एवं पदाधिकारियों से आरोप प्रत्यारोप को भूलते हुए सशक्त, पारदर्शी एवं सभी का सम्मान करते हुए शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान कराने वाला संगठन बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं सभी साथियों के बीच जाकर संगठन की मजबूती पर बात करेंगे। बैठक में सुधीर कुमार सिंह, असीम मिश्रा, दिनेश नाथ पासवान, अजय कुमार, सुरेश प्रसाद सिंह, अनिल कुमार मो0 मिन्हाज अंसारी, अजय यादव, बिनोद बिहारी मंडल, अवधेश सिंह , शिवराज कुमार, उदय कुमार, संतोष कुमार सिंह, अरुण कुमार, रामटहल पासवान, वीरेंद्र सिंह सहित विभिन्न जिले के प्रतिनिधि शिक्षक उपस्थित थे।

# 38 बिहार बटालियन एनसीसीः कैडेटों ने सीखे मैप रीडिंग व बैटल क्राफ्ट के गुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। 38 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-18) में कैडेटों को सामरिक व सैन्य कौशल का गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कैडेटों ने मैप रीडिंग (एमआर), फील्ड क्राफ्ट (एफसी) और बैटल क्राफ्ट (बीसी) की बारीकियां सीखीं। शिविर कमान अधिकारी कर्नल अजय कुमार के निर्देशन में सैन्य प्रशिक्षक सूबेदार विशाल पांडेय ने कैडेटों को युद्ध क्षेत्र की बुनियादी तकनीकों से अवगत कराया। मैप रीडिंग सत्र में सर्विस प्रोटेक्टर, प्रिज्मीय कम्पास के उपयोग, ग्रिड रेफरेंस निकालने, नक्शे पर स्थिति ज्ञात करने और रात में तारों व कम्पास की मदद से दिशा तय करने का अभ्यास कराया गया। फील्ड क्राफ्ट के तहत प्राकृतिक आड़ (कंसीलमेंट व कवर), क्रॉलिंग, छलावरण (कैमूफ्लाज) और दूरी का सही अनुमान लगाने की तकनीक सिखाई गई। वहीं, बैटल क्राफ्ट में सेक्शन फॉर्मेशन, फील्ड सिग्नल्स, फायर एंड मूवमेंट और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने का अभ्यास हुआ। कर्नल अजय कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण सैन्य जीवन की नींव होने के साथ कैडेटों में नेतृत्व क्षमता, त्वरित निर्णय और साहस का संचार करता है। मौके पर विभिन्न संस्थानों के कैडेटों सहित सैन्य अधिकारी, एएनओ और सूबेदार मदन सिंह मेहता मौजूद रहे।

# मीशो के अपहृत मैनेजर सकुशल बरामद, 12 घंटे में छह गिरफ्तार



**अकबरपुर**। थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर मोड़ स्थित मीशो ऑनलाइन मार्केटिंग कंपनी के कार्यालय से शुक्रवार रात दो चारपहिया वाहनों में सवार 6-7 बदमाशों ने मैनेजर का अपहरण कर लिया। साथ ही एक डिलीवरी ब्वॉय का मोबाइल भी छीन लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर अपहृत को सकुशल मुक्त कराकर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में फतेहपुर निवासी डिलीवरी ब्वॉय शुभम कुमार राजपूत के आवेदन पर अकबरपुर थाने में अज्ञात के विरुद्ध कांड संख्या 471/26 दर्ज की गई थी। जांच में सामने आया कि खगड़िया जिले के एक व्यक्ति से पूर्व के पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद था। उसी ने साथियों संग मिलकर मैनेजर मो. नजीर का अपहरण किया था। आरोपियों ने बंधक बनाकर उन्हें पहले खगड़िया और फिर समस्तीपुर के रोसड़ा में रखा, जहां उनके साथ मारपीट भी की गई। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर अपहृत को बरामद कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में नंदकिशोर कुमार (बलुआई, खगड़िया), सुमन प्रभाकर (गंगौर, खगड़िया), आशुतोष कुमार (गौशाला रोड, चित्रगुप्त नगर, खगड़िया), गिरधर पांडेय (बैजनाथपुर, कुंडा, देवघर), गोरेलाल कुमार (नवाडीह, रूपौ, नवादा) तथा आदित्य प्रताप चौरसिया (अनीसाबाद, बेउर, पटना) शामिल हैं।

## रजौली प्रखंड कार्यालय में निकला पांच फीट लंबा सांप, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**रजौली**। रजौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब परिसर में पांच फीट से भी अधिक लंबा सांप दिखाई दिया। सांप को देखते ही वहां काम कर रहे मजदूर, कौशल विकास केंद्र में पढ़ रहे छात्र और बुनियादी केंद्र में आने-जाने वाले वृद्धजन सहम गए और इधर-उधर भागने लगे। बताया जाता है कि परिसर में निर्माणाधीन भवन में काम चल रहा था। इसी दौरान सांप फुर्ती से जमीन पर रखे छड़ के बंडल में घुस गया। सांप को छड़ में घुसता देख मजदूरों ने तुरंत इसकी सूचना संवेदक संजय कुमार बंटी को दी। संवेदक ने तत्परता दिखाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा को मामले की जानकारी दी। बीडीओ संजीव झा ने बिना देर किए वन विभाग के रेंजर नारायण लाल सेवक को सूचित किया। रेंजर के निर्देश पर वनपाल सुमित कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की एक त्वरित रेस्क्यू टीम प्रखंड परिसर पहुंची। टीम में वनरक्षी संजय कुमार, रंजन कुमार, नीतीश कुमार और विपिन कुमार शामिल थे।

## आकाशीय बिजली का कहर, चरवाहा घायल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत अंतर्गत मांगोडीह गंगटिया गांव में रविवार की शाम बारिश के दौरान गिरी आकाशीय बिजली ने जमकर कहर बरपाया। ठनका गिरने से एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसे चरा रहे पशुपालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को परिजनों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. श्याम नंदन प्रसाद ने बताया कि घायल पशुपालक की पहचान मांगोडीह गंगटिया निवासी बालेश्वर यादव के 42 वर्षीय पुत्र मिथलेश यादव उर्फ छोटू यादव के रूप में हुई है।

# पितृपक्ष मेला में तीर्थयात्रियों के लिए डिजिटल सुविधा की नई पहल

## 'पिंडदान गया जी' वेबसाइट एवं मोबाइल एप के माध्यम से एक क्लिक पर मिलेगी सूचनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 के अवसर पर देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों से गया जी आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की सुविधा, सुगम यात्रा एवं बेहतर मार्गदर्शन के लिए जिला प्रशासन द्वारा 'पिंडदान गया जी' डिजिटल मंच एवं मोबाइल एप तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों को मेला क्षेत्र से संबंधित आवश्यक एवं आधिकारिक जानकारी एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराना है। ताकि उन्हें अलग-अलग कार्यालयों अथवा विभिन्न माध्यमों से जानकारी प्राप्त करने में अनावश्यक समय न लगाना पड़े। 'पिंडदान गया जी' वेबसाइट के माध्यम से तीर्थयात्रियों को पिंडदान एवं विभिन्न वेदियों, पंडा जी, अनुष्ठान, आवासन, परिवहन, चिकित्सा सुविधाओं, आपातकालीन सेवाओं सहित मेला क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। इससे तीर्थयात्री गया जी आने से पहले ही अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना सकेंगे। वेबसाइट के माध्यम से तीर्थयात्री ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकेंगे। इससे तीर्थयात्रियों को आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने में सुविधा होगी तथा प्रशासन को भी आगंतुकों की आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। तीर्थयात्रियों को पंडा जी, विभिन्न पिंडदान वेदियों, दैनिक अनुष्ठानों एवं अनुष्ठान संबंधी आवश्यक जानकारी डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराई जाएगी। इससे तीर्थयात्री सही एवं प्रमाणिक जानकारी के आधार पर अपनी धार्मिक यात्रा एवं अनुष्ठानों की योजना बना सकेंगे। गया आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आवासन की सुविधा अत्यंत महत्वपूर्ण है। डिजिटल मंच पर टेंट सिटी, सरकारी आवासन, होटल एवं अतिथि गृहों से संबंधित उपलब्ध जानकारी, क्षमता, कमरों एवं संपर्क विवरण आदि के आधार पर जानकारी प्राप्त करने में सुविधा होगी। इससे तीर्थयात्री अपनी आवश्यकता के अनुसार आवासन की योजना बना सकेंगे। तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए वेबसाइट एवं मोबाइल एप पर रेलवे समय-सारणी, हवाई अड्डे से संबंधित जानकारी, यात्रा संबंधी विवरण, पार्किंग व्यवस्था तथा किराया सूची आदि की जानकारी उपलब्ध होगी। इससे देश के विभिन्न राज्यों एवं विदेशों से आने वाले श्रद्धालु गया जी पहुंचने एवं मेला क्षेत्र में आवागमन की बेहतर योजना बना सकेंगे। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए वेबसाइट पर पुलिस संपर्क, अस्पताल, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य शिविर, पुलिस कैंप एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर तीर्थयात्री संबंधित सेवाओं तक शीघ्र पहुंच सकेंगे। मोबाइल एप में पुलिस, अस्पताल, एम्बुलेंस एवं हेल्पलाइन के लिए त्वरित आपातकालीन कॉल की सुविधा भी दी गई है। पितृपक्ष मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने को देखते हुए खोया-पाया सुविधा को भी डिजिटल मंच से जोड़ा गया है। इसके माध्यम से लापता व्यक्ति की रिपोर्ट दर्ज करने, मिले हुए व्यक्ति की जानकारी देने तथा मामले की स्थिति से संबंधित अपडेट प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। प्रशासन द्वारा मामलों की समीक्षा एवं मिलान की प्रक्रिया के माध्यम से परिजनों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। मेला क्षेत्र में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय, वॉशरूम, पेयजल केंद्र, पार्किंग स्थल, पुलिस कैंप एवं स्वास्थ्य शिविरों की जानकारी तथा वहां तक पहुंचने के लिए दिशा-निर्देश भी डिजिटल मंच पर उपलब्ध रहेंगे। इससे तीर्थयात्रियों को मेला क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं को आसानी से खोजने में मदद मिलेगी। वेबसाइट पर एकीकृत तीर्थयात्री सहायता चैटबॉट भी उपलब्ध है जिसके माध्यम से उपयोगकर्ता आवश्यक जानकारी शीघ्र प्राप्त कर सकेंगे। आवासन, आपातकालीन संपर्क, विभिन्न सेवाओं एवं उनके स्थान से संबंधित उपयोगी जानकारी चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी।

# पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर एनजीओ एवं समाजसेवियों के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 के सफल, सुव्यवस्थित एवं सुविधा को लेकर जिला प्रशासन, गया द्वारा विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) एवं समाजसेवियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता परितोष कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं विशेष कार्य पदाधिकारी अंकुर कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पितृपक्ष मेला के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर लगाए जाने वाले सेवा एवं सुविधा संबंधी स्टॉलों के संबंध में एनजीओ एवं समाजसेवियों से जानकारी ली गई। साथ ही उनके द्वारा श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सेवाओं एवं सहयोगात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। जिला प्रशासन द्वारा एनजीओ एवं समाजसेवियों से अपील की गई कि पितृपक्ष मेला के दौरान आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में प्रशासन के साथ सक्रिय सहयोग करें। विशेष रूप से स्वच्छता, पेयजल, भोजन, स्वास्थ्य सहायता, खोया-पाया, सहायता केंद्र, श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन एवं अन्य जनोपयोगी सेवाओं में सहयोग प्रदान करने पर जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न संस्थाओं द्वारा मेला क्षेत्र में लगाए जाने वाले स्टॉलों की प्रकृति, स्थान, आवश्यक सुविधाओं तथा संचालन से संबंधित बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी संबंधित संस्थाओं के समन्वित प्रयास से पितृपक्ष मेला को बेहतर ढंग से संपन्न कराया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से सभी एनजीओ एवं समाजसेवियों से पितृपक्ष मेला 2026 के दौरान सेवा भाव एवं समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की गई।

# सिद्ध काव्य वाटिका में 73वीं कवि गोष्ठी का आयोजन

## वरिष्ठ साहित्यकार नन्द किशोर सिंह की अध्यक्षता में कवियों ने प्रस्तुत की विविध रचनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** बड़की डेल्हा, खरखुरा रोड स्थित सिद्ध काव्य वाटिका में 73वीं कवि गोष्ठी का भव्य आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार नन्द किशोर सिंह की अध्यक्षता में उल्लासपूर्ण एवं साहित्यिक वातावरण में किया गया। गोष्ठी में कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभयानन्द मिश्र ने अपनी प्रेरक कविता 'अधिकार चाहते हो कर्तव्य को भुला कर' का पाठ किया। उनकी प्रस्तुति ने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के निर्वहन की महत्ता को रेखांकित किया। रणजीत कुमार, मुकेश कुमार, श्यामसुन्दर मिश्र, मदन पाठक, अजीत कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, विनोद बरबिगहिया, पीयूष पाठक, त्रिगुणानन्द, किरण प्रजापति, प्रभानन्द, प्रभु प्रजापति, बिपिन बिहारी सहित अनेक कवि और साहित्यप्रेमी ने अपनी अपनी कविताएं पढ़ीं। सभी ने कवियों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया और साहित्यिक संवाद में सहभागिता की। सिद्ध काव्य वाटिका की यह गोष्ठी कविता, विचार और रचनात्मक अभिव्यक्ति के संगम के रूप में संपन्न हुई। इस आयोजन ने साहित्यप्रेमियों को एक मंच पर एकत्रित कर काव्य-साधना एवं साहित्यिक परंपरा को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया।

# टोटो व बाइक पर लदी शराब जब्त, दो कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना पुलिस ने शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों से टोटो और बाइक पर लदी शराब जब्त की है। इस दौरान पुलिस ने दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारियों की पहचान कमलेश चौधरी, निवासी सोनेखाप तथा अनिल कुमार, निवासी सोहनडीह, डोभी थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस को शराब की तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर जांच अभियान चलाया। इसी क्रम में वाहनों की जांच के दौरान शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब के साथ दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर थाना लाया। पुलिस के अनुसार अनिल कुमार को घाघर गांव के पास से 52 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, कमलेश चौधरी के पास से भी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने शराब ढोने में इस्तेमाल किए जा रहे टोटो और बाइक को भी जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस शराब की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में भी लगी है।

# बालू उठाव के विवाद में एक ही परिवार के छह घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कुरमावां पंचायत में नदी से बालू उठाव के विवाद में एक परिवार पर हमला कर दिया गया। घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में उपेंद्र बिंद, प्रविंद बिंद, नन्हकू बिंद, मनीष कुमार, रितेश कुमार और दोलन कुमार शामिल हैं। सभी को पुलिस की मदद से सीएचसी कोंच लाया गया, जहां इलाज चल रहा है। गंभीर स्थिति को देखते हुए रितेश कुमार को गया रेफर कर दिया गया। पीड़ित शैलेश बिंद ने बताया कि मनोहरपुर घाट से अवैध बालू उठाव कर रहे एक गुट के सैकड़ों लोगों ने परिवार को घेरकर मारपीट की। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पेंटिंग से सजीं गयाजी की दीवारें, पितृपक्ष की आस्था और बिहार की लोककला को मिली नई पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** लखीबाग, मानपुर की रहने वाली चाहत वत्स बताती हैं कि सबसे पहले मैं गयाजी जिला पदाधिकारी को धन्यवाद देना चाहूंगी जिन्होंने हमें यह बेहतरीन अवसर दिया। उन्होंने 'पेंट द सिटी' कार्यक्रम शुरू किया। इसके तहत हमने अपनी पेंटिंग बनाकर ईमेल के माध्यम से भेजी। हमारी पेंटिंग का चयन हुआ और हमें दीवारों पर उसे बनाने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम की अच्छी व्यवस्था और प्रबंधन के लिए भी धन्यवाद देना चाहूंगी। हमें पेंटिंग से जुड़ी सभी आवश्यक सामग्री अच्छी तरह उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा पूरे कार्यक्रम के दौरान हमारी सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया। सुबह स्नैक्स, फिर लंच और अन्य जरूरी व्यवस्था भी बहुत अच्छे तरीके से की गई। हमें अपनी कला को प्रदर्शित करने का यह अवसर देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

पितृपक्ष के दौरान बिहार का गयाजी शहर पितरों को मोक्ष दिलाने वाले पिंडदान और तर्पण अनुष्ठानों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हो जाता है। पितृ पक्ष में गया जी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस बार कई स्तरों पर तैयारी की गई है। इसी सिलसिले में पितृपक्ष मेला महासंगम 2026 के अवसर पर गया जी के प्रमुख घाटों और दीवारों को बिहार की पारंपरिक लोककला मधुबनी और मंजूषा पेंटिंग से बेहद खूबसूरती से सजाया जा रहा है 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलने वाले पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। शहर की दीवारों पर पेंटिंग बनाकर उन्हें सुंदर और स्वच्छ बनाने की पहल बिहार की संस्कृति को सजीव करने का एक बेहतरीन तरीका है।

# फार्माकोविजिलेंस सप्ताह पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## नर्सिंग व फार्मेसी विद्यार्थियों को एडीआर रिपोर्टिंग का दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** छठे राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह-2026 के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के औषधि विज्ञान विभाग की ओर से 18 एवं 19 सितंबर को दो दिवसीय कार्यशाला-सह-प्रमाणन कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रिया रिपोर्टिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण' विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य नर्सिंग एवं फार्मेसी विद्यार्थियों को एडीआर की पहचान, दस्तावेजीकरण और रिपोर्टिंग की व्यावहारिक प्रक्रिया से अवगत कराना तथा रोगी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मृगेन्द्र कुमार, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, औषधि विज्ञान विभाग तथा एएमसी समन्वयक रहे। मुख्य अतिथि चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) बिनोद शंकर सिंह ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जैव रसायन विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) विवेक सिन्हा भी मौजूद रहे। कार्यशाला के पहले दिन नारायण नर्सिंग कॉलेज के बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्हें फार्माकोविजिलेंस एवं एडीआर की मूल अवधारणाओं के साथ संदिग्ध औषधि, प्रतिकूल प्रतिक्रिया, रोगी से संबंधित आवश्यक जानकारी तथा एडीआर के परिणाम को सही तरीके से दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई। औषधि विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. वैभव कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ. एस. एमिल शंकर ने विद्यार्थियों को एडीआर रिपोर्टिंग फॉर्म भरने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को बताया गया कि समय पर और गुणवत्तापूर्ण एडीआर रिपोर्टिंग से दवाओं से जुड़े संभावित जोखिमों की पहचान और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है। 19 सितंबर को कार्यशाला के दूसरे दिन नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस दौरान फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम में फार्मेसी पेशेवरों की भूमिका, एडीआर की पहचान एवं रिपोर्टिंग तथा रोगी सुरक्षा में प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रिया निगरानी केंद्र के महत्व की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों डॉ. वैभव कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ. एस. एमिल शंकर ने विभिन्न उदाहरणों एवं व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों को एडीआर रिपोर्टिंग फॉर्म भरने का प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को एडीआर रिपोर्टिंग को स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हुए भविष्य में जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

# बोधगया और शेरघाटी में पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पासपोर्ट सेवाओं को अधिक सुलभ एवं नागरिक-अनुकूल बनाने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना द्वारा गया जिले में दो स्थानों पर पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन शिविर आयोजित किए जाएंगे। पहला शिविर बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति में 21 से 22 सितंबर 2026 तक तथा दूसरा शिविर शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय परिसर में 23 से 25 सितंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। यह पहल विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के प्रमुख जनसंपर्क कार्यक्रम 'पासपोर्ट सेवा-पासपोर्ट आपके द्वार' का हिस्सा है। इसका उद्देश्य पासपोर्ट सेवाओं को नागरिकों के और करीब पहुंचाना तथा विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप सार्वजनिक सेवाओं तक आसान पहुंच को बढ़ावा देना है। डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र, गया में बड़ी संख्या में पासपोर्ट आवेदन प्राप्त होने के कारण पासपोर्ट सेवा वितरण व्यवस्था को और मजबूत करने तथा आवेदकों को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए ये विशेष पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग से आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य गया जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों की बढ़ती मांग को पूरा करना तथा उन्हें समयबद्ध और सुलभ पासपोर्ट सेवा उपलब्ध कराना है। गया में पासपोर्ट सेवाओं की बढ़ती मांग नागरिकों को अधिक सुगम सेवा उपलब्ध कराने की आवश्यकता को दर्शाती है। प्राप्त पासपोर्ट आवेदनों की संख्या वर्ष 2021 में 7,518 थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 13,193 हो गई। इस प्रकार इसमें 75.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसी अवधि में संसाधित किए गए आवेदनों की संख्या 6,988 से बढ़कर 12,380 हो गई, जो 77.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। बोधगया और शेरघाटी में आयोजित किए जाने वाले ये शिविर इस बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायता करेंगे तथा क्षेत्र के आवेदकों को उनके निकट पासपोर्ट संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। बोधगया और शेरघाटी में आयोजित किए जाने वाले ये पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन शिविर अप्रैल 2024 से बिहार में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना द्वारा आयोजित किया जाने वाला 21वां ऐसा शिविर होगा। यह गया जिले में इस प्रकार का दूसरा शिविर है। इससे पहले वर्ष 2024 में भारतीय प्रबंधन संस्थान, बोधगया में ऐसा शिविर आयोजित किया गया था। राज्य के विभिन्न जिलों एवं संस्थानों में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से अब तक लगभग 3,000 आवेदक अपने निवास स्थान के निकट सुलभ पासपोर्ट सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं।

# बगीचे में खेल रहे 8 वर्षीय बच्चे से सोने-चांदी के जेवरात की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के बगडीहा गुरारू में एक बालक से सोने-चांदी के जेवरात चोरी का मामला सामने आया है। घटना शनिवार शाम की है जो रविवार सुबह प्रकाश में आई। सूचना पर कोंच पुलिस जांच में जुट गई है। पीड़ित अरबिंद कुमार ग्राम कैथी शिवा बिगहा, थाना आंती के निवासी हैं, जो बगडीहा में किराए के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। उनके 8 वर्षीय पुत्र ने सोने के बजरंगबली, सोने का चांद और चांदी का जंतर पहन रखा था। वह पास के बगीचे में खेल रहा था, तभी एक किशोर ने ब्लेड से काटकर जेवरात चोरी कर लिए। बालक ने घर आकर परिजनों को जानकारी दी। रविवार सुबह पुलिस को आवेदन दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

# कोंच समेत कई क्षेत्रों में दो घंटे बिजली रहेगी बाधित

**कोंच (गया)।** टिकारी मुख्य ग्रिड में 33 केवी लाइन के रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य के कारण सोमवार को दोपहर एक बजे से तीन बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान टिकारी से निकलने वाला कोंच ग्रिड भी बंद रहेगा, जिससे कोंच एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी। सहायक विद्युत अभियंता विशाल कुमार चौधरी ने इसकी जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लेने की अपील की है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

# तिनेरी में 35 पोल से हजारों फीट बिजली तार की चोरी, ग्रामीणों में नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के तिनेरी पंचायत में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मौला बिगहा से नरसिंहपुर रोड स्थित पत्थर पहाड़ तक कुल 28 बिजली पोल से 11 हजार वोल्ट और मौला बिगहा नहर से मंडूका देवी स्थान तक कुल 7 बिजली पोल के एलटी तार काटकर चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। रविवार सुबह जब ग्रामीण बधार की ओर निकले तो तार जमीन पर कटे पड़े मिले जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इससे पूर्व 7 सितंबर को भी तिनेरी मध्य विद्यालय से तिनेरी मोड़ के बीच करीब 20 पोल की एलटी लाइन चोरी हुई थी। लगातार हो रही चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश है। मौके पर पहुंची एसआई मीरा कुमारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कुल 35 पोल की तार काटी गई है। मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं विद्युत कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया कि चोरों ने कृषि फीडर के तार काटे हैं। उन्होंने बताया कि एग्रीकल्चर फीडर में शाम 6 बजे से लाइन बंद कर दी जाती है। रात में डोमेस्टिक लाइन डिस्टर्ब नहीं थी। रात 9:50 से 11:25 बजे तक गोह से आने वाली 33 हजार की आंती पीएसएस लाइन ग्रिड से बंद थी, इसके बाद रात 2:50 से 4:35 बजे तक पुनः लाइन बंद कराई गई थी। घटना स्थल पर सरपंच पति मो. शाहिद उर्फ साहू, सामाजिक कार्यकर्ता स्व. पुण्यदेव यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# 26 सितंबर को टिकारी में मनेगी राष्ट्रकवि दिनकर की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती समारोह का आयोजन 26 सितंबर को टिकारी राज इंटर कॉलेज के परिसर में किया जाएगा। समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। मुख्य आयोजक हिमांशु शेखर ने बताया कि टिकारी में पिछले दस वर्षों से दिनकर जयंती समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। इस वर्ष अब तक सोलह विद्यालयों ने आयोजन में भाग लेने की सहमति दी है। समारोह के दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी राष्ट्रकवि दिनकर की कविताओं का काव्य पाठ करेंगे। इसके अलावा निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। विद्यालयों में प्रतियोगिताओं की तैयारी चल रही है और विद्यार्थियों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अपर पुलिस महानिदेशक राज्यवर्धन शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद के सदस्य जीवन कुमार उद्घाटनकर्ता, स्थानीय विधायक अजय कुमार मुख्य अतिथि, सेवानिवृत्त विशेष सचिव राय मदन किशोर तथा गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्रा विशिष्ट अतिथि एवं गया कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के प्रो. अटल कुमार मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

# 45 वर्षों से वैदिक परंपरा की शिक्षा का केंद्र बना उचिरवां का गुरुकुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शेरघाटी प्रखंड के उचिरवां गांव स्थित जगतगुरु स्वामी धरनीधराचार्य वैदिक गुरुकुलम पिछले करीब 45 वर्षों से वैदिक परंपरा, संस्कृत शिक्षा और सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में जुटा है। गुरुकुल में अध्ययनरत बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ आवास और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। संस्कृत शिक्षा के साथ बच्चों को आधुनिक शिक्षा भी दी जाती है। वर्तमान में गुरुकुल में करीब 60 बच्चे अध्ययनरत हैं। बच्चों को शिक्षा देने के लिए छह शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें केशव शर्मा व्याकरणाचार्य, गोविंदाचार्य, अविनाश कुमार सिन्हा, राहुल कुमार, जगन्नाथ कुमार और मनोज कुमार शामिल हैं। शिक्षक बच्चों को वैदिक परंपरा, संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से शिक्षा प्रदान करते हैं।

गुरुकुल के शिक्षकों के अनुसार यहां गया, पटना, मुंगेर, औरंगाबाद, छपरा और सारण सहित बिहार के विभिन्न जिलों के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा झारखंड के रांची और हजारीबाग से भी बच्चे यहां आकर अध्ययन करते हैं। गुरुकुल परिसर में छोटे-छोटे बच्चे धोती-कुर्ता पहनकर संस्कृत का शुद्ध उच्चारण करते हुए पढ़ाई करते नजर आते हैं। वैदिक मंत्रों के उच्चारण और संस्कृत के वातावरण के बीच बच्चों का रहन-सहन भी पारंपरिक दिखाई देता है। शिक्षकों का कहना है कि यहां बच्चों को शिक्षा के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। गुरुकुल का संचालन स्थानीय समाज के सहयोग से किया जा रहा है।

# छेड़छाड़ के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ एवं मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान योगेंद्र यादव, पिता स्व. जितुन यादव, निवासी देवेनपुर, थाना शेरघाटी, जिला गया के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने थाना में लिखित आवेदन देकर बताया था कि वह सुबह शौच के लिए घर से बाहर गई थी। इसी दौरान रास्ते में एक व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ की। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने इसका विरोध किया। आरोप है कि इसके बाद योगेंद्र यादव अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पीड़िता के परिजनों के साथ गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से हमला कर परिजनों को गंभीर रूप से घायल करने का भी आरोप लगाया गया है।

# पितृपक्ष मेला को लेकर सड़कों की युद्धस्तरीय मरम्मत

## तीर्थयात्रियों के सुगम आवागमन के लिए पथ निर्माण विभग ने तेज की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से गया जी आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों के सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन को लेकर जिला प्रशासन एवं पथ निर्माण विभाग, गया द्वारा सड़कों की मरम्मत एवं आवश्यक निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। इस वर्ष पितृपक्ष मेला का आयोजन 25 सितंबर 2026 से 10 अक्टूबर 2026 तक किया जाना है। मेला अवधि में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं पिंडदानियों के गया पहुंचने की संभावना को देखते हुए सड़क, यातायात एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।



जिला प्रशासन द्वारा पथ निर्माण विभाग के साथ लगातार समन्वय स्थापित करते हुए मेला क्षेत्र तथा तीर्थयात्रियों के आवागमन से जुड़े प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार पॉट होल, पैचिंग, रिक्टीफिकेशन, सड़क मरम्मत एवं अन्य सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य मेला अवधि के दौरान किसी भी प्रमुख मार्ग पर आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो तथा श्रद्धालुओं को विष्णुपद मंदिर, पिंडदान स्थलों एवं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचने में सुविधा मिले। पथ निर्माण विभाग, गया से संबंधित कुल 35 सड़कों को मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के लिए चिह्नित किया गया है। इनमें गया जी शहर के महत्वपूर्ण मार्गों के साथ-साथ विष्णुपद मंदिर एवं मेला क्षेत्र से जुड़ने वाले प्रमुख मार्ग शामिल हैं। गया जी टाउन क्षेत्र में विष्णुपद मंदिर से सीधे जुड़ने अथवा उससे संपर्क स्थापित करने वाली कुल 21 सड़कों में से 14 सड़कों पर पॉट होल पैचिंग, रिक्टीफिकेशन एवं मरम्मत का कार्य 19 सितंबर 2026 तक पूर्ण कर लिया गया है। शेष सड़कों पर मरम्मत कार्य तेजी से जारी है तथा इसे 24 सितंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

संपादकीय

# चीन का असली चेहरा उजागर

भारत और चीन के रिश्ते सुधर रहे हैं, ब्रिक्स सम्मेलन की सफलता से पैदा हुए भ्रम को चीन ने एक हफ्ते से भी कम समय में दूर कर दिया है। उसका ताजा कदम इसी बात की जमानत है कि चीन भारत के साथ लाठी और गाजर का खेल खेलता रहेगा। इस बार के खेल में चीन के साथ पाकिस्तान भी शामिल है, जो ब्रिक्स में चीनी राष्ट्रपति शी जिन पिंग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढ़ती केमिस्ट्री से बेचैन था। लिहाजा उसने पाक अधिकृत कश्मीर और चीन के बीच लगने वाली सीमा के संदर्भ में गठित पाकिस्तान चीन संयुक्त सीमा आयोग को फिर से एक्टिवेट कर यह संदेश देने की कोशिश की है कि भारत किसी मुगालते में न रहे। चीन का पहला साथी पाकिस्तान ही है न कि भारत। हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर दो टूक कहा है कि वह इस ज्वाइंट कमीशन को नहीं मानता। क्योंकि पाकिस्तान और चीन के बीच कोई जायज सीमा है ही नहीं। जो इलाका अभी पाक के कब्जे में है, वह भारत के जम्मू कश्मीर का अभिन्न हिस्सा है। इसी वजह से भारत चीन के सीपेक प्रोजेक्ट का भी विरोध करता रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत के कड़े ऐतराज के बावजूद चीन और पाकिस्तान ने अपनी कथित सीमा पर 'जॉइंट बॉर्डर कमीशन' को आधिकारिक रूप से चालू कर दिया है। इस्लामाबाद में हुई उच्चस्तरीय विदेश मंत्रालय वार्ता के दौरान दोनों देशों ने 2013 के लंबे समय से लंबित सीमा प्रबंधन समझौते को लागू करने का ऐलान किया। इस कदम का सीधा मकसद अवैध रूप से कब्जे वाले भारतीय भूभाग खासकर शक्सगाम घाटी, पीओके और खूंजराब पास के आसपास अपनी सैन्य और बुनियादी ढांचे की पकड़ को मजबूत करना है। इस्लामाबाद ने कहा कि चीन-पाकिस्तान संयुक्त सीमा आयोग की पहली बैठक ने दोनों देशों के बीच 'सीमा प्रबंधन, संयुक्त सीमा सर्वेक्षण, व्यापार के प्रवाह और लोगों के बीच आपसी संपर्क' के मामले में 'बेहतर सहयोग' की नींव रखी। इस बैठक की सह-अध्यक्षता चीन के विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागर मामलों के विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जनरल ली या और पाकिस्तान के विदेश कार्यालय में चीन मामलों के डायरेक्टर जनरल बिलाल महमूद चौधरी ने की। पाक ने यह हरकत पिछले सप्ताह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक में एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाने पर जोर दिए जाने के बाद की, जिसे चीन का भी पूरा समर्थन है। इस कदम से नई दिल्ली के उस दावे को परोक्ष रूप से कमजोर किया गया है जिसके तहत पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं और चीन की पाकिस्तान के साथ कोई साझा सीमा नहीं है। दरअसल यह विवाद 2 मार्च 1963 को तत्कालीन पाकिस्तानी विदेश मंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो और चीनी विदेश मंत्री चेन यी के बीच हुए उस गैर-कानूनी समझौते से जुड़ा है, जिसके तहत पाकिस्तान ने भारत के 5 हजार 180 वर्ग किलोमीटर वाले शक्सगाम इलाके को अवैध रूप से चीन को सौंप दिया था। अब 2013 के 'बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम' के आर्टिकल 45 का इस्तेमाल कर दोनों देश सीमा पिलरों के रखरखाव, सर्वे और सीपेक कनेक्टिविटी के नाम पर नया ढांचा खड़ा कर रहे हैं। इस कमीशन की शुरुआत 2013 में इस्लामाबाद में तत्कालीन चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग की यात्रा के दौरान हुए 'सीमा प्रबंधन प्रणाली समझौते' से हुई थी। भारत के विरोध का कारण यह है कि इस इस आयोग की आड़ में चीन शक्सगाम घाटी और सियाचिन ग्लेशियर के पास भारी सैन्य ढांचा खड़ा कर सकता है। लद्दाख की शक्सगाम घाटी में चीनी कब्जे के मजबूत होने से भारतीय सेना के उत्तरी मोर्चे पर टू-फ्रंट वॉर का दबाव बढ़ेगा।

# मां का टोटका और अंधरी ...




**डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह**
**सहायक प्राध्यापक (रसायन विज्ञान)**
**एस एन कॉलेज शाहमल खैरा देव (रोहतास)**


अमरत्व पर यह एक अटल सत्य है कि जब इंसान जीवन के संघर्षों और कठिन परिश्रम के पश्चात् अपने मुकाम पर पहुँचता है, तो पीछे पलटकर एक बार जरूर देखता है कि मेरी कामयाबी के पीछे किन अदृश्य आशीर्वादों और शुभकामनाओं की अहम भूमिका रही। माँ-पिता के पुण्य और आशीर्वाद की तो बात ही अलग है। इसके इतर जीवन के सफर में कुछ ऐसे लोग भी आते हैं, जो कुछ न होते हुए भी आपके लिए बहुत अहम बन जाते हैं।

इस लेख के शीर्षक में प्रयुक्त शब्द भले ही आपके लिए अरुचिकर जान पड़ता हो, किन्तु मेरे लिए यह शब्द एक व्यक्ति विशेष को इंगित करता है, जिसे मैं बड़े ही विनम्र भाव से याद करता हूँ।

मैं अपने माता-पिता की आठ संतानों में छठवें स्थान पर जन्मा। मुझसे बड़ी चार बहनें और एक भाई। दो बहनों के बाद एक भाई का भी जन्म हुआ था, जो 12 वर्ष की अवस्था में अकाल मृत्यु को प्राप्त हो गया। मेरी माताजी के लिए यह घटना दुख के पहाड़ जैसी थी। उनके गुजरने के बाद मेरा जन्म हुआ।

आज से पचास वर्ष पूर्व हमारे समाज में तांत्रिक, भूत-प्रेत, जादू-टोना का प्रभाव किसी भगवान से कम नहीं माना जाता था। किसी ने मेरी सीधी-सादी माँ के मन में यह बात बैठा दी कि जिस पुत्र की आँख की बायीं ओर तिल हो, वह तुम्हारा वही पुराना पुत्र बनकर जन्म लेकर आया है। अब तो मेरी सुरक्षा के लिए कवच पहनाना प्रारम्भ हो गया।

मेरे गाँव में फणीश्वर नाथ रेणु की कहानी- ठेस का पात्र सिरचन की तरह बांस की विभिन्न प्रकार की जरूरत वाली चीजों को बनाने वाली वाल्मीकि समाज की एक बूढ़ी महिला आया करती थी, जो आँखों से शायद कम देखने के बावजूद भी अपनी कला में अत्यंत निपुण थी। मेरी माँ को मेरे अमंगल को दूर करने के लिए किसी महामानव की खोज थी। किसी ने उन्हें बता दिया कि यदि किसी अछूत के हाथों अपने बेटे को तांत्रिक विधि से बेच देगी तो आपका बेटा अमर हो जाएगा। उस बूढ़ी माता के आशीर्वाद की कीमत एक रुपया और एक पसेरी चावल तय हुई। दही,भात और गुड़ का भोग लगा। उस बूढ़ी महान आत्मा ने अपने जर्जर शरीर से मेरे गाँव में आकर मेरे अमंगल का वरण कर मुझे अपना बना लिया।

आज जब मैं सोचता हूँ तो यह केवल एक टोटका नहीं था, बल्कि एक माँ की ममता की पराकाष्ठा थी। विज्ञान की कसौटी पर यह अंधविश्वास लग सकता है, पर पचास वर्ष पहले के ग्रामीण परिवेश में, जहाँ चिकित्सा सुविधाएँ नगण्य थीं, वहाँ यही टोटके एक माँ का एकमात्र सहारा थे। मेरी माँ ने एक पुत्र खोया था, वह दूसरे को किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहती थी।

उस अंधरी डोमिन ने जो ममता दी, वह आज भी जीवित है। समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़ी, आँखों से कम दिखने वाली उस कलाकार महिला के हाथों में जादू था - बांस से टोकरी, सूप, दौरी बनाने का जादू, और एक अनजान बच्चे को आशीर्वाद देकर जीवन भर के लिए ऋणी बना देने का जादू। उसने मुझे एक रुपये में खरीदकर फिर मेरी माँ को लौटा दिया - यह प्रतीक था कि अब इस बच्चे पर बुरी नजर नहीं रहेगी, क्योंकि यह तो अब दो माताओं का बेटा है, और दो माताओं का बेटा अमर होता है।

मेरी माँ तो अब नहीं रहीं, पर दोनों माताओं का आशीर्वाद आज भी मेरी रक्षा करता है। यही भारतीय संस्कृति का सौंदर्य है - जहाँ जात-पात से परे केवल मानवता और ममता ही सबसे बड़ा मंत्र है।

निष्कर्षतः-जीवन में डिग्रियाँ, पद, प्रतिष्ठा सब मिल जाता है, पर बचपन की वे स्मृतियाँ और अनगढ़ आशीर्वाद ही हमें इंसान बनाए रखते हैं। आज मैं जो कुछ भी हूँ, उसमें मेरी जननी माँ के साथ उस अंधरी डोमिन माँ का भी उतना ही योगदान है। उस अनपढ़, गरीब महिला ने मुझे जो जीवन-दान दिया, वह किसी विश्वविद्यालय की डिग्री से बड़ा है। दोनों पुण्यात्माओं को कोटि-कोटि नमन!

# एआई की बदलती दुनिया में महिलाएं

आज हम तकनीक की दुनिया में नया सवेरा देखने को बेचैन हैं। कभी इंटरनेट ने दुनिया को जोड़ने की दूरी मिटाई थी। कभी स्मार्टफोन ने सूचना को उँगलियों पर ला दिया। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव जीवन के लगभग हर क्षेत्र में अपनी दस्तक दे रही है। वह केवल कंप्यूटर की स्क्रीन पर चलने वाली कोई तकनीक नहीं रह गई है। विज्ञान, नवाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, प्रशासन, संचार और सामाजिक परिवर्तन की भाषा को भी नए सिरे से गढ़ रही है। लेकिन जब दुनिया तकनीक की इस नई दौड़ में आगे बढ़ रही है, तब एक सवाल बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि बदलाव की कहानी में महिलाओं की स्थिति क्या है? यूएन विमेन ने एशिया-प्रशान्त क्षेत्र में एक नई पहल शुरू की है- एआई स्कूल। यह पहल केवल तकनीकी ज्ञान देने का प्रयास नहीं है। महिलाओं और लैंगिक समानता के लिए काम करने वाले लोगों को उस भविष्य के लिए तैयार करने की कोशिश है, जिसकी पटकथा आज एआई लिख रही है। एआई को अक्सर ऐसी शक्ति के रूप में देखा जा रहा है, जो भविष्य की तस्वीर बदल सकती है। मगर भविष्य की वह तस्वीर कैसी होगी, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उसे बनाने वाले हाथ कितने समावेशी हैं।

यूएन विमेन के एशिया-प्रशान्त क्षेत्रीय कार्यालय का एआई स्कूल इसी विचार को केंद्र में रखता है। इसका उद्देश्य लैंगिक समानता के कार्यकर्ताओं को एआई के प्रभावी उपयोग से परिचित कराना है, ताकि वे सामाजिक बदलाव के पीछे मूल चिंता यही है कि महिलाएँ और लड़कियाँ एआई क्रांति की राह में पीछे न छूट जाएँ। लैंगिक समानता के लिए एआई साक्षरता और नवाचार का अग्रणी क्षेत्र बनाना आवश्यक है। महिलाओं को केवल एआई की उपभोक्ता बनाना पर्याप्त नहीं है। उन्हें इसके डिजाइन, विकास और निर्णय-निर्माण में भी स्थान मिलना चाहिए। इसका अर्थ है एआई की दुनिया में महिलाओं के लिए केवल दर्शक दीर्घा नहीं, बल्कि मंच पर बराबर की जगह होनी चाहिए। हम सब जानते हैं तकनीक जितनी चमकदार दिखाई देती है, उसके भीतर छिपी असमानताएँ उतनी ही गहरी हो सकती हैं। दुनिया के आंकड़े बताते हैं कि आज 130 से अधिक राष्ट्रीय एआई नीतियों के अध्ययन में केवल 24 नीतियों में लैंगिक मुद्दों का उल्लेख पाया गया। यह अंतर केवल आंकड़ों का अंतर नहीं है, यह उस खामोशी का संकेत है, जिसमें महिलाओं की आवश्यकताएँ और अनुभव अक्सर तकनीकी नीतियों तक पहुँच ही नहीं पाते। विश्व के लोग एकजुट हो रहे हों, जब भविष्य की नीतियाँ बन रही हों और आधी आबादी की आवाज़ उस कमरे में सुनाई न दे, तो तकनीक का भविष्य कितना समावेशी होगा, यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से सामने आता है और आना भी चाहिए। इसीलिए एआई स्कूल प्रतिभागियों को नीति निर्माण की प्रक्रियाओं में भाग लेने, लैंगिक-समावेशी एआई डिजाइन करने और तकनीक से जुड़े पूर्वाग्रहों तथा हिंसा के खतरों को समझने के लिए तैयार करने जा रहा है। आज के समय में साक्षरता का अर्थ केवल अक्षरों और शब्दों को पढ़ लेना नहीं है। जिस तरह पिछली सदी में कंप्यूटर साक्षरता ने नई संभावनाओं के द्वार खोले थे, उसी तरह एआई साक्षरता आने वाले समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बनती जा रही है। एआई स्कूल के पाठ्यक्रम में एआई की बुनियादी समझ के साथ-साथ जिम्मेदार डिजाइन और उसके व्यावहारिक उपयोग से जुड़े विषय शामिल हैं। अब संचार, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों के लिए विशेष मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। इस शिक्षा का उद्देश्य केवल लोगों को नए-नए एआई उपकरणों की सूची थमा देना नहीं है। असली उद्देश्य यह समझ विकसित करना है कि एआई का उपयोग कब करना चाहिए, कब नहीं करना चाहिए। एआई के साथ सुविधा आती है, लेकिन उसके साथ सवाल भी आते हैं जैसे गोपनीयता का सवाल, कॉपीराइट का सवाल, विश्वसनीयता का सवाल और सबसे बढ़कर मानवीय विवेक का सवाल। कभी-कभी एक मशीन हजारों शब्द कुछ ही क्षणों में लिख सकती है, लेकिन किसी इंसान की संवेदना से निकली एक छोटी-सी कहानी कहीं अधिक प्रभावशाली हो सकती है। एआई को निष्पक्ष मशीन मान लेना शायद सबसे बड़ी भूलों में से एक भूल हो सकती है, ऐसा एआई विशेषज्ञों का मानना है। एआई जिस डेटा से सीखती है, वह डेटा उसी समाज से आ रहा है, जिसमें असमानताएँ और पूर्वाग्रह पहले से मौजूद हैं। यदि निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी सीमित है और यदि डिजिटल दुनिया में भी पुराने सामाजिक पूर्वाग्रह मौजूद हैं, तो एआई उन पूर्वाग्रहों की परछाई अपने भीतर ले सकती है। अब डीपफेक, ऑनलाइन उत्पीड़न, स्टॉकिंग और तकनीक-आधारित हिंसा जैसे मामलों ने डिजिटल सुरक्षा को गंभीर मुद्दा बना दिया है। विशेष रूप से महिलाओं को ऐसे खतरों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए एआई का विकास केवल तेज, सक्षम और बुद्धिमान प्रणालियाँ बनाने तक सीमित नहीं रह सकता। उसमें सुरक्षा, गरिमा और समानता के तत्व भी शामिल करने होंगे। फिर भी एआई को केवल खतरे की दृष्टि से देखना तस्वीर का दूसरा पहलू अधूरा छोड़ देना होगा। यही वह क्षेत्र है, जहाँ एआई महिलाओं के लिए नए अवसर भी खोल सकती है। आज वेबसाइट या ऐप बनाने के लिए हर व्यक्ति का कंप्यूटर साइंस में विशेषज्ञ होना अनिवार्य नहीं है। एआई के कुछ उपकरण तकनीकी ज्ञान की पारंपरिक बाधाओं को कम कर सकते हैं। इससे शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक पैरोकारी के क्षेत्रों में नई संभावनाएँ पैदा हो सकती हैं। दुनिया के कई देशों के अध्ययन से पता चलता है कि एआई स्कूल से जुड़ी प्रतिभागियों की कहानियाँ इस बदलाव की झलक देती हैं। एक प्रतिभागी, जो शुरुआत में एआई को लेकर भयभीत थीं और मानती थीं कि यह दुनिया को नुकसान पहुँचा सकती है, प्रशिक्षण के बाद अपनी परियोजनाओं में एआई का उपयोग करने लगीं। उनके अनुसार, जिस काम में पहले सप्ताह लगते थे, उसे अब कुछ घंटों में पूरा किया जा सकता है। यह बदलाव केवल समय बचाने का नहीं है। यह भय से समझ, और समझ से सशक्तीकरण की यात्रा भी मानी जा सकती है। एआई का नारीवादी नेताओं, जलवायु न्याय कार्यकर्ताओं, उद्यमियों, शिक्षाविदों और वंचित समुदायों से जुड़े पेशेवरों को भी प्रशिक्षण हो रहा है। एआई का प्रभाव केवल तकनीकी प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहेगा।

अध्यात्म

## गुस्सा आने पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय कुछ क्षण रुकें

बहुत समय पहले एक संत थे, जो अपने शांत और सरल स्वभाव के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने जीवन में कभी किसी पर क्रोध नहीं किया था। उनके आश्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग प्रवचन सुनने आते थे। संत सभी को यही शिक्षा देते थे कि क्रोध से कभी किसी समस्या का समाधान नहीं होता। यदि कोई आपका अपमान भी करे, तब भी संयम बनाए रखना चाहिए। संत की बढ़ती प्रसिद्धि से कुछ लोग ईर्ष्या करने लगे। उनमें से एक व्यक्ति ने घोषणा कर दी कि वह संत का असली चेहरा सबके सामने लाकर रहेगा और उन्हें क्रोधित करके उनकी सच्चाई साबित करेगा। अगले दिन वह व्यक्ति आश्रम पहुंचा। वहां मौजूद लोगों के सामने उसने संत को अपशब्द कहना शुरू कर दिया। उसने झूठे आरोप लगाए कि यह संत नहीं, बल्कि चोर है। रात में चोरी करता है और दिन में साधु बनने का ढोंग करता है। इतना ही नहीं, उसने संत के पूरे परिवार पर भी झूठे आरोप लगाने शुरू कर दिए। आश्रम में मौजूद लोग यह सब सुनकर हैरान थे। सभी को लगा कि अब संत अवश्य क्रोधित होंगे, लेकिन संत शांत भाव से उसकी बातें सुनते रहे। उनके चेहरे पर न गुस्सा था, न ही किसी प्रकार की बेचैनी। जब वह व्यक्ति लगातार बोलते-बोलते थक गया, तब संत ने उसे एक गिलास पानी दिया और मुस्कुराकर बोले, 'तुम काफी देर से बोल रहे हो, निश्चित ही तुम्हें प्यास लगी होगी। पहले पानी पी लो।' संत का यह व्यवहार देखकर वह व्यक्ति शर्म से झुक गया। उसने तुरंत संत के चरणों में गिरकर क्षमा मांगी। उस व्यक्ति ने कहा, 'मैंने आपको इतना कुछ कहा, लेकिन आपको क्रोध नहीं आया।' तब संत ने कहा, 'तुम जो शब्द मेरे लिए लाए थे, मैंने उन्हें स्वीकार ही नहीं किया। जिसे हम ग्रहण नहीं करते, वह हमारे पास ठहरता भी नहीं। मान लो अगर को व्यक्ति तुम्हें कोई उपहार दे और तुम उसे लेने से मना कर दो, उसे स्वीकार ही न करो, तो वह उपहार, उसी व्यक्ति के पास ही रहेगा। ठीक इसी तरह मैंने तुम्हारे बुरे शब्दों को स्वीकार ही नहीं किया।' संत की यह सीख उस व्यक्ति के जीवन की दिशा बदल गई। उसने समझ लिया कि सच्ची जीत दूसरों को हराने में नहीं, बल्कि अपने क्रोध पर विजय पाने में है।

**सीखः** गुस्सा आने पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय कुछ क्षण रुकें। यही छोटा-सा विराम बड़े विवाद को टाल सकता है। हर आलोचना सच नहीं होती। कई बार लोग अपनी सोच, ईर्ष्या या परिस्थितियों के कारण कठोर बातें कह देते हैं। उन्हें अपने आत्मसम्मान का आधार न बनाएं।

# बैंक का ऋण-माफ़ नहीं, फिर भी सवाल बड़ा है

**संसद में दी गई जानकारी के अनुसार पिछले 12 वित्तीय वर्षों में बैंकों ने बड़े कॉरपोरेट और सेवा क्षेत्र को दिए गए 9.95 लाख करोड़ के ऋण राइट-ऑफ किए हैं। 2018-19 में राइट-ऑफ की राशि 1,48,753 करोड़ के उच्चतम स्तर पर थी, जो 2025-26 में घटकर रू. 20,485 करोड़ रह गई। राइट-ऑफ की राशि घटने के बावजूद पुराने खराब ऋणों की वसूली और निपटारे का सवाल बना हुआ है। राइट-ऑफ मुख्यतः एक लेखांकन प्रक्रिया है, जिसके तहत बैंक अपनी पुस्तकों में ऐसे ऋण को हटा देता है या उसका मूल्य समायोजित करता है, जिसकी वसूली अत्यंत कठिन हो गई है। इससे बैंक की बैलेंस शीट और एनपीए अनुपात में सुधार दिखाई दे सकता है, लेकिन कर्जदार की देनदारी समाप्त नहीं होती और बैंक उपलब्ध कानूनी एवं अन्य साधनों से वसूली जारी रख सकता है। सवाल इसलिए केवल यह नहीं है कि कितने करोड़ रुपये राइट-ऑफ हुए, बल्कि यह भी है कि बड़े ऋण खराब ही क्यों हुए? ऋण देते समय उधारकर्ता की पिछले तीन वर्षों की बैलेंस शीट, निधि प्रवाह और नकदी प्रवाह का विश्लेषण, संबंधित सरकारी नियमों और बाजार की संभावनाओं का आकलन किया जाता है।**

बैंकिंग व्यवस्था में आम आदमी और बड़े कॉरपोरेट के लिए कर्ज की कहानी अलग-अलग दिखाई देती है। कोई व्यक्ति बाइक, मकान या कृषि व छोटे कारोबार का ऋण समय पर न चुका पाए तो बैंक कठोर वसूली विकल्प तलाशते हैं। ब्याज, दंड, नोटिस और क्रेडिट स्कोर पर असर के साथ-साथ बैंक राजस्व वसूली प्रमाण-पत्र (आरआरसी) जैसी कार्रवाई भी कर देते हैं। लेकिन हजारों करोड़ का कॉरपोरेट ऋण फँसने पर वसूली के कठोर विकल्पों के बजाय नरम रास्ते खुले रखे जाते हैं और लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद उसका निपटारा बहुत कम राशि की वसूली पर सौदेबाजी से होता है।

संसद में दी गई जानकारी के अनुसार पिछले 12 वित्तीय वर्षों में बैंकों ने बड़े कॉरपोरेट और सेवा क्षेत्र को दिए गए 9.95 लाख करोड़ के ऋण राइट-ऑफ किए हैं। 2018-19 में राइट-ऑफ की राशि 1,48,753 करोड़ के उच्चतम स्तर पर थी, जो 2025-26 में घटकर 20,485 करोड़ रह गई। राइट-ऑफ की राशि घटने के बावजूद पुराने खराब ऋणों की वसूली और निपटारे का सवाल बना हुआ है। राइट-ऑफ मुख्यतः एक लेखांकन प्रक्रिया है, जिसके तहत बैंक अपनी पुस्तकों में ऐसे ऋण को हटा देता है या उसका मूल्य समायोजित करता है, जिसकी वसूली अत्यंत कठिन हो गई है। इससे बैंक की बैलेंस शीट और एनपीए अनुपात में सुधार दिखाई दे



सकता है, लेकिन कर्जदार की देनदारी समाप्त नहीं होती और बैंक उपलब्ध कानूनी एवं अन्य साधनों से वसूली जारी रख सकता है। सवाल इसलिए केवल यह नहीं है कि कितने करोड़ रुपये राइट-ऑफ हुए, बल्कि यह भी है कि बड़े ऋण खराब ही क्यों हुए? ऋण देते समय उधारकर्ता की पिछले तीन वर्षों की बैलेंस शीट, निधि प्रवाह और नकदी प्रवाह का विश्लेषण, संबंधित सरकारी नियमों और बाजार की संभावनाओं का आकलन किया जाता है। इसके साथ 'फाइव पी' और 'फाइव सी' जैसे मानकों के आधार पर उधारकर्ता की साख, पुनर्भुगतान क्षमता, पूंजी, संपार्श्विक प्रतिभूति और कारोबारी जोखिम को भी परखा जाता है। 'इतनी व्यापक जांच के बावजूद बड़े ऋण एनपीए में बदलते हैं, तो ऋण-मंजूरी और निगरानी की प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है। आरबीआई के अनुसार, सावधि ऋण में ब्याज या मूलधन 90 दिनों से अधिक बकाया रहने पर तथा ओवरड्राफ्ट या कैश क्रेडिट खाते के 'आउट ऑफ ऑर्डर' होने पर उसे एनपीए माना जाता है। भुगतान में चूक के शुरुआती संकेतों पर बैंक निगरानी और वसूली शुरू करता है तथा स्थिति बिगड़ने पर खाते को अवमानक, संदिग्ध या हानि परिसंपत्ति की श्रेणी में रखता है। शत-प्रतिशत प्रावधान के बाद बैंक हानि परिसंपत्ति को राइट-ऑफ कर सकता है।

यही पृष्ठभूमि सुभाष चंद्रा के मामले को महत्वपूर्ण बनाती है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) की कार्यवाही में चंद्रा के खिलाफ लगभग 22,006.57 करोड़ के दावे स्वीकार किए गए थे। इसके मुकाबले उनके व्यक्तिगत संसाधनों से लगभग 6.25 करोड़ देने की योजना सामने आई। इस अंतर को देखते हुए इसे लगभग 99.97 प्रतिशत का 'हेयरकट' कहा गया, यानी मूल दावे की तुलना में बहुत कम राशि की वसूली। यह सीधे-सीधे 22,000 करोड़ का बैंक ऋण राइट-ऑफ या ऋण-माफी नहीं था। ये दावे मुख्यतः समूह की कंपनियों के ऋणों से जुड़ी व्यक्तिगत गारंटियों के आधार पर किए गए थे। चंद्रा की व्यक्तिगत परिसंपत्तियाँ इन दावों की तुलना में 'बहुत कम' आंकी गई थीं।

बड़े ऋणों में परिसंपत्तियों के मूल्यांकन पर भी सवाल उठते हैं। ऋण लेते समय संपार्श्विक प्रतिभूति का जो मूल्य निर्धारित किया जाता है, ऋण खाता खराब होने पर बैंक को उसी संपत्ति की संकटकालीन बिक्री के लिए क्यों विवश होना पड़ता है? ऐसी बिक्री में संपत्ति का मूल्य उचित बाजार मूल्य से काफी कम हो सकता है। ऐसे में सवाल है कि ऋण देते समय संपत्ति का मूल्य और वसूली के समय उसका आरक्षित मूल्य इतना अलग क्यों होता है? इसलिए परिसंपत्तियों का निष्पक्ष और वास्तविक मूल्यांकन तथा ऐसी स्थिति आने से पहले प्रभावी निगरानी और बेहतर वसूली व्यवस्था जरूरी है। इस मामले में मतदान प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठे। योजना का विरोध करने वाले बैंकों की सामूहिक मतदान हिस्सेदारी 19.18 प्रतिशत थी। इन बैंकों का आरोप है कि योजना के पक्ष में मतदान करने वाली कुछ संस्थाओं का चंद्रा या उनसे जुड़े कारोबारी हितों से संबंध था। यदि ऐसा था, तो स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि दिवाला समाधान प्रक्रिया में हितों के टकराव से बचने के लिए पर्याप्त सुरक्षा-व्यवस्था थी या नहीं।

यहीं दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), 2016 की भूमिका सामने आती है। इसका उद्देश्य संकटग्रस्त कंपनियों के समयबद्ध समाधान के साथ परिसंपत्तियों का मूल्य बचाना और व्यवहार्य कारोबार को बनाए रखना है। कॉरपोरेट दिवाला मामलों में एनसीएलटी निर्णायक प्राधिकरण है। फिर भी आईबीसी के तहत वसूली की दर चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले पाँच वर्षों में मामलों में औसत वसूली लगभग 29 प्रतिशत रही और 2025-26 में यह घटकर करीब 20 प्रतिशत रह गई। इसका एक अर्थ यह हो सकता है कि संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान में समयबद्धता आई है, लेकिन दूसरा सवाल यह है कि क्या समाधान के दौरान बैंकों और दूसरे ऋणदाताओं के हितों की पर्याप्त रक्षा हो रही है। मामला यहीं समाप्त नहीं हुआ। बाद में एनसीएलटी की पाँच सदस्यीय पीठ ने सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करते हुए पहले के आदेश पर रोक लगा दी। चंद्रा को अपनी संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री से भी रोक दिया गया। इसी बीच सीबीआई ने सुभाष चंद्रा और अन्य लोगों के खिलाफ एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस से जुड़े 1,322 करोड़ से अधिक के कथित धोखाधड़ी मामले में नेटवर्थ अधिक दिखाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। इन घटनाओं को देखते हुए मूल प्रश्न फिर सामने आता है–हजारों करोड़ रुपये का ऋण संकट में पहुँचने पर जिम्मेदारी केवल कर्जदार की क्यों मानी जाए? सुभाष चंद्रा प्रकरण को इसलिए केवल एक व्यक्ति की दिवाला प्रक्रिया के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह उस व्यवस्था की परीक्षा है जिसमें जनता की जमा राशि से दिए गए बड़े ऋण खराब होते हैं और हर चरण पर किसी न किसी संस्था की जिम्मेदारी बनती है। आरबीआई, बैंक बोर्ड और ऑडिट एजेंसियों की जवाबदेही भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है, जितनी ऋण देने और उसकी निगरानी से जुड़े अधिकारियों की।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज खर्चों पर नजर और काम में सुधार दिखेगा। पैसों की स्थिति सुधारने के लिए पुराने खर्चों का हिसाब देखना सही रहेगा। रुके हुए बिल, बचत और जरूरी खर्चों पर ध्यान दें।

**वृषभ**
आज निवेश, कर्ज या परिवार के पैसों से जुड़े मामलों पर ध्यान देना होगा। किसी के कहने पर तुरंत कोई फैसला न लें। कागजात की बातें समझकर ही आगे बढ़ें।

**मिथुन**
आज भविष्य में पैसे सुरक्षित रखने की सोच मन में आएगी। बचत बढ़ाने और फालतू खर्च रोकने के मौके मिलेंगे। मंगलदेव के असर से जल्दबाजी न करें। पैसों से जुड़ा

**कर्क**
आज लंबे समय की सोच और दफ्तर में मान सम्मान मिलेगा। पैसों के मामले में समझदारी भरी सोच देंगे। बचत की पुरानी योजनाओं को बेहतर बनाने और घर के खर्चों का सही नियम तय करने से आने वाले समय में आर्थिक मजबूती बनी रहेगी।

**सिंह**
आज दिखावे से दूरी और जिम्मेदारियों की समझ दिखाएं। धीरे-धीरे बढ़े हुए छोटे खर्चों पर नजर रखें। अपनी असली जरूरतों के हिसाब से बजट बनाएं, केवल दिखावे या नाम के लिए पैसा खर्च करने से आज आपको बचना चाहिए।

**कन्या**
आज सही हिसाब और काम में निखार आएगा। आप फालतू खर्चों को तुरंत पकड़ लेंगे। कागजी काम या लेन-देन से जुड़े मामलों में पूरा समय लेकर ही फैसला लेना आपके लिए बेहतर होगा।

**तुला**
आज बजट में संतुलन और मिठास भरी बोली से लाभ होगा। अपनी पसंद की चीजों पर खर्च करने का मन हो सकता है। खुद की खुशी के लिए खर्च करना ठीक है, पर अपने बजट में रहें।

**वृश्चिक**
आड छुपे खर्चों की जांच और शांत मेहनत रंग लाएगी। बचत और आने वाले खर्चों को लेकर साफ रहें। घबराहट में कोई फैसला न लें, सही जानकारी देखकर ही आगे बढ़ना सही रहेगा।

**धनु**
आज पैसों के बड़े फैसलों में सावधानी रखें। बड़े खर्चों के चक्कर में छोटे-छोटे भुगतानों और बजट की अनदेखी न करें। नए वादे करने से पहले अपनी पुरानी जिम्मेदारियों और बचत का हिसाब जरूर पूरी तरह लगा लें।

**मकर**
आज समय नियम से बचत और जिम्मेदारी का अहसास दिलाएगा। फालतू खर्च कम करके बचत की सही योजना बनाई जा सकती है। केवल ऊपर से अच्छे दिखने वाले मौके में पैसा लगाने का जोखिम न लें।

**कुंभ**
आज समझदारी से कदम और नई राह सामने आएगी। पैसों की व्यवस्था को थोड़ा नियम में लाने की जरूरत होगी। कमाई के नए रास्तों या दफ्तर के फायदों पर विचार हो सकता है।

**मीन**
आज आपकी सोच अपनी जरूरतों और भविष्य के खर्चों के बीच संतुलन बनाने की सोच रहेगी। जल्दबाजी से बचने की सलाह दे रहे हैं। पुरानी योजनाओं को फिर से देखें, थोड़ा-थोड़ा सुधार भी आपको मजबूत बनाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ में महिला की संदिग्ध हालत में मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के पुराईबागी गांव में महिला की संदिग्ध स्थिति में शनिवार को मौत हो गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर छानबीन कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक की पहचान प्रतिमा देवी के रूप में की गई है मृतका की मां ने बताया कि प्रतिमा और उसके पति में अक्सर विवाद होता था। पति 3 महीने से काम के सिलसिले में गुजरात गया हुआ है। इसी दौरान फोन पर बातचीत हो रही थी। हालांकि दोनों के बीच में विवाद बना हुआ था। प्रतिमा के दो छोटे बच्चे हैं (कुछ दिन पूर्व प्रतिमा अपने मायके गई थी जिसको लेकर पति और प्रतिमा के बीच में फिर अनबन शुरू हो गई। इसी बीच पति ने प्रतिमा को बाजार जाने से मना किया था जिसके बाद हादसा सामने आया। पुलिस मौत के कारणों को लेकर जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों ने फिलहाल पुलिस को लिखित सूचना नहीं दी है।

### दूसरी शादी रचाई, फिर घर से निकालने की दे रहा धमकी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दाहौर गांव में मुकेश कुमार ने पहले मुस्कान कुमारी के साथ प्रेम प्रसंग के दौरान धोखे से दूसरी शादी रचाई। इसके बाद उसने 7 महीने बाद ही मारपीट कर घर से निकालने की धमकी दी है इस घटना को लेकर मुस्कान के भाई सनी कुमार ने बाढ़ थाने में लिखित सूचना देकर कार्रवाई करने की मांग की है ।सनी कुमार ने बताया कि मुकेश अपनी दोनों पत्नी के साथ रह रहा है। दूसरी पत्नी और उसकी बहन को वह मायके में रहने के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहा है।इस दौरान उसके पिता शिव कुमार महतो के साथ मारपीट भी की है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### मकान खाली करने की बजाय दी जान मारने की धमकी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में महेश प्रसाद को उसके घर के किरायदार ने घर खाली करने की जगह जान मारने की धमकी दिया। इस संबंध में महेश ने बताया कि वह अपनी पत्नी ममता देवी के नाम से छह धूर जमीन और उसमें बना हुआ मकान खरीदा था। इस मकान में किरायदार के रूप में राजेश कुमार को उसने रहने के लिए दिया। बाद में जब उसने खाली करने के लिए कहा तो झगड़ा शुरू कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में राजेश कुमार और प्रिंस कुमार पर केस दर्ज कर लिया है।

### महिला बंदियों के बीच मधुबनी पेंटिंग प्रशिक्षण शुरू

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ जेल में शनिवार को कोर ग्राउंड फाउंडेशन की टीम ने महिला बंदियों के बीच मधुबनी पेंटिंग प्रशिक्षण देने की शुरुआत की। इस दौरान रोजगार के साधन, आत्मनिर्भरता, सामाजिक दशा सुधारने को लेकर एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर निदेशक नेहा परवीन, जेल अधिकारी फरहत , गौतम, ट्रेनर ममता भारती आदि आदि मौजूद रहे। 20 महिला बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल पर भी कार्यक्रम चलाया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात भिखारी की मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेल खंड पर मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज सुबह करीब 7:30 बजे पुनपुन घाट के बीच ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की कटकर मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जीआरपी थाना को सूचना दी। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक भिखारी था और इधर-उधर घूमता रहता था। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि पटना-गया रेल खंड में तारेगना से लेकर पुनपुन घाट तक कभी प्लेटफार्म पर तो कभी ट्रेन से कटकर मौत का सिलसिला जारी है। पिछले एक हफ्ते में जीआरपी पुलिस द्वारा अब तक तीन शव बरामद किए जा चुके हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता है।

### दो दिन से लापता युवक सकुशल बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड के महदीपुर गांव से दो दिन से लापता युवक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। केवड़ा ओपी अंतर्गत महदीपुर निवासी रीता देवी पति राजकुमार पासवान ने 19 सितंबर 2026 को थाना में सूचना दी थी कि उनका बेटा सूरज कुमार 17 सितंबर 2026 से घर से लापता है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। उक्त टीम के सहयोग से तकनीकी अनुसंधान और छापेमारी करते हुए पुलिस ने लापता युवक सूरज कुमार को भोगीपुर थाना गोपालपुर से सही सलामत बरामद कर लिया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद युवक को उसकी मां रीता देवी को सुपुर्द कर दिया। सकुशल बेटे की वापसी से परिजनों में खुशी का माहौल है।



### लोसपा ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (लोसपा) की अनुमंडल इकाई द्वारा मसौढ़ी अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली को एक मांग पत्र सौंपा गया। पार्टी ने ज्ञापन में दो मुख्य मांगें रखी जिसमें चिकित्सा को मौलिक अधिकार बनाने और हिंदी भाषियों एवं गैर मराठियों से भाषण प्रमाण पत्र मांगना बंद करने की मांग को लेकर मसौढ़ी के डाक बंगला चौराहे के पास पार्टी द्वारा एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा में पार्टी के प्राधिकारी अकलू और अनुमंडलीय उपसंयोजक श्रीकांत कुमार ने शिरकत की और सभा को संबोधित किया। इसके अलावा लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्राधिकारी धीरेंद्र पासवान मुन्ना ने भी संबोधन करते हुए केंद्र सरकार से मांगों पर अविलंब कार्रवाई करने की मांग की।



### सोने की चेन और 15 हजार लूटे, काली थार सवार तीन युवकों पर आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के गंगाचक मलिकाना स्थित कबाड़ी दुकान में रविवार शाम लूटपाट और मारपीट की घटना से अफरातफरी मच गई।पीड़ित बैजनाथ केसरी के पुत्र श्यामबाबू केसरी उर्फ मुन्ना केसरी ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत दी है। आरोप है कि रविवार शाम करीब 5 बजे वह अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी काले रंग की थार से तीन युवक पहुंचे और बिना कारण उलझकर मारपीट करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने उनके गले से सोने की चेन और गल्ले से 15 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गए।शिकायत में एक आरोपी की पहचान धनरूआ थाना के कोल्हाचक निवासी सदन यादव के पुत्र ओंकार यादव के रूप में की गई है, साथ में दो अन्य अज्ञात युवक थे। पीड़ित ने थार का नंबर भी आवेदन में दर्ज किया है। घटना का पूरा वीडियो दुकान के पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है, जिसे पुलिस को सौंपा गया है।घटना के बाद मौके पर दुकानदारों में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### समूहगान प्रतियोगिता में आर्य कन्या विद्यालय रहा प्रथम

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा नगर परिषद क्षेत्र स्थित डीएवी स्कूल के सभागार में रविवार को भारत विकास परिषद के दक्षिण प्रांत की मोकामा स्थित जय बाबा परशुराम शाखा की ओर से राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के वैदिक रीति-रिवाज से स्वागत के साथ हुई।मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री डॉ. बाल्मीकि कुमार एवं प्रांतीय महासचिव डॉ. रंजन आशुतोष शरण ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान शाखा की ओर से खेलकूद के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, कोच एवं शिक्षकों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इसके बाद आयोजित समूहगान प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय मरांची की 8 छात्राओं, रामकृष्ण रुद्रावती विद्यालय की 7, आर्य कन्या विद्यालय की 7 तथा श्री कृष्ण मारवाड़ी उच्च विद्यालय की 9 छात्राओं ने हिंदी एवं संस्कृत में समूहगान प्रस्तुत किया। छात्राओं की प्रस्तुतियों ने सभागार में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रंजीत कुमार सिन्हा, एमके राजू एवं रीना श्री शामिल रहे। निर्णायक मंडल के प्रदर्शन के आधार पर आर्य कन्या विद्यालय को प्रथम, श्री कृष्ण मारवाड़ी उच्च विद्यालय को द्वितीय तथा मध्य माध्यमिक विद्यालय मरांची को तृतीय स्थान प्रदान किया।कार्यक्रम में भारत विकास परिषद मोकामा शाखा के सचिव अविनाश कुमार चंदन, संरक्षक संजीव कुमार मंगलम, अध्यक्ष संजीव कुमार, नवीन कुमार, दिलीप कुमार टुनटुन, नगर अध्यक्ष राहुल रंजन समेत बड़ी संख्या में लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# आशियाने की आस में पथराई आंखें, नहीं मिला आवास योजना का लाभ







**शशि तुलस्यान**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक तरफ सरकार गरीबों को पक्का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा कर रही है, तो दूसरी तरफ जमीनी हकीकत सरकारी दावों की पोल खोल रही है। मसौढ़ी के धनरुआ प्रखंड के लोदीपुर गांव के वार्ड नंबर 8 की तस्वीर इसी सिस्टम की नाकामी का आईना है।यहां दो दर्जन से अधिक महादलित परिवार आज भी मिट्टी की झोपड़ी और पॉलिथीन के नीचे रहने को मजबूर हैं। कई बुजुर्ग महिलाओं का दर्द यह है कि शादी के बाद से बूढ़ी हो गईं, लेकिन अपना पक्का आशियाना आज तक नसीब नहीं हुआ। वंचित लाभुकों ने आरोप लगाया है कि पंचायत के मुखिया द्वारा कहा जाता है कि तुमने हमें वोट नहीं दिया, इसलिए तुम्हें आवास नहीं मिलेगा। अगर यह आरोप सच है तो यह बेहद शर्मनाक है और सरकारी योजना के बंदरबांट का बड़ा उदाहरण है। ग्रामीणों का कहना है कि हर पंचायत में आवास सहायक की नियुक्ति की गई है, जिसका काम गांव-गांव घूमकर सर्वे करना और जरूरतमंदों का चयन करना है। लेकिन आजादी के 78 साल बाद भी लोग झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं, तो विकास पर सवाल उठना लाजमी है।

**कौन हैं वंचित लाभुक?**

इस वार्ड में आवास से वंचित लाभुकों में मीना देवी, टुनटुन चौधरी, सविता देवी पति कृष्णा चौधरी, लीला देवी पति अवधेश चौधरी, झमेला देवी पति रामभरोसा चौधरी, राजमुनि देवी पति भूषण चौधरी, प्रतिमा देवी पति राजू मोची, किरण देवी पति स्व. विजयंती प्रसाद, जिरामनी देवी पति स्व. रविन्द्र प्रसाद, कविता देवी पति सुरजुन पासवान, ममता देवी पति सुधीर पासवान, ललिता देवी पति रमेश मोची, रिंकू देवी पति रामाशीष पासवान, शैल देवी पति बिजेंदर पासवान सहित दो दर्जन से अधिक परिवार शामिल हैं।

**क्या बोलीं बीडीओ?**

इस पूरे मामले में धनरुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी अलिशा कुमारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। सभी शिकायतों की जांच कराई जाएगी। कोई भी पात्र लाभुक आवास योजना से वंचित नहीं रहेगा। सभी को चिन्हित कर लाभ दिया जाएगा। साथ ही जो भी कर्मचारी इस मामले में लापरवाह पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल, पॉलिथीन और मिट्टी के मकानों में गुजर-बसर कर रहे इन परिवारों की आंखें आज भी अपने पक्के आशियाने के इंतजार में पथराई हुई हैं।

# नाबालिग बच्ची की हत्या को लेकर करीब 7 घंटे से एनएच 30अ बाढ़-सक्सोहरा-हरनौत पथ जाम

**पुलिस प्रशासन और विधायक की बात नहीं सुन रहे हैं लोग, यात्रियों की हालत खराब**





**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बेलछी प्रखंड के एकडंगा पंचायत के लाखाचक गांव की एक 12 वर्षीय नाबालिक बच्ची को बीते शनिवार की संध्या गला रेत कर हत्या हत्या कर दी गई देर रात बच्ची का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया गया लेकिन परिजनों ने सुबह 7:00 बजे एनएच 30अ सड़क पर लाश रखकर सड़क को जाम कर दिया और लगातार हंगामा कर रहे हैं परिजनों का कहना है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है इसके बाद बच्ची की हत्या की गई है प्रशासन जब तक हमें दुष्कर्म की बात नहीं लिखित तौर पर बताएगी जब तक जाम नहीं हटेगा,घटना की जानकारी मिलने के साथ ही एसडीएम कृष्णा जोशी, एसडीपीओ आयुष श्रीवास्तव, विधायक डॉ सियाराम सिंह सहित पुलिस पदाधिकारी ने समझाने का काम किया पर नहीं माने,जिस के बाद सभी लोग लौट गए,लोग ग्रामीण एसपी को बुलाने कह रहे हैं घटना को ले कर ग्रामीण आक्रोशित नजर आ रहे हैं वहीं जाम में फंसे राहगीरो का हाल गर्मी में बेहाल है। ज्ञात हो कि बेलछी थाना क्षेत्र में शनिवार को जानवरों के लिए घास काटने गई बारह बर्षीय बच्ची की धारदार हथियार से हत्या किए जाने का मामला को लेकर ग्रामीण और परिजनों के बीच काफी आक्रोश है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई।बताया जाता है कि बच्ची दोपहर करीब तीन बजे जानवरों के लिए घास लाने घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। शाम करीब छह बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की सूचना डायल-112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मवेशी कारोबारी हत्याकांड में नामजद आरोपित की ट्रेन से कटकर मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के रामपुर डुमरा और हाथीदह के बीच रेलवे ट्रैक से करीब 500 मीटर आगे रविवार को ट्रेन से कटा हुआ एक युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान नेपाल टोला, मरांची निवासी कपिल महतो के पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि घटनास्थल रेल थाना क्षेत्र से बाहर होने के कारण मरांची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।पुलिस के अनुसार, शव की पहचान होने के बाद सामने आया कि रंजीत कुमार हाल ही में हुए मवेशी कारोबारी रामप्रवेश सिंह हत्याकांड में नामजद अभियुक्त था। रामप्रवेश सिंह शुक्रवार रात से लापता थे और रविवार सुबह उनका शव मरांची भगत टोला के समीप झाड़ियों में बरामद किया गया था।रामप्रवेश सिंह के शव बरामद होने के कुछ ही घंटों बाद नामजद आरोपी रंजीत कुमार का ट्रेन से कटा शव मिलने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। घटना के बाद पुलिस दोनों घटनाओं के बीच संभावित संबंधों समेत विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# मोकामा में मवेशी कारोबारी की हत्या, 36 घंटे बाद झाड़ी में मिला शव, एक आरोपित गिरफ्तार



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के भगत टोला के समीप रविवार सुबह झाड़ियों में मवेशी कारोबारी रामप्रवेश सिंह (41) का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव आरोपी के घर के दालान के पास बांसवाड़ी में एक गड्ढे से बरामद किया गया। मृतक के सिर पर ईंट-पत्थर से चोट के निशान मिले हैं, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट के कई निशान पाए गए हैं।रामप्रवेश सिंह गाय-भैंस की खरीद-बिक्री में मध्यस्थता का काम करते थे। परिजनों के अनुसार शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह मवेशी खरीद-बिक्री के सिलसिले में रामपुर डुमरा गए थे। उनके साथ कुछ अन्य लोग भी मौजूद थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। मृतक की पत्नी मीणा देवी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे उनकी पति से फोन पर आखिरी बार बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान पीछे से शराब पीने और साथ मौजूद लोगों के बीच विवाद की आवाजें सुनाई दे रही थीं। इसी दौरान अचानक फोन बंद हो गया और उसके बाद रामप्रवेश से कोई संपर्क नहीं हो सका।परिजनों ने आरोप लगाया कि रामप्रवेश को अत्यधिक शराब पिलाकर उनकी हत्या की गई है। उनका कहना है कि रामप्रवेश की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। परिजनों ने शनिवार शाम मरांची थाना में चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मिली जानकारी और निशानदेही के आधार पर रामप्रवेश सिंह का शव भगत टोला के समीप से बरामद किया गया। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने साक्ष्य भी संकलित किया। मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मवेशी कारोबारी का शव करीब 36 घंटे बाद भगत टोला के समीप बरामद किया गया है।

# गैस सिलेंडर चोरी कांड का उद्भेदन, 3 गिरफ्तार, 12 सिलेंडर बरामद



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी कांड का सफल उद्भेदन करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गए 12 गैस सिलेंडर के साथ एक स्कूटी और दो एंड्रॉयड मोबाइल भी जब्त किया है। पुनपुन थाना कांड संख्या 298/26 दिनांक 02/09/2026 के मामले में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीनों प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि कुमार, पिता यदुनंदन प्रसाद, ग्राम रानीपुर, थाना फुलवारीशरीफ, प्रमोद कुमार, पिता स्व. किशोरी प्रसाद, ग्राम बादशाहपुर, थाना व जिला शेखपुरा,प्रकाश कुमार, पिता योगेश्वर प्रसाद, फुलवारीशरीफ, है। पुनपुन थाना अध्यक्ष बमबम कुमार ने बताया कि पुलिस ने इनके पास से चोरी गए 12 गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त स्कूटी और दो मोबाइल फोन को विधिवत जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी प्रकाश कुमार वर्तमान में PMCH में इलाजरत है, पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी जारी है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बेटे पर कुदाल चला कर जानलेवा हमला करने का आरोपित पिता गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के नदौल ओपी क्षेत्र के महुआ बिगहा गांव में कुदाल से जानलेवा हमला करने के आरोपी को मसौढ़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला 30 जुलाई 2026 की है। पीड़ित पिंटू कुमार उम्र 43 वर्ष, पिता केदार प्रसाद, ग्राम महुआ बिगहा, थाना मसौढ़ी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया था कि वह अपने बीवी-बच्चों के साथ रात में छत पर सोया था। आरोप है कि सुबह करीब 4 बजे उसके पिता केदार प्रसाद उम्र 60 वर्ष, पिता स्व. कुलदीप यादव और उसकी भाभी सुनीता देवी उम्र 28 वर्ष, पति जीवन प्रसाद ने जान मारने की नियत से घर में घुसकर कुदाल से हमला कर दिया। हमले में वह बेहोश होकर गिर पड़ा। उसके गाल, आंख, सिर, होंठ और दाढ़ी पर गंभीर चोटें आईं।घटना के बाद पत्नी के शोर मचाने पर ग्रामीण जुटे और 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया गया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी मैदान में योग कार्यक्रम

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत रविवार को गांधी मैदान, मसौढ़ी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा पटना ग्रामीण के जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया, जबकि संचालन भाजपा नेता ओम प्रकाश यादव ने किया। योग का प्रशिक्षण एवं अभ्यास गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. दिलीप कुमार, ई. रवि शंकर प्रसाद और विश्वरंजन कुमार द्वारा कराया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।इस मौके पर जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा को संतुलित करने की जीवन पद्धति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को भारत की प्राचीन संस्कृति से निकालकर पूरी दुनिया तक पहुंचाया है। आज विश्व के कई देशों में लोग योग को जीवन का हिस्सा बना रहे हैं, वहीं भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव ने कहा कि यह भारत की सनातन परंपरा के लिए गर्व की बात है। सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि समाज के प्रति सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का अवसर है। कार्यक्रम में मसौढ़ी विधानसभा प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष तेज नारायण शर्मा, जिला महामंत्री ब्रजेश कुमार, अजय शर्मा, नीरज कुमार, हिमांशु कुमार, लखन चंदेल, सतीश यादव, संजय केशरी, नंद लाल गुप्ता, महामंत्री आलोक कुमार, संजीव कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी आलोक कुमार, शनि कुमार, अभय कुमार, ऋषि कपूर संथाली, मनोज कुमार, अभिमन्यु पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित योग करने और अपने परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी योग के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# 'द वन' की रिलीज से पहले पटना पहुंचे सिद्धार्थ मल्होत्रा, तमन्ना और एकता कपूर

**वन देवी व हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की मुलाकात**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द वन' 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसके कलाकार सिद्धार्थ मल्होत्रा, तमन्ना, निमार्ता एकता कपूर और निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा पटना पहुंचे। टीम ने वन देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। फिल्म की कहानी में वन देवी और प्राचीन मान्यताओं की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है। पटना दौरे के दौरान फिल्म की टीम ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भी मुलाकात की। इस दौरान फिल्म और बिहार के बीच जुड़े सांस्कृतिक संबंधों के साथ-साथ छठ पर्व को लेकर भी चर्चा हुई। टीम ने हनुमान मंदिर में पूजा कर फिल्म की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया। इसके बाद गंगा घाट पहुंचकर गंगा आरती में भी हिस्सा लिया। 'द वन' को रहस्य, लोककथा, आस्था और फैंटेसी की पृष्ठभूमि पर आधारित बड़े पर्दे की फिल्म के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना पहली बार साथ नजर आएंगे।

# बाढ़ में मुखिया के घर बरामद इटली मेड पिस्टल को लेकर जांच शुरू

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ पुलिस के द्वारा बसोबागी गांव में मुखिया राजकुमार गोप के घर बरामद हुए अवैध हथियार के मामले में शनिवार को थानाध्यक्ष पुणार्नेन्दु कुमार के नेतृत्व में समीक्षा की गई। उधर दूसरी तरफ इटली मेड अत्याधुनिक पिस्टल जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जाती है, मुखिया के घर कैसे पहुंची, इसको लेकर तफ्तीश तेज हो गई है। गुरुवार को हुई कार्रवाई के बाद पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार मुखिया के भाई रणवीर कुमार और राहुल कुमार को सब इंस्पेक्टर जयप्रकाश ठाकुर के बयान पर केस दर्ज करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया है। वहीं दो अन्य अभियुक्त मुखिया राजकुमार और उसके पिता राम प्रवेश गोप की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने विशेष टीम गठित की है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि छापेमारी के दौरान मुखिया के घर में इटली मेड पिस्टल और एक अन्य लोकल मेड पिस्टल को फेंक कर घटनास्थल से फरार होने वाला अभियुक्त कौन था। आखिर महंगा विदेशी हथियार आरोपी के घर कैसे पहुंचा और इसके सप्लाई को लेकर कनेक्शन की तहकीकात भी की जा रही है । विदेशी हथियार को लेकर पुलिस ने दोनों आरोपियों से भी पूछताछ की। लेकिन कोई सुराग हासिल नहीं हो सका।

# फरार आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फरार चल रहे आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए मसौढ़ी थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों में आरोपियों के घर पर इश्तेहार चिपकाया है और न्यायालय में सरेंडर करने की चेतावनी दी है। पहला मामला संघत पर गांव का है। जहां कुंती देवी उम्र 45 वर्ष पति भीम प्रसाद सिंह ने आवेदन देकर बताया था कि 01/06/26 को उनके बेटे दीपू कुमार, बहू अमृता देवी, समधी अरुण कुमार सिंह पिता ब्रह्मदेव सिंह और मुकेश कुमार पिता अरुण सिंह ग्राम भुसेनचक थाना भगवानगंज ने जमीन जायदाद दीपू कुमार के नाम करने के दबाव को लेकर उनके पति भीम प्रसाद सिंह के साथ मारपीट की थी। बचाने गई कुंती देवी के साथ भी मारपीट, सोने की बाली, जितिया छीनने और गोदरेज से 50 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया गया था। आरोप है कि दीपू कुमार ने लोहे के रॉड से जान मारने की नियत से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस कांड में फरार चल रहे आरोपी दीपू कुमार पिता भीम प्रसाद सिंह साकिन संघत पर के घर पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया है। दूसरा मामला कैलूचक चक गांव का है।

# पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ भारत अभियान पर पुस्तक का लोकार्पण



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'Environmental Sustainability and Swachh Bharat Abhiyan' पुस्तक का लोकार्पण समारोह रविवार को जे.डी. वीमेंस कॉलेज, पटना के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री संजय सिंह 'टाइगर', विशिष्ट अतिथि के रूप में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी एवम बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग पटना के अध्यक्ष प्रो. गिरीश कुमार चौधरी उपस्थित रहे। पुस्तक के विनीत सह लेखक प्रो. तपन कुमार शांडिल्य, प्रो. मनोज कुमार एवं डॉ. विनय भूषण कुमार ने बताया कि पुस्तक में पर्यावरणीय स्थिरता, स्वच्छ भारत अभियान, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जैव विविधता, स्वच्छता एवं सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक का प्रकाशन एस. चंद पब्लिशिंग द्वारा किया गया है। मुख्य अतिथि संजय सिंह 'टाइगर' ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं और विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को केवल अभियान तक सीमित न रखकर इसे दैनिक जीवन की आदतों में शामिल करने पर बल दिया। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी ने पुस्तक के प्रकाशन पर लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए जागरूकता के साथ व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन भी आवश्यक है। प्रो. गिरीश कुमार चौधरी ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी केवल विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनमें सामाजिक एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। इस अवसर पर जे.डी. वीमेंस कॉलेज की प्राचार्या प्रो. मीरा कुमारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिए महाविद्यालयों में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### कार से 325 लीटर महुआ शराब बरामद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऑल्टो कार से 325 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार एनएच-131(G) बिहटा-सरमेरा हाईवे के सर्विस रोड पर ग्राम नेवा के पास गश्ती के दौरान एक संदिग्ध 4 व्हीलर ऑल्टो कार को रोका गया। तलाशी के दौरान कार के अंदर रखे 7 प्लास्टिक बोरों से कुल 325 लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस को देखते ही कार चालक और तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने शराब और कार को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि इस संबंध में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। फरार तस्कर की पहचान के लिए कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।



### निर्धारित दर पर यूरिया-डीएपी देने की मांग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उर्वरकों की अनिवार्य टैगिंग के विरोध में पुनपुन प्रखंड के उर्वरक विक्रेताओं ने खाद का उठाव बंद करने का निर्णय लिया है। प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में रिटेलर फर्टिलाइजर एंड फार्मर वेलफेयर फाउंडेशन के बैनर तले विक्रेताओं की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद विक्रेताओं ने प्रदर्शन करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा।फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि थोक विक्रेताओं द्वारा यूरिया 242 रुपये और डीएपी 1250 रुपये की निर्धारित सरकारी दर पर नहीं दी जा रही है, बल्कि अन्य उर्वरकों की टैगिंग कर जबरन बेचा जा रहा है। इससे खुदरा विक्रेताओं के साथ-साथ किसानों को भी परेशानी हो रही है। किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिल पा रही है। विक्रेताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक निर्धारित दर पर यूरिया-डीएपी उपलब्ध कराने और अन्य उर्वरकों की अनिवार्य टैगिंग की व्यवस्था समाप्त नहीं की जाती, तब तक वे थोक विक्रेताओं से किसी भी प्रकार के उर्वरक का उठाव नहीं करेंगे।उन्होंने विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई और खाद उठाव प्रभावित होने से किसानों को परेशानी हुई, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित कृषि पदाधिकारियों की होगी।




### रघुनाथपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण के तत्वावधान में 20.09.2026 को NPS, बिरता टोला, वार्ड संख्या 29, रघुनाथपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 एवं नागरिकों के मौलिक कर्तव्य' रहा। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता पूनम कुमारी वर्मा एवं उज्जवल कुमार द्वारा उपस्थित लोगों को सरल एवं व्यवहारिक भाषा में उनके कानूनी अधिकारों, संवैधानिक कर्तव्यों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 नागरिकों को लोक प्राधिकरणों के पास उपलब्ध सरकारी अभिलेखों एवं सूचनाओं तक पहुंच का कानूनी अधिकार प्रदान करता है। उपस्थित लोगों को समझाया गया कि वे किसी सरकारी योजना, आवेदन, निर्माण कार्य, स्वीकृत राशि, कार्यादेश, भुगतान विवरण अथवा किसी सरकारी कार्यालय में लंबित आवेदन से संबंधित उपलब्ध अभिलेखों की जानकारी संबंधित लोक सूचना अधिकारी से मांग सकते हैं। यह भी बताया गया कि RTI आवेदन के लिए कठिन कानूनी भाषा की आवश्यकता नहीं है तथा सूचना मांगने वाले व्यक्ति को सामान्यतः यह बताने की आवश्यकता नहीं होती कि उसे सूचना किस कारण चाहिए। सामान्य मामलों में सूचना उपलब्ध कराने की समय-सीमा 30 दिन है, जबकि किसी व्यक्ति के जीवन या स्वतंत्रता से संबंधित सूचना के मामले में 48 घंटे का प्रावधान है। सूचना से जागरूकता आती है, जागरूकता से जवाबदेही आती है और जवाबदेही से लोकतंत्र मजबूत होता है। कार्यक्रम में भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों की भी जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अधिकार तथा संवैधानिक उपचार के अधिकार के बारे में उदाहरण देकर समझाया गया। बताया गया कि कानून की नजर में सभी व्यक्ति समान हैं तथा जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान जैसे आधारों पर अनुचित भेदभाव संविधान के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। प्रत्येक व्यक्ति को कानून के अधीन गरिमा और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। बच्चों के संदर्भ में बताया गया कि 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। साथ ही मानव तस्करी, बेगार एवं जबरन मजदूरी के निषेध तथा बच्चों को खतरनाक रोजगारों से संरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों की भी जानकारी दी गई।



# उप विकास आयुक्त ने की ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त के समीक्षा में पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2024-25 एवं 2025-26 प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिला स्तर पर 106343 लक्ष्य के विरूद्ध 106286 आवास स्वीकृत किये गये है तथा 57 स्वीकृति हेतु लंबित है। कल्याणपुर-12, रामगढ़वा-10, मधुबन 8 में सबसे ज्यादा स्वीकृति लंबित है इसी प्रकार अन्य प्रखंड में भी लंबित है। संबंधित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर नियमानुकूल शत प्रतिशत आवासों की स्वीकृति कराना सुनिश्चित करें या रिमाण्ड योग्य हो तो नियमानुकूल अविलम्ब रिमाण्ड कराये। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2024-25 एवं 2025-26 में कुल 48801 लाभुकों को तृतीय किश्त का भुगतान किया गया है तथा कुल-37563 आवासों का पूर्ण कराया गया है तथा तृतीय किस्त के विरूद्ध अपूर्ण आवासों की संख्या 11238 है। जिसमें सबसे ज्यादा ढाका, चिरैया एवं छौडादानों में क्रमशः 1102, 735, 722 तृतीय किस्त देने के बाद आवास अपूर्ण है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि तृतीय किश्त भुगतान प्राप्त लाभुकों का 90 कार्य दिवस मनरेगा मजदूरी दिलाते हुए आवासों का पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एंव 2025-26 के तहत लाभुकों का भुगतान हेतु SNA SPARSH के माध्यम से प्राप्त राशि के विरूद्ध 89.56 प्रतिशत राशि का भुगतान हुआ है। जिसमें सबसे कम मेंहसी, रामगढ़वा, तुरकौलिया क्रमशः 64.70. 76.77, 82.02 प्रतिशत भुगतान हुआ है। बनकटवा, बंजरिया, तेतरिया एवं घोड़ासहन प्रखंड द्वारा प्राप्त आवंटन का शत - प्रतिशत खर्च कर दिया गया है। शेष सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्राप्त राशि के विरूद्ध शत - प्रतिशत भुगतान करना सुनिश्चित करे। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास स्वीकृति के विरूद्ध सबसे ज्यादा लंबित प्रथम किस्त एफटीओ वाले प्रखंड मधुबन, बनकटवा, रामगढवा क्रमशः 202, 185 एवं 175 है। प्रथम किस्त के विरूद्ध सबसे ज्यादा लंबित द्वितीय किस्त एफटीओ वाले प्रखंड चकिया, केसरिया एवं तुरकौलिया क्रमशः 1473, 1303 एवं 1239 है। द्वितीय किस्त के विरूद्ध सबसे ज्यादा लंबित तृतीय किस्त फटीओ वाले प्रखंड चिरैया, केसरिया, तुरकौलिया क्रमशः 2348, 2239, 2095 है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि लंबित एफटीओ को जेनरेट कराना सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना (2018-19 से 2025-26) इस योजना के तहत जिला स्तर पर 2203 लक्ष्य के विरूद्ध 2037 आवास पूर्ण हो चुके है तथा 166 आवास लंबित है। चिरैया, कोटवा, मेंहसी में सबसे ज्यादा क्रमशः 15, 13, 13 लंबित है। संबंधित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि लंबित आवासों को नियमानुकूल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना (2023-24 से 2025-26) इस योजना के तहत जिला स्तर पर 2890 लक्ष्य के विरूद्ध 2840 आवास पूर्ण हो चुके है तथा 50 आवास लंबित है। आदापुर, रामगढ़वा, रक्सौल में सबसे ज्यादा क्रमशः 6, 6, 6 लंबित है। संबंधित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि लंबित आवासों को नियमानुकूल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## छपरा इंजीनियरिंग कालेज का एनबीए विशेषज्ञ टीम ने किया तीन दिवसीय मूल्यांकन

### एनबीए से मान्यता मिलने पर छात्रों को प्लेसमेंट और उच्च शिक्षा का मार्ग होगा प्रशस्त




**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक नायक जय प्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) नई दिल्ली की विशेषज्ञ टीम का तीन दिवसीय मूल्यांकन दौरा रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बिहार सरकार केप्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन संचालित एलएनजेपीआईटी में 18 से 20 सितंबर तक चले इस दौरे में संस्थान के स्नातक मैकेनिकल इंजीनियरिंग कार्यक्रम की शैक्षणिक गुणवत्ता, संसाधनों और परिणाम आधारित शिक्षा व्यवस्था को एनबीए के निर्धारित मानकों पर परखा गया। डॉ. जी.पी. प्रभु कुमार के नेतृत्व में पहुंची विशेषज्ञ टीम में प्रो. एम.एल. अग्रवाल और प्रो. विलास रामदास कलामकर शामिल रहे। टीम ने पहले दिन प्राचार्य डॉ. बिमल कुमार की प्रस्तुति के बाद केंद्रीय पुस्तकालय, डिजिटल सुविधाओं और विभागीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संकाय सदस्यों से संवाद के साथ तीन वर्षों के व्यय, प्लेसमेंट और संस्थान की रणनीतिक योजनाओं की भी पड़ताल की गई। मूल्यांकन के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने कक्षाओं में शिक्षण प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखा। प्रयोगशालाओं, कोर्स फाइलों और विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के साथ सीओ, पीओ और पीएसओ की उपलब्धियों का आकलन किया गया। छात्रों, पूर्व छात्रों, अभिभावकों और नियोक्ताओं से संवाद कर संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था और उसके परिणामों की जानकारी ली गई। तीसरे दिन विशेषज्ञ टीम ने मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की। इसके बाद प्राचार्य, प्रबंधन प्रतिनिधियों और संकाय सदस्यों के साथ एग्जिट मीटिंग हुई, जिसमें प्रमुख फीडबैक साझा किए गए। अंतिम रिपोर्ट एनबीए मुख्यालय को भेजी जाएगी। प्राचार्य डॉ. बिमल कुमार ने कहा कि एनबीए मान्यता संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई मजबूती देगी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए बेहतर प्लेसमेंट और उच्च शिक्षा के अवसरों के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा।

### बागमती नदी की धार में बच्ची डूबी, एसडीआरएफ ने निकाला

**शिवहर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बागमती नदी की पुरानी धार में स्नान करने गई युवती डूबी, एसडीआरएफ की मदद से निकाला गया। मौके पर 112 पुलिस एवं फतेहपुर थाना अध्यक्ष राधेश्याम पहुंचकर एसडीआरएफ की टीम के सहयोग से शव को निकाला गया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम को भेजा है। फतेहपुर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर धोवाही पंचायत क्षेत्र के रामपुर यदु वार्ड नंबर 10 निवासी हरिश्चंद्र पंडित की 13 वर्षीय पुत्री संरचना कुमारी जो वर्ग नवमी क्लास में पढ़ती थी आज बागमती नदी के पुरानी धार की भेंट चढ़ गई है। उनके परिजनों ने बताया है कि आज रविवार पवनी होने के नाते गांव के कई लोगों एवं दादी के साथ पछियारी नदी पुरानी धार में स्नान करने गई थी। तभी तीन बच्ची पानी में डूबती नजर आई तो दो को बाल पकड़ कर निकाल लिया । पर तीसरी 13 वर्षीय सरचना कुमारी पानी में डूब गई। पंच सरपंच संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार एवं ग्रामीणों ने बताया है कि मृतिका नवमी क्लास में पढ़ रही थी चार बहन तथा एक भाई में सबसे बड़ी थी। इस घटना से घर परिवार में दुख का माहौल है।

## मसौढ़ी में फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा, जिस पर सजती है दुकानें,जाम का बना बड़ा कारण





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में महाजाम की समस्या को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन ने एक्शन शुरू कर दिया है, लेकिन शहर का फुटपाथ आज भी दुकानदारों के कब्जे में है, जो जाम का सबसे बड़ा कारण बना हुआ है। मसौढ़ी बाजार के मेन रोड और स्टेशन रोड अस्पताल रोड में सड़क किनारे राहगीरों के चलने के लिए फुटपाथ बनाया गया था। लेकिन यह फुटपाथ अब दुकानों की सजावट का हिस्सा बन गया है। दुकानदारों ने फुटपाथ पर सामान फैला कर दुकानें सजा रखी हैं, जिससे पैदल चलने वालों को मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ता है और जाम लगता है। हालांकि अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर परिषद द्वारा कभी-कभी फुटपाथ को खाली भी कराया जाता है, लेकिन कार्रवाई के कुछ दिन बाद ही फिर से वही स्थिति बन जाती है। जब से फुटपाथ बना है, तब से आज तक यह दुकानदारों के कब्जे में ही रहा है। शायद ही कोई राहगीर इस फुटपाथ का उपयोग कर पाता है। कपड़ा, जूता-चप्पल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फल-सब्जी दुकानदारों ने फुटपाथ को ही अपना एक्सटेंशन काउंटर बना लिया है। कहीं टेबल-कुर्सी लगा दी गई है, तो कहीं बोर्ड और सामान सजा दिया गया है। नतीजन, राहगीरों को फुटपाथ छोड़कर सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे आए दिन जाम और हादसे का खतरा बना रहता है। गौरतलब है की नगर परिषद द्वारा कभी-कभार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर फुटपाथ खाली कराया जाता है, लेकिन यह कार्रवाई महज खानापूर्ति साबित होती है। टीम के हटते ही दुकानदार फिर से फुटपाथ पर कब्जा जमा लेते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थायी समाधान के बिना जाम की समस्या खत्म नहीं होगी। राहगीरों का कहना है कि फुटपाथ पर शायद ही कभी कोई पैदल चल पाता है। सड़क पर बाइक, ऑटो और पैदल यात्रियों की भीड़ एक साथ होने से बाजार में रेंग-रेंग कर वाहन चलते हैं। अब लोगों की नजर अनुमंडल प्रशासन की नई मुहिम पर टिकी है। देखना होगा कि प्रशासन का यह एक्शन फुटपाथ पर कब्जा जमाए बैठे दुकानदारों पर कितना असर डालता है और मसौढ़ी को महाजाम से कब निजात मिलती है।

## ट्रैक्टर से टकराई शराब लदी कार, भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

### एकमा थाना क्षेत्र में माने मठिया के समीप की घटना





**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सीवान मुख्य मार्ग एनएच-531 पर माने मठिया गांव के समीप रविवार को सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में तेज रफ्तार शराब लदी बोलेरो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद कार चालक सहित उसमें सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर एकमा पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। घटना की सूचना मिलने पर सदर एसडीपीओ-2, एकमा- प्रेमचंद्र सिंह एकमा थाना पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस फरार चालक और कार में सवार अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। इसके साथ ही शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी भी जांच की जा रही है। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि जब्त कार के कागजात की जांच-पड़ताल की जा रही है। कार से बरामद अंग्रेजी शराब की गिनती जारी है। समाचार लिखे जाने तक बरामद शराब की कुल मात्रा स्पष्ट नहीं हो सकी थी। पुलिस कार के पंजीकरण नंबर और अन्य साक्ष्यों के आधार पर फरार लोगों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है।

## बाली में भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रतिनिधित्व कर लौटे प्रो. प्रसून दत्त सिंह



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह इंडोनेशिया के बाली में आयोजित 13वें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सोशल साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज-2026 में भाग लेकर लौटे हैं। सात और आठ सितंबर को आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 80 देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बिहार से प्रो. प्रसून दत्त सिंह इस सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले एकमात्र प्रतिनिधि थे।अंतरराष्ट्रीय मंच पर उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा और बिहार की सांस्कृतिक विरासत से जुड़े अपने शोध को प्रस्तुत किया। उनके शोध में पारंपरिक ज्ञान, जैव-विविधता संरक्षण, लोकपरंपरा और प्रकृति-केंद्रित जीवन-दृष्टि प्रमुख विषय रहे। उन्होंने स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की संभावनाओं को रेखांकित किया। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्वविद्यालय और बिहार का प्रतिनिधित्व करने तथा भारतीय ज्ञान परंपरा और बिहार की लोक-सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विषयों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए प्रो. प्रसून दत्त सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय की अकादमिक उपलब्धि और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहभागिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।

#### भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति बढ़ी वैश्विक रुचि

प्रो. सिंह बताते हैं कि विश्व स्तर पर भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक साहित्य के अध्ययन के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है। भारतीय परंपरा में प्रकृति को केवल संसाधन के रूप में नहीं, बल्कि जीवन के अभिन्न अंग के रूप में देखने की दृष्टि रही है। इसी कारण भारतीय पारंपरिक ज्ञान को पर्यावरण, सतत विकास और सामाजिक जीवन के समकालीन विमर्श से जोड़कर देखने की आवश्यकता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिहार की लोकपरंपराओं और प्रकृति-केंद्रित जीवन-दृष्टि को सामने रखते हुए बताया कि लोकसमाज में पर्यावरण के साथ सह-अस्तित्व की ऐसी अनेक परंपराएं हैं, जिनका महत्व आज भी बना हुआ है।

#### बाली में रामलीला मंचन

बाली में रामायण की जीवंत उपस्थिति भी प्रो. सिंह के लिए विशेष आकर्षण का विषय रही। हालांकि बाली की प्रस्तुति भारत की पारंपरिक रामलीला से अलग है, लेकिन रामायण वहां आज भी नृत्य, संगीत और नाट्य के माध्यम से लोगों के बीच जीवित है। बाली की प्रसिद्ध केचक नृत्य-नाट्य परंपरा में रामायण के प्रसंगों को प्रस्तुत किया जाता है।

## महाराणा क्रिकेट महासंग्राम के फाइनल में हराजी की रोमांचक जीत

### प्रतापपुर को एक विकेट से हराकर सीजन-1 का खिताब किया अपने नाम




**छपरा/दिघवारा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर प्रखंड के डुमरी अड्डा स्थित हाई स्कूल डुमरी के खेल मैदान में आयोजित महाराणा क्रिकेट महासंग्राम सीजन-1 का फाइनल मुकाबला रविवार को रोमांच से भरपूर रहा। कांटे की टक्कर में हराजी की टीम ने प्रतापपुर को एक विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान हर गेंद के साथ मुकाबले का रुख बदलता रहा और दर्शक अंत तक रोमांचित रहे। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री नीरज कुमार सिंह ह्यबबलूह्न ने फीता काटकर तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, मेहनत और टीम भावना का माध्यम है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच मिलता है। उद्घाटन समारोह में डुमरी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, बीडीसी भाग-2 निशांत सिंह, प्रतियोगिता के व्यवस्थापक निखिल सिंह भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। फाइनल मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी और स्थानीय दर्शक खेल मैदान में पहुंचे। दर्शकों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। फाइनल में प्रतापपुर और हरजी की टीम आमने-सामने थी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए शानदार प्रदर्शन किया। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और कई मौकों पर मैच का रुख बदलता नजर आया। अंततः हरजी की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में एक विकेट से जीत दर्ज कर महाराणा क्रिकेट महासंग्राम सीजन-1 की विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मैच समाप्त होने के बाद विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति की ओर से प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों, खिलाड़ियों, दर्शकों और स्थानीय ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## गरीबी बनी इलाज की दीवार, सदर अस्पताल ने लौटाई बुजूर्ग की जिंदगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**छपरा (सारण)।** स्टेचर पर लिटाकर छपरा सदर अस्पताल लाए गए 70 वर्षीय भरत राम जब करीब 15 दिन बाद अस्पताल से बाहर निकले तो उनकी तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी थी। जिस बुजुर्ग के लिए एक कदम चलना भी मुश्किल हो गया था, वही अब अपने पैरों पर खड़े होकर मुस्कुराते हुए घर लौट रहे थे। रिविलगंज के दुर्गम दियारा क्षेत्र स्थित आलेख टोला, सिताबदियारा निवासी भरत राम के कूल्हे की हड्डी टूटने के बाद सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने सफल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी कर उन्हें दोबारा चलने की स्थिति में पहुंचाया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सदर अस्पताल, छपरा में पहली बार इस प्रकार की सर्जरी की गई। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर भरत राम अपनी पत्नी के साथ झोपड़ी में रहकर किसी तरह जीवनयापन करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी है कि अस्पताल तक पहुंचने के लिए वाहन का किराया जुटाना भी मुश्किल था। ऐसे में आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज उनके लिए बड़ी राहत साबित हुआ। भरत राम रात में भोजन करने के बाद टहल रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे जमीन पर गिर पड़े। गिरने के बाद वह उठ नहीं सके। कूल्हे में तेज दर्द था और पैर पर वजन देना लगभग असंभव हो गया था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज को लेकर चिंता और बढ़ गई। किसी तरह उन्हें छपरा सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल में चिकित्सकीय टीम ने आवश्यक जांच की। जांच में उनके जांघ की हड्डी के कूल्हे के पास वाले हिस्से में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। उम्र और फ्रैक्चर की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी का निर्णय लिया, ताकि उन्हें लंबे समय तक बिस्तर पर रहने से होने वाली संभावित जटिलताओं से बचाया जा सके और जल्द चलने-फिरने की स्थिति में लाया जा सके। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सदर अस्पताल में इस तरह की सर्जरी पहले नहीं हुई थी। ऐसे में यह चिकित्सकीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया थी। मरीज की उम्र, आर्थिक स्थिति और चिकित्सकीय आवश्यकता को देखते हुए अस्पताल के वरीय पदाधिकारियों और चिकित्सकों ने ऑपरेशन सदर अस्पताल में ही करने का निर्णय लिया। इसके बाद ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों की टीम ने मरीज की स्थिति के अनुरूप बाइपोलर हेमीआर्थ्रोप्लास्टी तकनीक से हिप रिप्लेसमेंट किया।

### बीइओ का प्रभार मिलने पर बीडीओ को जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित

**उचकागांव /गोपालगंज/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उचकागांव प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का प्रभार बीडीओ मनोज कुमार पंडित को सौंपे जाने के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। बीडीओ का प्रभार मिलने पर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक संक्षिप्त अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे मुखिया मो. नजीर आलम, संतोष कुमार गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि विरेंद्र मांझी, राजू मियां, सरपंच बिपिन दुबे, भाजपा नेता नीरज सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने बीडीओ सह प्रभारी बीईओ मनोज कुमार पंडित को पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नए पदाधिकारी को शिक्षा विभाग की मिलने से अब प्रखंड की शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार आएगी।

## शिवम सिंह मिस्टर फ्रेशर और दृष्टि को मिस फ्रेशर का खिताब

### नवोन्मेष 2026 मीडिया विभाग के विद्यार्थियों ने दिखाया कला का जादू




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के सीनियर विद्यार्थियों द्वारा आयोजित 'नवोन्मेष 2026' प्रतिभा, रचनात्मकता और उत्साह से भरपूर रहा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वरिष्ठ पत्रकार आलोक कुमार मिश्र और उप मुख्यमंत्री के पूर्व प्रेस सलाहकार राकेश प्रवीर ने संबोधित किया। अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष और बिहार लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. अरुण कुमार भगत ने की। स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अंजनी कुमार झा ने दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. साकेत रमण ने बताया कि इसके बाद कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र के बाद परफॉर्मेंस के आधार पर मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर के नामों का ऐलान किया गया। यूजी-पीजी एकीकृत पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर के छात्र शिवम सिंह को मिस्टर फ्रेशर और छात्रा दृष्टि को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, एकल नृत्य, संगीत, भाषण, कविता, नाटक और मोनोएक्ट के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाई। बीजेएमसी सातवें सेमेस्टर की छात्रा आर्या ने बिहार के लोकनृत्य कजरी की शानदार प्रस्तुति दी, वहीं मुस्कान के गणेश वंदना और 'ताल से ताल मिला' पर नृत्य ने समां बांध दिया। छात्रा एंजेल ने 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है' पर सोलो डांस प्रस्तुत किया, जबकि श्वेता प्रिया ने भी मैशअप पर अपनी प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं । वहीं नवप्रवेशित विद्यार्थियों में जिया और दृष्टि ने भी मैशअप गानों पर शानदार सोलो डांस प्रस्तुत किया। पंचम सेमेस्टर की श्रेया, अर्पिता, आरुषि और प्रिया की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में छात्र कमलेश ने स्वरचित 'मुनिया' गीत गाया। गीत के जरिए उन्होंने बेटियों की शिक्षा के महत्व को सामने रखा, जिसने दर्शकों के दिल को छू लिया। वहीं बीजेएमसी पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया। भाषण और एक्सटेम्पोर में भी विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों से लेकर पत्रकारिता और युवाओं से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी। वहीं विभाग के पीएचडी शोधार्थी आकाश कुमार के राधा कृष्ण पर केंद्रित मोनोऐक्ट ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।

# जातीय और सांप्रदायिक सद्भाव बढ़ाना मेरा लक्ष्य : एमएलए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । ओबरा के विधायक डॉ प्रकाशचंद्र के जन्मदिन के अवसर पर भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज में रविवार को उनका 48वां जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें सैकड़ों मरीज का स्वास्थ्य जांच हुआ। उन्हें चश्मा दिया गया। दवाइयां दी गई। डॉ.प्रकाश चंद्र ने कहा कि जिन मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की जरूरत होगी उन्हें निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। आने-जाने की उन्हें सुविधा भी दी जाएगी। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग इकट्ठा हुए। उनके चाहने वालों ने उन्हें एक से एक उपहार देकर सम्मानित किया। बड़ों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा जन्म मानव जाति में हुआ है, किसी जाति और धर्म में नहीं। ओबरा में जातीय घृणा कम करने और जातीय और सांप्रदायिक सद्भाव बढ़ाने का उन्होंने इस अवसर पर संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन पर पौधारोपण करने का संकल्प लेना चाहिए। नकारात्मकता खत्म कर सकारात्मकता बढ़ाने, जाति धर्म व संप्रदाय का विद्वेष मिटाने का संकल्प लेना चाहिए। कई कलाकारों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मुख्यपार्षद अंजली कुमारी, जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी, लोजपा रामबिलास के जिला अध्यक्ष सोनू सिंह, डीएसपी चंद्रभूषण, इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष विकास कुमार, अंचल अधिकारी सतीश कुमार सिंह, विवेकानंद मिशन स्कूल के मैनेजर सुनील कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर अद्यन्त वत्स, ई.विकास यादव, राजकिशोर राय, नवज्योति शिक्षा निकेतन के निदेशक नीरज कुमार, जदयू नेता विश्वनाथ सिंह, रणविजय कुमार पांडेय, प्रभारी प्रधानाचार्य- इंटर विद्यालय शमशेरनगर केशरंजन कुमार पांडेय, चंद्रनाथ शर्मा, पूर्व प्रधानाध्यापक दीनदयाल सिंह, खुर्शीद आलम, ख़ूबब आलम समेत लोग शामिल हुए।



## हसपुरा बाजार से बाइक व मोटर पंप चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा बाजार के कनाप रोड में एक मार्केट के क्लिनिक के खडी दंत चिकित्सक कृष्ण कुमार का स्प्लेंडर बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। वही बाजार के बुटी सिंह लिंक पथ के नवनिर्मित बंद मकान से मोटर पंप भी चोरी हो गई। बताया जाता है कि बाइक शनिवार को दिन में तो मोटर पंप चोरी रात में हो गई। नवनिर्मित मकान मालिक गहना गांव के राजू सिंह रविवार को सुबह दरवाजा का ताला खोलकर अंदर गये तो देखा कि मोटर पंप गायब है। आशंका किया जा रहा है कि घर के पिछे से छत के उपर चोर चढ़ गया और बंद घर से चोरी का अंजाम दिया होगा। बताया जाता है कि पुलिस चोरी कि एक घटना का उद्भेदन कर नहीं पाती कि दूसरा मामला सामने आ जाता है। देखा जाय तो बिना चोरी का कोई दिन नहीं बितता है। सितंबर माह में अब तक आधे दर्जन से अधिक घटना हो चुकी है। आए दिन हो रही चोरी से बाजार के व्यवसाईयों में दहशत है।

# गोह में भाजपा ओबीसी मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा- स्वच्छता को जनभागीदारी का अभियान बनाना जरूरी**




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा में मेरा योगदान' कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को गोह देवी मंदिर परिसर एवं उदयपुरा गांव की गलियों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया। अभियान में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संगठन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसे जनभागीदारी का अभियान बनाने की आवश्यकता है। महात्मा गांधी ने भी स्वच्छता को स्वस्थ समाज के लिए महत्वपूर्ण माना था। उन्होंने लोगों से अपील की कि कूड़ा-कचरा इधर-उधर नहीं फेंकें, उसे निर्धारित स्थान पर रखें और आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने वाला देशव्यापी अभियान बना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को लेकर लोगों की जिम्मेदारी लगातार बढ़ी है और गांवों में भी इसके प्रति जागरूकता पैदा करना जरूरी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि "स्वच्छ समाज, स्वस्थ गांव, स्वस्थ परिवार, स्वच्छ शहर और स्वच्छ देश" के संकल्प के साथ स्वच्छता अभियान को हर गांव और हर मोहल्ले तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान 18 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने घर, गली, मोहल्ले और गांव को स्वच्छ रखने के साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होने से ही स्थायी रूप से स्वच्छ वातावरण बनाया जा सकता है। अभियान में ओबीसी मोर्चा के नेता इंदल कुमार, निरंजन कुमार चंद्रवंशी, राजीव कुमार विद्यार्थी, सचिन सिंह चंद्रवंशी, नागेंद्र सिंह चंद्रवंशी, उमेश पासवान, सावित्री देवी, रणधीर पासवान, अमरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, अरविंद शर्मा, शैलेंद्र कुमार सिंह, पुष्पा देवी, अनुराधा देवी, मीना देवी, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# जदयू की 21 सदस्यीय प्रखंड कमेटी गठित

**चार-चार उपाध्यक्ष, महासचिव व सचिव**

**बनाये गए एक कोषाध्यक्ष व एक प्रवक्ता**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की 21 सदस्यीय नई प्रखंड कमेटी के गठन की आधिकारिक घोषणा की गई है। प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल ने पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार नवगठित कमेटी की सूची जारी की है। बताया कि नई कमेटी में चार उपाध्यक्ष, चार महासचिव, चार सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक प्रवक्ता तथा छह कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया गया है। प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल ने बताया कि इसका उद्देश्य पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर यानी पंचायत और बूथ स्तर तक पूरी मजबूती के साथ खड़ा करना है। बिहार सरकार की कल्याणकारी नीतियों और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी से संगठनात्मक गतिविधियों में पूरी सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की। उनके द्वारा जारी सूची के अनुसार यमुना सिंह, सीमन कुमारी, आशुतोष कुमार और नाथूराम गोड को उपाध्यक्ष बनाया गया है। शशि कुमार, रंजीत कुमार शर्मा, तालकेश्वर प्रसाद सिंह और धनंजय कुमार को महासचिव, मो. शहजाद मंसूरी, मो. गुफरान आलम, प्रवीण कुमार और जयप्रकाश नारायण सिंह को सचिव, सिंटू कुमार को कोषाध्यक्ष तथा पप्पू कुमार को प्रवक्ता बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य में नीरज कुमार, मनीष कुमार, इंद्रजीत कुमार, अंशु कुमार, मुन्ना कुमार और ब्रजेश कुमार शामिल किए गए हैं।

## ट्रेन से 10 हजार से अधिक मूल्य की लावारिस शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सोननगर**। गाड़ी संख्या 53611 अप में सघन जांच अभियान के दौरान सुरक्षा बल ने लावारिस हालत में रखी 23.475 लीटर शराब बरामद की है। 19 सितंबर 2026 को की गई इस कार्रवाई में जब्त शराब का कुल अनुमानित मूल्य 10,655 रुपये आंका गया है। इसके बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत पत्र के साथ पूरी खेप राजकीय रेल थाना (जीआरपी), सोननगर को सौंप दी गई। पुलिस मामले में आगे की छानबीन कर रही है।

# एकता क्लब महाकाल ग्रुप ने किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के महाराजगंज स्थित एकता क्लब महाकाल ग्रुप द्वारा शनिवार की रात भगवान गणेश की प्रतिमा का हर्षोल्लास के साथ विसर्जन किया गया। इससे पहले भंडारा और महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद रात करीब 9 बजे ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य विसर्जन जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। क्लब के अध्यक्ष दिलीप सोनी ने बताया कि वर्ष 2002 से एकता क्लब महाकाल ग्रुप द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। इस वर्ष भी 14 सितंबर को विधि-विधान के साथ प्रतिमा स्थापित की गई थी। पांच दिनों तक पूजा-अर्चना और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के बाद शनिवार की रात भगवान गणेश को श्रद्धापूर्वक विदाई दी गई। विसर्जन जुलूस महाराजगंज से निकलकर ब्लॉक रोड, टिकट काउंटर, मुरली बाबू मोड़, मुख्य बाजार, कासमा बस स्टैंड, कलाली मोड़ होते हुए पुनः ब्लॉक रोड पहुंचा। इसके बाद जुलूस चरकावां विष्णुपुरी पहुंचा, जहां पूजा-अर्चना के बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की धुन पर उत्साह के साथ शामिल हुए और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए। मौके पर बैजू सोनी, सुरेश सोनी, शिव सोनी, भोला सोनी, अमर सोनी, कुंदन सोनी, विकास, मानिक सोनी, अमित सोनी, उपेंद्र सोनी, मुरेश सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



**एक नजर**

## बेतरतीब परिचालन से सड़कें हुईं संकीर्ण, आवागमन में परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। बेहतर आवागमन के लिए शासन ने सड़कों की हालत सुधारी है, लेकिन बेतरतीब अतिक्रमण और वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से शहर की प्रमुख सड़कें संकीर्ण हो गई हैं। इससे सुबह-शाम यातायात प्रभावित होने के साथ जाम की स्थिति बन रही है। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर दुकानों का सामान सड़क तक फैला रहता है। वहीं, दुकानों के सामने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से आवागमन के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। रमेश चौक से धर्मशाला चौक और महाराजगंज रोड पर स्थिति अधिक खराब रहती है।सुबह और शाम के समय राहगीरों को भी सुरक्षित निकलने में परेशानी होती है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन समस्या स्थायी रूप से दूर नहीं हो पा रही है। नगर परिषद ने रमेश चौक और बद्री मार्केट में पार्किंग स्थल बनाया है। यहां दोपहिया वाहन के लिए पांच रुपये और चारपहिया वाहन के लिए 10 रुपये शुल्क निर्धारित है। हालांकि, पार्किंग स्थल छोटा होने के कारण अधिकांश वाहन वहां खड़े नहीं हो पाते। बराटपुर के विजय सिंह और पुकार सिंह ने कहा कि अवैध पार्किंग से प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है। उन्होंने बड़ा पार्किंग स्थल बनाने की मांग की।

## कॉ घनश्याम यादव के निधन पर शोकसभा

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के समर्पित नेता एवं गोह अंचल पार्टी के स्तंभ रहे कॉमरेड घनश्याम यादव के निधन पर हसपुरा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कॉमरेड घनश्याम यादव गोह प्रखंड के बक्सर गांव के रहने वाले थे। 19 सितंबर 2026 को बिजली की चपेट में आने से उनका निधन हो गया। शोकसभा में पार्टी नेताओं ने उनके निधन को संगठन के लिए अपूरणीय क्षति बताया और उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद किया। इस दौरान कॉमरेड चंद्रशेखर सिंह, कॉमरेड राम इकबाल सिंह, कॉमरेड विजय प्रमुख, कॉमरेड राम लखन सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। हसपुरा पार्टी की ओर से दिवंगत नेता को पार्टी का झंडा देकर अंतिम विदाई दी गई। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## गोपाष्टमी पूजा की तैयारी हेतु मानव विकास मंच की बैठक



**हसपुरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। हसपुरा बाजार के बड़ी फिल्ड के समीप नीजी शिक्षण संस्थान के परिसर में मानव विकास मंच के सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष युवा कार्यकर्ता मनीष कुमार ने की। संचालन सुरेन्द्र यादव ने किया। उन्होंने मानव विकास मंच समाजिक कार्यों में मजबूती के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते आ रही है विस्तार से चर्चा की। जिसमें शैक्षणिक व्यवस्था पर बल दिया गया। बताया जाता है कि निर्धन व असहाय बच्चों को पढ़ाने में मंच की ओर से निःशुल्क सहयोग किया जाता है। मंच के निर्माता सह संस्थापक चन्द्र देव सिंह सिपाही ने कहा कि गरीबों के बीच अपनी ओर से कंबल वितरित करेंगे। जिसमें मंच के सदस्यों का वितरण में सहयोग लिया जाएगा। पूर्व जिप प्रतिनिधि रामाश्रय प्रसाद सिंह, देवनारायण सिंह, नागेश्वर राम, सरपंच सुरेन्द्र यादव, पैक्स अध्यक्ष आशुतोष राय उर्फ साधु यादव ने संगठन मजबूती के लिए अधिक से अधिक सभी वर्ग को लोगों को जोड़ने पर बल दिया। बखोरा खां, मानदीप चौधरी, रामबिलास यादव, जितेन्द्र कुमार, दिनेश कुशवाहा, गुडु पासवान, अखिलेश यादव, लक्ष्मण सिह, सुनील यादव, दीपक कुमार, राजू कुमार सहित सभी सदस्यों ने विचार व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने, बच्चों के बीच प्रतियोगिता में अव्वल स्टूडेंस को सम्मानित करने पर बल दिया गया। जिसमें गोपाष्टमी पूजा पर श्रीकृष्ण भगवान के जीवनी पर चर्चा किया जाएगा।

# हसपुरा में शिक्षक हित के मुद्दों पर बैठक, प्रखंड कमेटी का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। बिहार स्टेट टीचर एसोसिएशन (गोप गुट) की ओर से हसपुरा के ड्रीम पैलेस में शिक्षक हित से जुड़े मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को प्रखंड स्तर पर मजबूत करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में 7वें वेतनमान का लाभ, प्रधान शिक्षकों के लिए सम्मानजनक वेतनमान, जबरन स्थानांतरण पर रोक, पुरुष शिक्षकों को भी अपने प्रखंड में स्थानांतरण का अवसर देने की मांग उठाई गई। इसके अलावा सभी संवर्ग के शिक्षकों के लिए एक समान पदनाम 'सहायक शिक्षक' करने तथा सभी शिक्षकों को शीघ्र प्रोन्नति देने की मांग प्रमुखता से रखी गई।



शिक्षकों ने प्रखंड स्तर पर कार्यों के निष्पादन में कथित भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने और शिक्षक हित में संगठनात्मक रूप से संघर्ष करने का निर्णय लिया। बैठक में संगठन को विस्तार देते हुए हसपुरा प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। नवगठित कमिटी में रवि कुमार सिंह को अध्यक्ष, निशांत कुमार चंदन को उपाध्यक्ष, रवि कुमार को सचिव, दीपक कुमार को संयुक्त सचिव, सुधीर कुमार को कोषाध्यक्ष, ज्याउल्लाह अंसारी को मीडिया प्रभारी, आशा कुमारी को महिला प्रकोष्ठ, हिमांशु कुमार को संगठन संयोजक तथा लवकिशोर प्रसाद को प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया।

मौके पर जिला अध्यक्ष औरंगाबाद अमित कुमार सुमन, अमरेंद्र कुमार, समुंदर सिंह, कमलेश कुमार, नीरज साहनी, अभिमन्यु कुमार, अवध किशोर सिंह, संतोष खत्री, अरुण कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार, बबन सिंह, मुरारी प्रसाद, मनोज मंजुल, संजना कुमारी, कविता कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# बाबा गणिनाथ गोविंद का पूजनोत्सव कार्यक्रम संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलवाई वैश्य सभा की शाखा दाउदनगर द्वारा शनिवार को सोन नद के तट पर बाबा भूतनाथ प्रांगण स्थित बाबा गणिनाथ गोविंद जी मंदिर में 30 वां पूजनोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांस्कृतिक-सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ओबरा विधायक सह लोजपा रामबिलास के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. प्रकाश चन्द्र ने कहा कि मैं समाज के लिए तैयार रहूंगा। सभी परिवार के सदस्य हैं और आपका सुख दुख हमारा है। समारोह का आरंभ उपाध्यक्ष रहे धनंजय कुमार के स्वर्गवासी होने के लिए दुःख प्रकट कर किया गया। उनके असमय उनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति होने की बात कही गयी। कहा गया कि उसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। मुख्य संयोजक प्रह्लाद प्रसाद ने उक्त बात कही। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। समाज सेवी कामता प्रसाद ने नशाखोरी पर समाज के लोगों से दूर रखने का आग्रह किया एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी महती भूमिका निभाने का आह्वान किया। कजपा निवासी डा. गोपाल प्रसाद पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ने समाज की एकता और राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आह्वान किया। रफिगंज पूजा समिति के सदस्य सुनिल कुमार ने कहा कि आय दिन समाज के लोगों के साथ घटनाएं घट रही है। इसके लिए हमें एक जुटता के साथ मुकाबला करने की आवश्यकता है। रफीगंज शाखा अध्यक्ष विनय कुमार ने अपने समाज के लोगों को शैक्षणिक रूप से जागरूक करने एवं शिक्षा ग्रहण करने की बात कही, ताकि समाज मुख्य धारा से जुड़ सके। पिपरा कमिटि के अध्यक्ष शंकर कुमार मौजूद रहे। यह आयोजन मेला के रूप में परिणत हो गया। औरंगाबाद, अरवल के साथ भिन्न भिन्न प्रखंड के लोगों की भारी संख्या में भागीदारी रही। संचालन प्रह्लाद प्रसाद ने की। अध्यक्ष टिंकू कुमार, कोषाध्यक्ष दिपक कुमार, महामंत्री मंजीत अमन, उपाध्यक्ष अजय कुमार, विकास कुमार, भोला कुमार, कुन्दन कुमार, चन्दन कुमार, रंजन कुमार, रंजित कुमार, कृष्ण प्रसाद, भोला प्रसाद, प्रमोद महाजन, विजय कुमार, अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक अवधेश प्रसाद , अवकाश प्राप्त प्रोफेसर गणेश प्रसाद, पंकज कुमार आदि गणमान्य सदस्यों ने अपनी महती भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।



# कासमा थानाध्यक्ष का विदाई सह सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। कासमा थाना परिसर में थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसआई नेहा रंजन ने की, जबकि मंच संचालन एसआई आशुतोष कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों और पुलिस पदाधिकारियों ने स्थानांतरित थानाध्यक्ष को पुष्पगुच्छ, बुके व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सहकर्मियों और समाजसेवियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि अक्षयवर सिंह में अद्भुत टीम भावना थी, जिसके बल पर कार्य निर्बाध गति से चलता रहा। जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान भी उन्होंने आमजन के सहयोग से सहजता से किया। मुखिया प्रतिनिधि अनुज सिंह और पंचायत समिति सदस्य मंटू सिंह ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य व संयम के साथ दायित्वों का निर्वहन करना इनकी कार्यशैली का प्रमुख गुण रहा है। स्थानांतरित थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि जनता और पुलिस के बेहतर समन्वय से काम आसान हो जाता है। यहां हर वर्ग और समुदाय का भरपूर सहयोग व स्नेह मिला। समारोह में पीएसआई बिट्टू कुमार, एएसआई किशोरी शाह, नवीन कुमार, अरुण कुमार सिंह, इंद्रदेव कुमार, शेख शेरेअली, मुन्ना कुमार गुप्ता सहित सभी पुलिसकर्मी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



# योग और प्राणायाम से जीवन में अनुशासन एवं स्वास्थ्य का विकास : बृजमोहन शर्मा

**दाउदनगर में योग कक्षा का आयोजन, योग अपनाने का दिया संदेश**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। शहर के बम रोड स्थित शिव बाला शिव मंदिर परिसर में रविवार को पतंजलि की ओर से योग कक्षा का आयोजन किया गया। योग कक्षा का संचालन पतंजलि के अनुमंडल प्रभारी नंद बाबा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि किसान प्रभारी बृजमोहन शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर बृजमोहन शर्मा ने लोगों को कपालभाति प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग में अनुशासन का विशेष महत्व है। योग, प्राणायाम, आसन, व्यायाम और सूर्य नमस्कार को नियमित जीवन का हिस्सा बनाकर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रह सकता है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय परंपरा की महत्वपूर्ण विधा है और इसे नियमित रूप से अपनाने से शरीर और मन को स्वस्थ रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने लोगों से अपनी दिनचर्या में योग और प्राणायाम को शामिल करने की अपील की। बृजमोहन शर्मा ने कहा कि योग के माध्यम से लोगों में अनुशासन, संयम और सकारात्मक जीवनशैली का विकास होता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग को अपनाना विशेष रूप से उपयोगी है। उन्होंने योग के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि "संसार की सभी समस्याओं का समाधान युद्ध नहीं, योग है।" उन्होंने "योगः शरणं गच्छामि" का संदेश देते हुए अधिक से अधिक लोगों को योग से जुड़ने का आह्वान किया। योग कक्षा में वार्ड पार्षद सोनी, दीपक केशरी, सुखलाल, मुकेश आर्य, गुड्डू तिवारी, रामजी रेडीमेड, सुंदरम, मोहन प्रसाद, उदय पासवान, रामपुकार प्रसाद, श्रवण कुमार, हीरालाल, महेश, शिवम कुमार, योगी आत्मा सुनील कुमार सिन्हा, सुनीता देवी, सुनीता राय, रेखा देवी, अजय, देवश्री देवी, निर्मला देवी, लाखा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोगों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कर नियमित योग करने का संकल्प लिया।



# पिरवा पंचायत के वार्ड नं -चार में नल जल की स्थिति बदहाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड के पिरवां पंचायत के वार्ड नं चार में पांच वर्षो से अधिक समय से नल-जल योजना ठप पड़ा है। चार वर्ष पहले 10 लाख रुपये के तहत नल-जल योजना का कार्य किया गया था। नल-जल योजना के तहत पानी टंकी लगाया गया। पाइप बिछाई गई थी परंतु घरों में नल का टोटी नहीं लगाया गया है। बता दें कि राज्य सरकार ने वर्षो पहले गांवों में ग्रामीणों को स्वच्छ जल पहुंचाने को ले विभिन्न वार्डो में नल-जल योजना की शुरुआत की थी। सरकार का निर्णय था कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले। गांवों में नल-जल योजना की शुरुआत तो हुई परंतु देखरेख के अभाव में स्थिति काफी बदहाल हो गई है। यहां सरकार के सभी दावे फ़ेल नजर आ रहा है। ग्रामीणों को नल-जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। गांव में कई जगहों पर पाइप क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांव में पानी की आपूर्ति बंद है। लगभग सभी घरों में कनेक्शन है। ग्रामीण विक्र स सिंह, अजय सिंह सहित बताते हैं कि जब नल-जल योजना रहते हमलोग शुद्ध जल से वंचित हैं। पीएचइडी विभाग के अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं जाता है। नल-जल योजना की मरम्मत कराकर चालू कराने की जरूरत है। बताया कि जब गांव में नल-जल योजना की शुरूआत हुई थी तो खुशी हुई थी परंतु अब नल-जल योजना फेल हो गया है। कुछ ग्रामीणों द्वारा योजना के तहत लगे मोटर से खेत का पटवन किया जाता है। विभाग को चाहिए कि इसे दुरुस्त करवाकर ठीक कराए ताकि शुद्ध पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना न पड़े। कई बार जलमीनार को चालू करवाने की मांग की गई परंतु योजना को चालू नहीं कराया गया।

# पक्की सड़क से वंचित हो गया गांधी नगर गांव

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। मदनपुर प्रखंड की बेरी पंचायत के तहत गांधी नगर गांव अब भी पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। यहां के लोगों के लिए विकास अब भी कोसो दूर है। प्रखंड के अधिकांश गांव पक्की सड़क से जुड़ चुके हैं जबकि प्राणपुर के लोगों को अब भी मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए करीब आधा किमी कच्चे रास्ते पर चलना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क नहीं होने के कारण गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से प्रभावित रहता है। चुनाव के समय जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण का वादा करते हैं परंतु चुनाव समा' होते ही इसे भूल जाते हैं। वहीं बारिश के मौसम में कच्चा रास्ता कीचड़ में तब्दिल हो जाता है। यहां तक की बीमार और गर्भवती महिलाओ को अस्पताल पहुंचाना बड़ी चुनौती बन जाती है। ग्रामीण भरत सिंह, रामाश्रय सिंह सहित बताते हैं कि गांव में बिजली, पेयजल, विद्यालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध है परंतु पक्की सड़क के अभाव में आवागमन बाधित रहता है। बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की गई परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

# जमुई में प्राइवेट एंबुलेंस से 460 केन बीयर बरामद

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई।** मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के सचिव तथा जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों के आलोक में जिला उत्पाद विभाग की टीम ने रविवार की सुबह नशा कारोबारियों के खिलाफ एक बड़ी और सफल कार्रवाई की है। उत्पाद अधीक्षक के निर्देशन एवं उत्पाद थाना प्रभारी गौरी शंकर कुमार के नेतृत्व में एसआई अश्विनी कुमार द्वारा गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बानाडीह के समीप चलाए गए जांच अभियान के दौरान एक प्राइवेट एंबुलेंस को जब्त किया गया। एंबुलेंस की सघन तलाशी लेने पर उसके अंदर मरीज के बेड के नीचे बने विशेष बॉक्स से 460 केन बियर (कुल 230 लीटर) बरामद की गई। मरीज ले जाने की आड़ में एंबुलेंस का उपयोग शराब की तस्करी के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से ही दो तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लखीसराय जिले के पिटी बाजार थाना क्षेत्र के चौरा राजपुर गांव निवासी सौरभ कुमार (पिता- पप्पू सिंह) तथा रामायणपुर गांव निवासी सत्यम कुमार (पिता- बलराम शर्मा) के रूप में हुई है। आपातकालीन सेवा के रूप में प्रयुक्त होने वाली एंबुलेंस के जरिए की जा रही इस तस्करी का पर्दाफाश होना उत्पाद विभाग के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। इस सख्त और त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के शराब तस्करों एवं अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ यह अभियान आगे भी इसी तरह कठोरता से जारी रहेगा। इधर कारोबारी में हड़कंप मच गया।

# पंचायती राज विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की डीडीसी ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**भोजपुर।** उप विकास आयुक्त, भोजपुर अरुण प्रकाश की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति, लक्ष्य के अनुरूप प्रगति तथा लंबित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा संबंधित पदाधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा कार्यों में अपेक्षित गति लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन करने तथा विभागीय निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान पंचायत स्तर पर संचालित कार्यों की नियमित निगरानी एवं अनुश्रवण करने तथा निर्धारित लक्ष्यों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुँचाने को कहा गया। बैठक में पंचायती राज विभाग के पदाधिकारी सहित संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### समृद्ध बिहार के निर्माण ...

जोड़ा गया है और रात में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को आनलाइन शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। अभी इस ऐप के माध्यम से रात में लगभग 1 लाख 42 हजार बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बोधगया में भव्य कारिडोर विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। वाल्मीकि नगर में लगभग 60 करोड़ रूपये की लागत से भव्य लव-कुश पार्क के निर्माण की पहल की गई है। साथ ही सीतामढ़ी में भव्य सीता मंदिर के निर्माण का कार्य भी आगे बढ़ाया जा रहा है। लगभग 1000 करोड़ रूपये की लागत से इसका शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति विरासत को दुनिया के सामने लाने के साथ-साथ राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सभी लोग मिलकर आगे बढ़ते हैं तो बड़ी उपलब्धियां हासिल होती हैं। उन्होंने पांच उंगलियों का उदाहरण देते हुए कहा कि अलग-अलग होने पर उनकी ताकत सीमित होती है लेकिन मुट्ठी बनने पर यही एकता की ताकत बन जाती है। उन्होंने कहा कि बिहार की समृद्धि और विकास के लिए सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने का काम जारी रहेगा। विकसित और गौरवशाली बिहार के निर्माण के लिए हम सभी मिलकर काम करें। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार, स्वास्थ्य मंत्री निशांत, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी, सांसद उपेंद्र कुशवाहा, विधायक पप्पू वर्मा एवं रत्नेश कुशवाहा, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

# गुरुजी की भूमिका में नजर आएंगे बिहार के अफसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** बिहार में अब अफसर बाबू गुरुजी की भूमिका में भी नजर आएंगे। दरअसल राज्य के मॉडल स्कूलों में अब अफसर भी छात्रों को पढ़ाएंगे। राज्य में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुधार के लिए अधिकारी 700 मॉडल स्कूलों में कक्षाएं लेंगे। हर सप्ताह एक या इससे अधिक कक्षा अफसर खुद लेंगे। इसको लेकर सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रोशन ने इसको लेकर जारी निर्देश में कहा है कि प्रत्येक सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) से एक जिला स्तरीय पदाधिकारी को संबद्ध किया जाना है। इसके तहत जिलों से नामित पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से इन सरस्वती विद्या निकेतन का निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया जाएगा। साथ ही विद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। इस क्रम में संबंधित पदाधिकारी खुद कक्षा भी लेंगे। अधिकारी प्रत्येक सप्ताह विद्यालय में एक या अधिक कक्षाओं का खुद से संचालन अपनी विषय अभिरुचि के अनुसार करेंगे। इसके अलावा पाठ्य-टीका , गृह कार्य, क्लास रूम (क्लास रूम ट्रांजेक्शन) का अवलोकन भी करेंगे। इसके साथ ही अधिकारी की यह जवाबदेही होगी कि पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण हो। आधुनिक सुविधाओं का समुचित प्रयोग हो रहा हो तथा विद्यार्थियों की अच्छी उपस्थिति हो। विद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, अनुशासन एवं नियमित उपस्थिति की स्थिति की समीक्षा भी करेंगे। ई-शिक्षा कोष पर विद्यालयवार अधिकारी पंजीकृत होंगे। कक्षा लेने वाले अधिकारी शिक्षा विभाग को स्कूल की रिपोर्ट भी देंगे। इस रिपोर्ट के आधार पर डीईओ व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। इसके अलावा अंग्रेजी के लिए विशेष कक्षा भी चलेंगी। शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, मूलभूत सुविधाओं की स्थिति (बिजली, रंग-रोगन, शौचालय एवं पेयजल व नवाचार पर विद्यालय प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के साथ विमर्श कर अधिकारी सर्वांगीण विकास का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही अंग्रेजी के कौशल विकास के लिए डिबेट, लेखन, व्याकरण पर विशेष ध्यान इन्हें देना है। संबद्ध किए गए पदाधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट को राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी भजेंगे। जमुई जिले में 10 मॉडल स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। जिले समेत सूबे के 700 मॉडल स्कूलों के हेडमास्टर को ट्रेनिंग दी गई है। मॉडल स्कूल के सभी बच्चों का अलग से आईडी बनाया जा रहा है। इसके माध्यम से वे 24 घंटे में कभी भी एक्सपर्ट की मदद ले सकेंगे।

## मगही को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बैठक

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व मगही परिषद की ओर से बिक्रम गांधी आश्रम प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता श्याम किशोर शर्मा ने की।उक्त बैठक में संगठन के अंतरराष्ट्रीय महासचिव प्रोफ़ेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पत्र के माध्यम से मगही भाषा को संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करने में भारत सरकार के समक्ष प्रभावी पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मगही बिहार का अति प्राचीन, समृद्ध और गौरवशाली भाषा है जिसका संबंध मगध के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत से गहरे रूप से जुड़ा है। उन्होंने बिक्रम के विभिन्न मगही साहित्यकारों की चर्चा करते हुए संत राम नगीना सिंह मगहिया का मगही के प्रति त्याग और समर्पण की बाते की।वहीं मगही भाषा के समृद्ध साहित्यकार केशव वर्मा,प्रो रामनाथ शर्मा, रामाधार सिंह आधार,सुभाष सिंह किंकर के योगदानों की चर्चा की। बैठक में उन्होंने मगही भाषियों से अपील की है कि इस भाषा को संवैधानिक रूप से आठवीं सूची में दर्ज कराने में अभियान को गति दें। मौके पर गांधी आश्रम समिति के संयोजक अरुण कुमार आजाद, शशांक शेखर मिश्र, प्रो जनेश्वर सिंह सहित कई बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

# श्री कश्यप मुनि जयंती समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** नगर केसरवानी वैश्य सभा द्वारा आयोजित श्री कश्यप मुनि जयंती समारोह एवं वन भोज कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भाजपा के वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा एवं पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक इं. शंभू नाथ केसरी एवं मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप केसरी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा उपस्थित समाजजनों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सतीश केसरी ने की तथा मंच का संचालन जिला महामंत्री राम केसरी ने किया। ज़िला अध्यक्ष रामेश्वरम केशरी महिला सभा एवं युवक सभा के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के प्रारंभ से पूर्व केसरवानी पंचायत भवन, पुरानी गोदाम गया से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पितामहेश्वर पहुँची, जहाँ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात धर्मसभा भवन में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर गया जिले के विभिन्न नगर सभाओं से आए अध्यक्ष एवं महामंत्रीगण को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामेश्वर केसरी, जिला संरक्षक रेणुका पालिक, महिला सभा राष्ट्रीय मंत्री भुवन मोहिनी ,श्याम सुंदर केसरी, जयप्रकाश केसरी, राजेश केसरी, मनोज केसरी, पप्पू केसरी, मुकेश केसरी, अजय केशरी, महिला सभा अध्यक्ष गीता केशरी, युवा सभा अध्यक्ष प्रेम केशरी एवं कार्यसमिति के पदाधिकारियों सहित गया जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में सम्मानित केसरवानी बंधु एवं बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का प्रशिक्षण आज से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** 33वीं बालक एवं 26वीं बालिका सब-जूनियर आट्या-पाट्या राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 में बिहार का प्रतिनिधित्व करने वाले चयनित खिलाड़ियों की बेहतर तैयारी को लेकर आट्या-पाट्या एसोसिएशन ऑफ बिहार एवं पटना जिला आट्या-पाट्या एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन 2 से 4 अक्टूबर 2026 तक हैदराबाद, तेलंगाना में किया जाएगा। जिसमें बिहार की बालक एवं बालिका वर्ग से 30 खिलाड़ी बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए बिहार के चयनित खिलाड़ियों के लिए 21 से 26 सितंबर 2026 तक पटना में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में खिलाड़ियों को तकनीकी, शारीरिक एवं मैच संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए टीम को बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके।

आट्या-पाट्या एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव तरुण कुमार आज़ाद ने बताया कि सभी जिलों से राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को 21 सितंबर को सुबह 10 बजे राजा उत्सव कम्युनिटी हॉल, पटना में रिपोर्ट करना अनिवार्य किया गया है। खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के दौरान चयनित खिलाड़ियों के रहने एवं भोजन की व्यवस्था आट्या-पाट्या एसोसिएशन ऑफ बिहार की ओर से की जाएगी। एसोसिएशन का उद्देश्य बिहार के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच के लिए बेहतर ढंग से तैयार करना और राज्य के लिए शानदार प्रदर्शन सुनिश्चित करने की दिशा में मजबूत तैयारी करना है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश शाह, राष्ट्रीय कोच आरुष कुमार आजाद एवं कोषाध्यक्ष इं. सत्येन्द्र कुमार सिन्हा ने सभी जिला आट्या-पाट्या एसोसिएशन से चयनित खिलाड़ियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। बिहार आट्या-पाट्या टीम अब राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी मजबूत दावेदारी पेश करने के लिए पूरी तरह तैयारी में जुट गई है।

# स्वामी विवेकानन्द अस्पताल में पांच दिवसीय स्वास्थ्य शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**सिमुलतला/जमुई।** स्वामी विवेकानन्द अस्पताल सिमुलतला में पांच दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में 500 से अधिक गरीब वंचित जरूरत मन्द मरीजों का निःशुल्क जांच एवं इलाज किया गया। उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विगत 16 सितम्बर से 20 सितम्बर तक पांच दिन रोगियों का सम्पूर्ण जांच एवं समुचित इलाज का सभी व्यवस्था उपलब्ध था। क्षेत्र के रोगियों को अपने ही गांव घर पर ब्लड जांच से लेकर एक्सरे, यूएसजी, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड, फिज्योथ्रेपी, आंख जांच एवं मुफ्त चश्मा, दांत जांच एवं आवश्यक दवाई भी मुफ्त उपलब्ध कराया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर में डॉ विकास गुप्ता एमबीबीएस, डॉ रंजन कुमार पांडेय एमडी, डॉ सैयद अफ्रीदी एमबीबीएस, डॉ रीफा सोनिया एमबीबीएस, डेंटल डॉ अप्रोभा, डेंटल डॉ सरस्वती, डॉ मुकेश कुमार साह पिटीई, डॉ अनिर्बन नियोगी पिटाई, डॉ बसंत डालमिया एमएस, डॉ अतहर नोमानी एमएस के साथ अन्य कई चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी की मेहनत एवं देख रेख में सफल आयोजन सम्पन्न हुई। आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी गंम्भीर बीमारियों का इलाज बहुत ही आसानी से उपलब्ध हो सका। सभी प्रकार के छोटी से बड़ी इलाज एक ही चार दिवारी के अंदर निःशुल्क एवं सुव्यवस्थित होने से इलाज कराने वाले को काफी सहूलियत के अनुभव हुआ, जिसके लिए स्वामी विवेकानन्द अस्पताल के चेयरमेन डॉ यूधपीध गुप्ता को साधुवाद दिया। बही मुफ्त में इलाजरत लोगों ने संस्थान प्रमुख डा. उमेश प्रसाद गुप्ता के दीधायु दीर्घायु के लिए दीर्घायु के लिए ईश्वर प्रार्थना करते हुए आशीर्वाद दिया। इलाजरत मरीजों में खुशी से चेहरा खिल उठे। ऐसे भी संस्थान प्रमुख सह सचिव डा.उमेश प्रसाद गुप्ता के द्वारा लोगों की सेवा निरंतर करते आ रहे हैं।

# दूध प्रोटीन-एलोवेरा एंटासिड टैबलेट को मिला भारतीय पेटेंट

## कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में शोध टीम की ऐतिहासिक सफलता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय के नेतृत्व में एक प्रतिष्ठित शोध टीम को दूध प्रोटीन एवं एलोवेरा आधारित नवीन मिश्रित एंटासिड टैबलेट के लिए भारतीय पेटेंट प्रदान किया गया है। भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा पेटेंट संख्या 597350 (आवेदन संख्या 202311057324) स्वीकृत किया गया है। यह शोध बीएचयू के कृषि विज्ञान संस्थान अंतर्गत डेयरी साइंस एंड फूड टेक्नोलॉजी विभाग में संपन्न हुआ। आविष्कारकों में प्रो. दिनेश चन्द्र राय, प्रो. राज कुमार दुआरी, डॉ अरविंद, डॉ रुचि चावला, रिधि पांडे और कृष्ण कुमार शामिल रहे। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने अपनी शोध टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह आविष्कार प्राकृतिक पाचन स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा यह पेटेंट डेयरी फार्म और शोध प्रयोगशाला से समाज के दैनिक जीवन तक की यात्रा में एक सार्थक उपलब्धि है। प्रो. राय ने आगे बताया कि इस आविष्कार से क्लिनिकल परीक्षण, उत्पादन विस्तार एवं व्यावसायीकरण के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। इससे भारतीय उपभोक्ताओं को अम्लता की समस्या के दैनिक प्रबंधन हेतु एक सुरक्षित एवं प्रोटीन युक्त विकल्प उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह पेटेंट स्वदेशी नवाचार, डेयरी मूल्य संवर्धन तथा साक्ष्य आधारित पारंपरिक ज्ञान को प्रोत्साहित करने की दिशा में उल्लेखनीय योगदान है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक समुदाय एवं पूर्ववर्ती छात्र संघ ने प्रो. राय को हार्दिक बधाई देते हुए उनकी शोध उपलब्धियों एवं नेतृत्व क्षमता की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# ढहने के कगार पर पहुंचा प्राणपुर गांव का पुल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर प्रखंड के प्राणपुर गांव स्थित पुल ढह सकता है। यह पुल काफी जर्जर हो गई है, जिसके कारण बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है, यह पुल काफी पुराना है। चुकी आवागमन को लेकर यह पुल हर लिहाज से काफी व्यस्थ है। अहम पहलू यह है कि वह पुल से लालटेनगंज, जुड़ाही, बंगरे सीमा समेत कई पंचायतों को जोड़ती है, कितु दिनों दिन भारी वाहन रख रखाव की कमी के कारण पुल की स्थिति दयनीय हो गई है। बारिश के दिनों में पुल पर पानी भर जाता है, जिसके कारण कभी घटना घट सकती है। बारिश हो जाने के बाद पुल की स्थिति गंभीर हो जाती है और इसी पुल से भारी वाहनों का आवागमन होते रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार ने पंचायत की जोड़ने की लिहाज से यह पुल काफी महत्वपूर्ण है। करीब प्रतिदिन भारी संख्या में लोगो को आवागमन होता है अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह ढहने के बाद आवागमन ठप हो जाएगी। बता दे कि इस जर्जर पुल के दोनों तरफ रेलिंग भी नहीं है।

# जोगड़ी गांव के तालाब का नहीं हो सका जीर्णोद्धार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के जोगडी गांव स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना तालाब सरकारी उपेक्ष के कारण अपना पहचान खो रहा है। बता दें कि यह तालाब लगभग एक किमी के दायरा में है। बता दें कि पूव्र में इसमें बांध बांधकर छोटी वितरणी बनाने का प्रारुप तैयार किए थे जिससे सैंकड़ों बीघे की जमीन की सिंचाई होता है परंतु उसके बाद से कुछ नहीं हुआ तालाब की उड़ाही नहीं होने के कारण इसको नुकसान हो रहा है। तालाब के कुछ भाग में स्थानीय श्रमिक किसान मखाना की खेती किए हैं इसका रखरखाव बाहर के श्रमिकों द्बारा कराया जाता है। सरकार मखाना की खेती को उद्यमी योजना से जोड़कर बढ़ावा देने में जुटी है परंतु हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित तालाब की ओर सरकार कोई ध्यान नहीं है। गांव के विजय सिंह सहित बताते हैं कि तालाब की उड़ाही व उसके तटबंध को मरम्मत कराए जाने के लिए पंचायत स्तरीय योजना को लेकर ग्रामसभा हो या आमसभा तालाब का जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव लिया जाता है परंतु प्रस्ताव का अबतक अमलीजामा नहीं पहनाया गया।

# मंडल कारा का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, सदर आरा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर आरा-01 द्वारा मंडल कारा, आरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारा की सुरक्षा व्यवस्था एवं विभिन्न वार्डों की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों द्वारा कारा परिसर में साफ-सफाई, बंदियों के लिए भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा सहित उपलब्ध अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही कारा में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान कारा की सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बंदियों को नियमानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा कारा परिसर में स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

# युवाओं के लिए खेल है जरूरी : विकास वैभव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** जिला फुटबॉल लीग का शानदार आगाज उद्घाटन मैच में फुटबॉल अकैडमी बड़ा ने ग्राउंड 30 फुटबॉल एकेडमी को हरा दिया है। आज के इस मैच के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक मगध क्षेत्र गया के द्वारा किया गया। इस मौके पर वरीय अधिवक्ता मुकेश शर्मा, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष मोती करीमी बिहार धावक चैंपियन सुनील कुमार तथा कई अन्य गणमानय लोगों की उपस्थिति में आज के मैच का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा फुटबॉल खेल के साथ अन्य खेलों के लिए युवाओं को प्रेरित किया और आज के युवा के लिए यह बहुत जरूरी है। आज का मैच काफी रोमांचक हुआ जिसमें फुटबॉल एकेडमी बड़ा ने ग्राउंड 30 फुटबॉल एकेडमी को एक शून्य से हराकर पूरे तीन अंक प्राप्त किया। आज का एकमात्र गोल मैच के 12 मिनट पर मुदस्सिर के क्रॉस पास पर शम्स तबरेज द्वारा बनाया गया एवं यही एक गोल पूरे मैच में विजय साबित हुआ आज के इस मैच को देखने के लिए काफी अधिक संख्या में दर्शक उपस्थित हुए। कई सीनियर खिलाड़ी खिलाड़ियों को आज के मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया है। इनमें शामिल अशोक कुमार सिंह भोला, हीरालाल, मसूद अख्तर, सनाउल्लाह खान, महेंद्र सिंह अमानुल्लाह खान, राजू शर्मा, शशि भूषण सिंह, ओम प्रकाश सोलंकी, धावक सुनील कुमार, मंजू सिंह, रश्मि सिंह साथी निर्णायक अजीत कुमार सिंह परवेज आलम सुरेंद्र राजवंशी हीरालाल मसूद अख्तर बीके गौतम मोहम्मद शमशेर आलम को भी मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में दर्शकों ने मैच का आनंद लिया। इस अवसर पर जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष राकेश रंजन ने विकास वैभव मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित एवं स्वागत किया।

# एसबीएसएस कॉलेज बेगूसराय बना चैंपियन, एमआरजेडी कॉलेज रहा उपविजेता

## एलएनएमयू अंतर-महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता (18 से 20 सितंबर, 2026) का आज भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के खेल कैलेंडर सत्र 2026-27 की यह पहली अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता थी, जिसका आयोजन शांतिपूर्ण एवं अत्यंत उत्साहवर्धक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के विभिन्न जिलों से कुल 17 टीमों एवं 18 व्यक्तिगत (इंडिविजुअल) खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी प्रो. अमृत कुमार झा ने की, जबकि सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. ध्रुव कुमार मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के भू-संपदा पदाधिकारी डॉ. कामेश्वर पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका राय ने परिणामों की औपचारिक घोषणा की और बताया कि फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। गत वर्ष की उप-विजेता टीम एस.बी.एस.एस. कॉलेज, बेगूसराय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, वहीं गत वर्ष की विजेता टीम एम.आर.जे.डी. कॉलेज, बेगूसराय इस बार द्वितीय स्थान (उप-विजेता) पर रही। प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् (पी.जी. एथलेटिक्स क्लब) की टीम ने तृतीय स्थान तथा एम.एल.एस.एम. कॉलेज, दरभंगा ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। डॉ. प्रियंका राय ने कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम को लीड कर रही हूँ और मेरे नेतृत्व में महिला कबड्डी टीम ऑल इंडिया अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता, पूर्वी क्षेत्र (ईस्ट जोन) अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक जीतती आ रही है। डॉ. कामेश्वर पासवान, भू-संपदा पदाधिकारी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीर्वचन देते हुए कहा कि खेलकूद युवाओं के व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता और सामूहिकता का संचार करता है।

प्रो. ध्रुव कुमार, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि कबड्डी केवल शारीरिक शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि रणनीति, अनुशासन और मानसिक सजगता का अद्भुत संगम है। अमृत कुमार झा, खेल प्रभारी ने समारोह अध्यक्ष के रूप में कहा कि नए खेल सत्र 2026-27 की शुरुआत इतनी ऊर्जावान और अनुशासित प्रतियोगिता से होना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। सभी 17 टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों ने खेल के उच्च मानकों का प्रदर्शन किया। आगामी अंतर-विश्वविद्यालय (ईस्ट जोन/ऑल इंडिया) महिला कबड्डी प्रतियोगिता में एलएनएमयू का प्रतिनिधित्व करने वाली विश्वविद्यालय टीम के गठन हेतु चयन समिति ने मैचों का बारीकी से निरीक्षण किया। चयनकर्ता के रूप में पवन साहनी, राजीव कुमार सिंह, नरेंद्र पूनिया, रवींद्र कुमार एवं सौरभ कुमार ने खिलाड़ियों के व्यक्तिगत कौशल, गति, डिफेंस और रेडिंग तकनीकों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर टीम चयन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों ने सहभागिता दर्ज कराई, जिनमें एम.आर.जे.डी. कॉलेज बेगूसराय, एस.बी.एस.एस. कॉलेज बेगूसराय, जी.डी. कॉलेज बेगूसराय, आर.सी.एस.एस. कॉलेज बिहट बेगूसराय, के.एस. कॉलेज लहेरियासराय, दरभंगा, पी.जी. एथलेटिक्स, एल.एन.एम.यू. दरभंगा, एम.आर.एम. कॉलेज, दरभंगा, मिल्लत कॉलेज, दरभंगा, एम.एल.एस.एम. कॉलेज, दरभंगा, सी.एम. कॉलेज, दरभंगा, सी.एम. साइंस कॉलेज, दरभंगा, बी.आर.बी. कॉलेज, समस्तीपुर, महिला कॉलेज, समस्तीपुर, आर.बी. कॉलेज, दलसिंहसराय, आर.बी.एस. कॉलेज, अंदौर, जे.एम.डी.पी.एल. कॉलेज, मधुबनी एवं डी.बी. कॉलेज, जयनगर शामिल रहे। समापन सत्र के अंत में अतिथियों द्वारा विजेता, उप-विजेता एवं अन्य स्थान प्राप्त करने वाली टीमों व उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका राय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा उपस्थित सभी अतिथियों, अधिकारियों, चयनकर्ताओं, प्रतिभागी टीमों एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# प्रारंभिक विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा संपन्न

## 21 सितंबर से उत्तर पुस्तिकाओं का होगा मूल्यांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा संपन्न हो गई। परीक्षा समाप्त होने के बाद अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन का आकलन करने के लिए प्रखंड के नौ संकुल संसाधन केंद्रों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। विभागीय निर्देश के अनुसार 21 सितंबर से अधिकतम चार कार्य दिवस तक मूल्यांकन कार्य कराया जाएगा। प्रतिनियुक्त शिक्षक अपने निर्धारित मूल्यांकन केंद्र पर समय से उपस्थित होकर उत्तर पुस्तिकाओं का निष्पक्ष एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप मूल्यांकन करेंगे। शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा निर्धारित अवधि के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। मूल्यांकन के दौरान विद्यार्थियों के विषयवार प्रदर्शन एवं प्राप्त अंकों का संधारण किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य पूरा होने के बाद विद्यार्थियों के प्रगति पत्रक एवं मूल्यांकन प्रतिवेदन भी ससमय तैयार करने का निर्देश दिया गया है, ताकि बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की सही तस्वीर सामने आ सके।शिक्षा विभाग की ओर से सभी संबंधित शिक्षकों को निर्धारित तिथि एवं समय पर मूल्यांकन केंद्र पर उपस्थित होकर कार्य में सहयोग करने को कहा गया है। मूल्यांकन के बाद प्राप्त परिणाम के आधार पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार शिक्षण कार्य को और प्रभावी बनाने की दिशा में पहल की जाएगी।

# राजभवन मार्च में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की होगी भागीदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** भाकपा अंचल परिषद कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को नावकोठी में आयोजित हुई। अध्यक्षता सहायक अंचल मंत्री केशव कुमार अनुभव ने की। बैठक में आगामी 28 सितंबर को जन संगठनों द्वारा पटना में आयोजित राजभवन मार्च की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अंचल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अंचल प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गरीब, किसान, मजदूर, फुटपाथी दुकानदार, छात्र एवं नौजवानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि भूमिहीनों एवं फुटपाथी दुकानदारों को विस्थापन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सेटेलाइट टाउनशिप के नाम पर किसानों की जमीन से जुड़े मुद्दों को लेकर भी चिंता बनी हुई है। उन्होंने परीक्षा में पेपर लीक, बेरोजगारी, महंगाई, अपराध एवं भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को गंभीर बताते हुए कहा कि इन समस्याओं को लेकर जन संगठनों की ओर से राजभवन मार्च का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में मार्च में शामिल होकर जनसमस्याओं को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। बैठक में राजभवन मार्च को सफल बनाने के लिए पंचायत एवं गांव स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने की रणनीति बनाई गई। अंचल से सैकड़ों लोगों की भागीदारी का निर्णय लिया गया। मौके पर अंचल मंत्री चंद्र भूषण चौधरी, सहायक अंचल मंत्री जितेंद्र कुमार, गणेश महतो, राजेन्द्र शर्मा, राजदेव महतो, विष्णु देव सदा, श्रवण कुमार, रामाधार सहनी, नसीम रब्बानी, अमर कुमार, राजकुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाढ़ के बीच मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को लेकर पूरे जिले में अभियान चलाने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** क्षेत्र के बुजुर्ग लोगों का कहना है कि करीब 35 से 40 वर्ष पहले तक गांवों और पंचायत क्षेत्रों में मच्छरों के नियंत्रण के लिए सरकारी स्तर पर घर-घर जाकर मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराया जाता था। बस्तियों में सरकारी कर्मी पहुंचकर नियमित रूप से छिड़काव करते थे। समय के साथ यह व्यवस्था धीरे-धीरे सिमटती गई और अब यह व्यापक रूप से कहीं दिखाई नहीं देती। भगवानपुर प्रखंड के समस्तीपुर गांव निवासी, बनवारीपुर-तेघड़ा मार्ग पर ई-रिक्शा चलाने वाले तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, लखीसराय के संयुक्त सचिव मोहम्मद कमाल हसन ने बताया कि उन्होंने अपने बचपन में सरकारी स्तर पर घर-घर मच्छररोधी दवा का छिड़काव होते देखा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बरसात और जलजमाव के कारण पंचायत क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। ऐसे में मच्छर नियंत्रण के लिए नियमित और प्रभावी अभियान चलाना बेहद जरूरी है। मोहम्मद कमाल हसन ने कहा कि मच्छररोधी दवा का छिड़काव केवल भगवानपुर प्रखंड या किसी एक पंचायत तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि पूरे बेगूसराय जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों और मच्छर प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार व्यापक अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समय बाढ़ के कारण जिला प्रशासन पर राहत एवं बचाव कार्यों की बड़ी जिम्मेदारी है। प्रशासन पर अतिरिक्त दबाव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायत और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर मच्छर नियंत्रण के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। जलजमाव वाले स्थानों, नालियों तथा मच्छरों के प्रजनन वाले संभावित स्थलों को चिह्नित कर नियमित रूप से दवा का छिड़काव कराया जाए और साथ ही लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से अपील की है कि बाढ़ राहत कार्यों की मौजूदा व्यस्तता के बीच जनस्वास्थ्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर भी आवश्यक पहल की जाए, ताकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मच्छरों के प्रकोप से राहत मिल सके।

# एआई है शैक्षिक भविष्य का हिस्सा, चुनौती नहीं : डॉ भगवान प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन रमज़ानपुर में 13वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय सेमिनार व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेमिनार का विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता : शैक्षिक प्रतिमान का रूपांतरण' रखा गया था। मुख्य वक्ता डॉ. भगवान प्रसाद सिन्हा ने कहा कि एआई शैक्षिक भविष्य का हिस्सा है, चुनौती नहीं है। हर बदलाव से लोग डर जाते हैं, लोग यथास्थिति में रहना पसंद करते हैं, लेकिन नई चीजों को अपनाने की जरूरत है। एआई सामूहिक मस्तिष्क का समावेश करता है, इसका प्रयोग सीखना चाहिए, इसे क्लास रूम तक ले जाएं और बच्चों को इसका सकारात्मक उपयोग सिखाएं। शिक्षक सुकुमार सहनी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एआई का उत्तर सही और तार्किक है या नहीं, यह देखना शिक्षक का काम है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत ब्रजेश कुमार फाउंडेशन के सचिव अखिलेश कुमार और प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार ने किया। प्राचार्य ने 13 वर्षों की यात्रा साझा की और पांच गोल्ड मेडल प्राप्त प्रशिक्षुओं को याद किया। सचिव अखिलेश कुमार ने शुभकामनाएं दीं। स्वागत गीत शौर्या मेहता, शिप्रा राय, सोनम प्रिया, सिद्धि भारती सहित छात्राओं ने प्रस्तुत किया। सेमिनार पर आधारित लघु नाटक की प्रस्तुति भी हुई। कार्यक्रम संयोजक प्रो. परवेज यूसुफ ने संचालन किया और संगीत प्रशिक्षिका सुहानी कुमारी, आर्गन वादक अमित कुमार व नाल वादक नंद कुमार मालाकार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रशिक्षु, प्राध्यापक व वर्तमान प्रशिक्षु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सेवा समायोजन की मांग को लेकर डाटा इंट्री ऑपरेटरों की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार राज्य डाटा इंट्री-कंप्यूटर ऑपरेटर संघ, जिला इकाई-बेगूसराय की महत्वपूर्ण जिलास्तरीय बैठक रविवार को कर्मचारी भवन, कैंटीन चौक, बेगूसराय में कार्यकारी अध्यक्ष नीलेश झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत डाटा इंट्री/कंप्यूटर ऑपरेटरों की समस्याओं एवं संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने अपनी एकल एवं प्रमुख

**एकजुटता का संदेश**

मांग 'सेवा समायोजन' को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री मोहन मुरारी ने कहा कि जिले के विभिन्न कार्यालयों में बड़ी संख्या में ऑपरेटर लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं। आज सरकारी कार्यों का बड़ा हिस्सा कंप्यूटर आधारित है, जिसमें इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार को इनके सेवा संबंधी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। कर्मचारी महासंघ के राज्य संयुक्त सचिव सुधीर गांधी ने कहा कि एकजुटता ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में शिक्षा मित्रों को राज्यकर्मी का दर्ज़ा मिला है। उसी तरह डाटा इंट्री ऑपरेटरों को भी संगठित होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग के लिए संघर्ष जारी रखना होगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत और एकजुट बनाकर सेवा समायोजन की मांग को मजबूती से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

# मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**अररिया।** मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया में विकसित भारत 2047 की थीम पर युवाओं के रोल को लेकर यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से कक्षा के दसवीं के छात्रों छात्राऔ ने बड़े उत्साह के साथ एवं तैयारी के साथ भाग लिया। यूथ पार्लियामेंट में पक्ष विपक्ष दोनों ही तरफ छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस युथ पार्लियामेंट के हाउस के स्पीकर के रूप में खुशी दसवीं कक्षा से रही एवं अन्य अन्य मंत्रालयों के रूप में निशा कक्षा 8, रति सिंह कक्षा 8 ऋषिका राय कक्षा 8, अनन्या दसवीं कक्षा, वैष्णवी छात्र दसवीं कक्षा, रीत शर्मा नवमी कक्षा, साक्षी दसवीं कक्षा, रिया, लक्ष्य, वर्षा, नैना, शांभवी, राय, विजय, श्रेया, झा, तनस्वी, हायनूर, माही झा, आयुषी कुमारी, नंदिनी, परिधि विधि, साक्षी, आफिया स्वयं, शहाबीद, सुशांत रंजन, शिवम, पुष्पक, ऋषभ, आर्यन, अंबर, धैर्य, कृषिय, आनंद, श्याम कुमारी, अंकुश मयंक राय, आरुष कक्षा 6 ओम कुमार, अभिनव कुमार, अनुभव, मोहम्मद आसिफ, जयेश यथार्थ, प्रियांशु राय, अभिजीत, कृष्णा राय बड़ी सरलता और स्वामी रूप से अपने-अपने पद का गरिमा रूप से प्रस्तुतीकरण दिया। यह सेशन करीब 2 घंटे चला और छात्रों को बहुत कुछ सीखने को समझने को मिला। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में गौतम शाह जी वाइस चेयरमैन नगर परिषद अररिया स्कूल के डायरेक्टर डॉ संजय प्रधान प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी एवं वाइस प्रिंसिपल मृणाल प्रधान जीने दर्शक दीर्घा में बैठकर सभा का आयोजन देखा। इस यूथ पार्लियामेंट के सेशन को सफल बनाने के लिए हमारे एडमिनिस्ट्रेटर अभिनंदन नौटियाल ने बच्चों को बड़ी मुस्तादी से तैयार किया एवं उनका सहयोग हमारे वरिष्ठ अध्यापक अर्जुन झा, जितेश, अजीत झा, सॉविक घोष एवं संजय मंडल सर हफ्तों से तैयारी में रहे। मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है।

# मरीज की हुई ओपन हार्ट सर्जरी

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मेडिवर्सल सिमरन हॉस्पिटल, बेगूसराय ने उन्नत कार्डियक केयर की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल की टीम ने एक जटिल ओपन हार्ट सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। जिससे बेगूसराय और आसपास के मरीजों को अब गंभीर हृदय रोगों के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इस उपलब्धि की जानकारी देने के लिए रविवार को अस्पताल परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। सर्जन डॉ अमर नाथ घोष ने बताया कि जटिल हृदय रोगों में समय पर सही जांच, विशेषज्ञ सलाह और सर्जिकल हस्तक्षेप बेहद जरूरी है। स्थानीय स्तर पर ऐसी आधुनिक सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को समय पर और बेहतर इलाज मिल सकेगा। उन्होंने कहा, ''अब बेगूसराय में ही उन्नत कार्डियक सर्जरी की सुविधा मिलेगी। अस्पताल के यूनिट हेड राजीव रंजन ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। हमारा लक्ष्य है कि बेगूसराय व आसपास के लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टर और आधुनिक चिकित्सा सुविधा अपने ही शहर में मिले। यह सफलता उन्नत कार्डियक केयर को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, कार्डियक सर्जरी के क्षेत्र में यह उपलब्धि भविष्य में और भी जटिल हृदय रोगों के इलाज का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# बेहतर अंक पाने वाली छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** सदर प्रखंड अररिया के सिसौना ग़ैयारी पंचायत स्थित बच्चियों के आवासीय मदरसा जामियतुल फलाह लिलबनात में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें शत प्रतिशत परिणाम होने से बच्चियों वो अभिभावकों में खुशी का माहौल बना हुआ है। मदरसा के नाजिम ने परीक्षा परिणाम को लेकर काफी संतुष्ट दिखे और कहा कि मेहनत के बल पर ही उच्च सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने बच्चियों से कहा कि वह समय का सही इस्तेमाल करें और सतत प्रयास करें, इंशाल्लाह कामयाबी एक दिन उनके कदम चूमेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चियाँ मोबाइल से दूर ही रहें तो बेहतर है। अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, वो तृतीय रैंक पाने वाले कुल 39 बच्चियों को पुरस्कार से भी नवाजा गया। वहीं इस मौके पर परीक्षा परिणाम को लेकर एक दुआइया नशीशत का आयोजन भी किया गया,जहां शिक्षकों ने अपनी अपनी बातें रखीं। उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि दीन के साथ साथ बच्चियों को दुनिया का हुनर भी सिखाया जाता है, अब कंप्यूटर जमाने के हिसाब से बहुत ही महत्वपूर्ण है। वहीं अब बच्चियां भी सभी क्षेत्रों में जगह बना रही हैं, जरूरत है इन्हें मदद करने की। मदरसा के नाजिम अलहाज मौलाना कारी साकिब नदीमुल मदनी ने बताया कि अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए चल रहे इस मदरसा में अभी 319 बच्चियां हॉस्टल में रहकर तालीम हासिल कर रही है । उन्होंने बताया कि यहां पर विभिन्न दर्ज़ा, यथा हीफज, तजवीद वो करात, दरजा फारसी, अरबी सोम तक, वो नाजिराह, दिन्यात उलूम असरीया का मुकम्मल इंतजाम है। तत्काल 5 क्लास तक की शिक्षा दी जाती है और इनके इलावे दर्जी का कोर्स वो कंप्यूटर कोर्स भी कराया जा रहा है। मदरसा के सरपरस्त हाजी मो इसराइल साहब की निगरानी में चल रहे इस मदरसा की स्थापना 2012 में की गई थी । उन्हीं के प्रयास से आज ये मदरसा जिले का एक मिसाली मदरसा बन चुकी है। मौलाना साकिब नदीम ने बताया कि यहां बच्चियों के लिए कंप्यूटर कोर्स वो सिलाई कटाई का प्रशिक्षण देने का भी कार्य शुरू है, ताकि बच्चियां भी शिक्षा के साथ साथ हुनरमंद बनकर आर्थिक रूप से सबल वो आत्मनिर्भर हो सके।

# जदयू की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**अररिया।** जिले के पुराना डाक बंगला में अररिया जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा एवं मंच संचालन जिला महासचिव सीताराम मंडल ने किया। जिला कमिटी के सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र, अंग वस्त्र एवं फूलों के मालाओं से सम्मानित किया गया। सभी साथियों ने पार्टी के महत्वपूर्ण जिम्मेवारी के लिए पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए अपनी अपनी जिम्मेवारी पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का वचन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के अध्यक्ष पवन मिश्रा ने कहा कि हम लोग ऐसे दल के कार्यकर्ता हैं जिसके नेता को पूरी दुनिया विकास पुरुष के नाम से जानते हैं। हम सबों का कर्तव्य बनता है की जन-जन तक उनके विकास कार्यों को बताएं। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर नीतीश कुमार एवं निशांत कुमार जी के हाथों को मजबूत करें। बूथ स्तर तक पार्टी संगठन मजबूत हो। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम, पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश सचिव आशीष पटेल, पूर्व प्रदेश सचिव रमेश सिंह, नूरुद्दीन खान, राज्य परिषद सदस्य सुनील राय, नितेश राय, प्रवक्ता सुनील चंद्रवंशी, ओमप्रकाश राय ने भी बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी संगठन के मजबूती पर बल दिया। बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद कासो, मोहम्मद जियाउल्लाह, रणविजय कुशवाहा, रमेश कुमार राय, बिरेंद्र कुमार राय, डॉ ऋषभ राज, आदिल मुख्तार, अनुपम सागर, जितेंद्र झा, संजय राय, मणि सिंह, नटवर ठाकुर, राकेश कुमार राय, राजेश कुमार, सुशीला साह, मखमूर हयात, शाद आलम, विनय चौपाल, नवीन मेहता, संजय कुमार सिंह, सुनीता देवी, रानी देवी, राजेंद्र मंडल, मोहम्मद जावेद, गोपाल मंडल, नरेश कुमार राय, विनोद विश्वास, भवेश राय, शाहबाज आलम, शमीम आलम, धनेश्वर गिरी, ललन मंडल, रामजी सिंह, ब्रजेश राय, राजू मंडल, मुन्ना सिंह, रेनू देवी, मनीष कुमार, कमलनाथ सिंह, अजय कुमार पासवान उर्फ लड्डू, मेहर झा, मोहम्मद शहंशाह, आजाद अंसारी, नितेश कुमार, नीरज झा, संजीव चौधरी, आशुतोष कुमार, विनोद पोद्दार, जितेंद्र कुमार, राम अवतार शर्मा, विमल मेहता, रामसेवक मंडल, अशोक सिन्हा, रामसेवक मंडल, प्रोफ़ेसर लक्ष्मण प्रसाद मेहता, परमेश्वर राय, अरुण झा, मृत्युंजय कुमार समेत दर्जनों पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता शामिल हुए।

# स्कूलों में बच्चों को दी गई भूकंप से बचाव की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय मेहदौली, चुरामनचक , मल्हीपुर, चकदुल्लम बनवारीपुर,अतरुआ सहित अन्य प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चों को भूकंप के खतरे एवं उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। चेतना सत्र के दौरान फोकल शिक्षकों ने बताया कि बिहार औसत से उच्च भूकंप खतरा वाले जोन में आता है, इसलिए भूकंप से सुरक्षा के लिए आवासीय एवं विद्यालय भवनों के निर्माण में भूकंपीय भवन मानकों का अनुपालन जरूरी है। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि घर में बिजली के सामानों को ऊपर की ओर सुरक्षित रखें, जबकि भारी, वजनदार और टूटने वाले कांच के सामानों को नीचे अलमारी में रखना चाहिए। साथ ही घर और विद्यालय के अंदर व बाहर सुरक्षित स्थानों की पहले से पहचान कर लेनी चाहिए।भूकंप के दौरान बचाव के तरीकों पर मॉक ड्रिल भी कराया गया। बच्चों को सिर ढककर मेज के नीचे छिपने, दरवाजे की चौखट के पास शरण लेने और बिना घबराए खुले मैदान की ओर निकलने का अभ्यास कराया गया।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, शिक्षक प्रमोद कुमार साह, विश्वनाथ साह, प्रकाश रंजन राय, गोपाल राय, विवेक कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित बिहार बनाना जरूरी : विकास वैभव

## किसानों को सम्मानित कर बढ़ाया उत्साह, कहा- शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के लिए बाहर जाने की जरूरत न पड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित बिहार बनाना जरूरी है। विकसित बिहार के निर्माण में किसानों के साथ-साथ समाज के प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। जब बिहार के गांव और किसान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे तभी राज्य के विकास को नई गति मिलेगी। श्री वैभव रविवार को औरंगाबाद के जसोइया स्थित मां मुंडेश्वरी राइस मिल परिसर में भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल शरण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किसान सम्मान समारोह और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। समारोह में कृषि क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एक दर्जन से अधिक किसानों को पुलिस महानिरीक्षक ने सम्मानित किया। पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे बढ़ाना जरूरी है। विकसित बिहार का अर्थ केवल आर्थिक विकास नहीं बल्कि ऐसा बिहार बनाना है जहां शिक्षा, रोजगार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए किसी व्यक्ति को दूसरे राज्य में जाने की मजबूरी नहीं हो। उन्होंने कहा कि राज्य में ही बेहतर अवसर और सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मगध का इतिहास गौरवशाली रहा है और इस क्षेत्र ने देश को दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विकसित बिहार और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में मगध के किसानों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण होगी। किसान न



केवल अन्नदाता हैं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव भी हैं। श्री वैभव ने कहा कि किसान जमीन से जुड़े होते हैं। यदि गांव का एक-एक किसान शिक्षा और नई तकनीक के प्रति जागरूक होकर अपनी आमदनी बढ़ाने की दिशा में प्रयास करे तो इसका सकारात्मक असर पूरे परिवार, गांव और राज्य पर पड़ेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और राज्य के विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, नई संभावनाओं की जानकारी लेने और अपनी आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करने की अपील की। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि कृषि को मजबूत किए बिना ग्रामीण बिहार के समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल शरण सिंह ने कहा कि वर्ष 2011 से किसान सम्मान समारोह की शुरुआत की गई है। किसानों के सम्मान और उनके योगदान को समाज के सामने लाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। उनकी मेहनत के कारण ही हम सभी को भोजन उपलब्ध होता है। इसलिए किसानों का सम्मान करना केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। श्री सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान होता है। पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने से पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और अच्छी बारिश होने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कार्यक्रम में सभी किसानों को एक-एक पौधा देकर लोगों से पौधरोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में गायिका तान्या मौआर ने अपनी सुरों से लोगों को झुमाया। संचालन अजहर आलम राजदां ने किया। मौके पर पूर्व आइपीएस अधिकारी बीके सिंह, महिंद्रा ट्रैक्टर के स्टेट हेड बलवीर चौधरी, मां मुंडेश्वरी ग्रुप ऑफ कंपनी के सीइओ गौरव सिंह, राकेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# छात्रों से अवैध वसूली के आरोप में प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर सिंह ने पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय गणेश नगर मनिका के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह को छात्रों से नामांकन के नाम पर अवैध रूप से राशि वसूलने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि मदनपुर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विजय कुमार सिंह के विरुद्ध कक्षा 9,10,11 एवं 12 के छात्र-छात्राओं से पंजीयन एवं आवेदन शुल्क के नाम पर सरकार द्वारा निर्धारित राशि क्रमशः 1500, 3000 एवं 6000 रुपये से अधिक राशि वसूले जाने का आरोप लगाया गया था। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण की मांग की गई लेकिन निर्धारित समय अवधि में उनके द्वारा कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने के कारण प्रथम दृष्टया आरोप सही मानते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय मदनपुर प्रखंड संसाधन केन्द्र निर्धारित किया गया है। बीइओ संजीव कुमार सिंह ने बताया कि गणेश नगर मनिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह के विरुद्ध शिकायती आवेदन प्राप्त हुआ था। आवेदन के आलोक में छात्र-छात्राओं से पूछताछ के बाद रिपोर्ट भेजा गया जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान

## स्वच्छता को जनभागीदारी का अभियान बनाना जरूरी : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा में मेरा योगदान' कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को गोह देवी मंदिर परिसर एवं उदयपुरा गांव की गलियों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया। अभियान में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संगठन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसे जनभागीदारी का अभियान बनाने की आवश्यकता



है। महात्मा गांधी ने भी स्वच्छता को स्वस्थ समाज के लिए महत्वपूर्ण माना था। उन्होंने लोगों से अपील की कि कूड़ा-कचरा इधर-उधर नहीं फेंकें, उसे निर्धारित स्थान पर रखें और आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने वाला देशव्यापी अभियान बना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को लेकर लोगों की जिम्मेदारी लगातार बढ़ी है और गांवों में भी इसके प्रति जागरूकता पैदा करना जरूरी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छ समाज, स्वस्थ गांव, स्वस्थ परिवार, स्वच्छ शहर और स्वच्छ देश के संकल्प के साथ स्वच्छता अभियान को हर गांव और हर मोहल्ले तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान 18 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने घर, गली, मोहल्ले और गांव को स्वच्छ रखने के साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अभियान में ओबीसी मोर्चा के नेता इंदल कुमार, निरंजन कुमार चंद्रवंशी, राजीव कुमार विद्यार्थी, सचिन सिंह चंद्रवंशी, नागेंद्र सिंह चंद्रवंशी, उमेश पासवान, सावित्री देवी, रणधीर पासवान, अमरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, अरविंद शर्मा, शैलेंद्र कुमार सिंह, पुष्पा देवी, अनुराधा देवी, मीना देवी, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# चोरी गई रोडवेज बस 12 घंटे में बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** चोरी गई रोडवेज बस को कासमा पुलिस ने सूचना के बाद महज 12 घंटे में गया जिले से बरामद कर लिया है। पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता बताई जा रही है। इस संबंध में सलैया थाना क्षेत्र के बसंत गांव निवासी बस मालिक मो. रिजवान ने शनिवार को कासमा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पंप के समीप अपनी सवारी बस को खड़ा कर गया था। 16 सितंबर सुबह करीब छह बजे जब वह पेट्रोल पंप पहुंचा तो बस वहां से गायब था। काफी खोजबीन के बाद एक व्यक्ति से बस ले जाने की जानकारी सामने आई। मामले की जानकारी मिलते ही कासमा पुलिस ने पेट्रोल पंप और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज और जांच के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 12 घंटे के अंदर गया जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र के खनजहापुर से चोरी की गई बस को बरामद कर लिया। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि रोडवेज बस को फ़िलहाल बरामद कर लिया गया है। इस दौरान पता लगाया जा रहा है। रोडवेज बस वहां कैसे पहुंचा और किसने चोरी कर खड़ा किया। संबधित चोरों की तलाश जारी है। जल्द की चोर पकड़े जाएंगे। यह कार्रवाई एसआई शेर शाह अली के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

# चेन स्नैचिंग और पैसा छिनतई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## कोढ़ा गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने चेन स्नैचिंग और पैसा छिनतई के अंतर्राज्यीय गिरोह का उद्भेदन किया है। इसके साथ ही गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, मास्टर चाभी एवं चोरी के बाइक बरामद किया गया है। पकड़े गए बदमाशों का कोढ़ा गैंग से संबध बताया जाता है। इनकी पहचान कटिहार जिले के कोढा थाना क्षेत्र के जुराबगंज गांव निवासी नयन्शु उर्फ अभय कुमार एवं नयाटोला जुराबगंज गांव निवासी हैरन कुमार के रूप में की गई है। इनके खिलाफ बिहार और झारखंड के विभिन्न थानों में 66 अपराधिक मुकदमे दर्ज है। रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस



अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से औरंगाबाद शहर में लगातार चेन स्नैचिंग की घटनाएं हो रही थी। नगर थाना अंतर्गत कुल सात चेन स्नैचिंग की घटनाएं घटित हुई थी। चेन स्नैचिंग की इन घटनाओ की गंभीरता को देखते हुए एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित एसआईटी टीम ने सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर एक गिरोह को चिह्नित किया। कार्रवाई के फलस्वरूप गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाशों ने पूछताछ में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया एवं अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि उनलोगों के द्वारा औरंगाबाद, रोहतास, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, किशनगंज, मुंगेर एवं अन्य बिहार के विभिन्न जिलों एवं झारखंड राज्य अन्तर्गत गोडा जिला, हजारीबाग, दुमका एवं अन्य जिलों में चेन एवं पैसा छिनतई की घटनाओं को कारित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र में छिनी चार चेन इनके घर से बरामद किया गया। इनकी गिरफ्तारी से शहर में चेन छिनतई की घटनाओं में कमी आएगी। इनके पास से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो मास्टर चाभी, एक रिंच, एक चोरी की बाइक एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा, डीआईयू प्रभारी प्रशांत कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# विभिन्न अपराधों में 69 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 69 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 23 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार साईबर अपराध में दो, हत्या के प्रयास में नौ, मद्य निषेध अधिनियम के तहत नौ तथा अन्य मामलों में 49 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 55.30 लीटर देसी शराब, 30 लीटर स्प्रिट, एक ऑटो, एक कार, एक ट्रक, एक एसी, तीन मोबाइल, 20 टन कोयला बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1010 वाहनों से 31500 रूपये की वसूली की गई।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए किया वृक्षारोपण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर निर्माण एवं विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से जूनियर रेड क्रॉस के तत्वावधान में बारून प्रखंड के सुंदरगंज स्थित मॉडल स्कूल सरस्वती विद्या निकेतन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय परिसर को हरा-भरा एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना तथा छात्र-छात्राओं को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन के प्रति जागरूक करना रहा। वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व जिला जूनियर रेड क्रॉस के जिला काउंसलर-सह-सचिव निरंजय कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार, शिक्षक अरुण कुमार, शिवम



कुमार, संजय कुमार मेहता, रवि रंजन कुमार, संतोष कुमार, सुशील कुमार, विक्रम कुमार, ममता कुमारी, रिंकी कुमारी, आलोक कुमार, अरुण राय सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। सचिव निरंजय कुमार ने कहा कि वन प्रमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद से अनुरोध कर 100 पौधे की मांग की गई थी। उनके अनुरोध के आलोक में वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा 100 पौधे जूनियर रेड क्रॉस को उपलब्ध कराए गए जिसके आलोक में मॉडल स्कूल सुंदरगंज में वृक्षारोपण का कार्य किया गया।

# सरिया सप्लाई के नाम पर 20 लाख से अधिक की ठगी, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** साइबर पुलिस ने छड़ (सरिया) सप्लाई करने के नाम ठगी करने के मामले का उद्भेदन किया है। ठगी के रुपयों से खरीदी गई सामानों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पटना जिले के मोकामा थाना क्षेत्र के पिंटू कुमार एवं शेखपुरा जिला के शेखोपुर थाना क्षेत्र के कबीरपुर निवासी रौशन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार साइबर थानाध्यक्ष को एक पीड़िता द्वारा लिखित आवेदन देकर बताया गया कि गूगल पर मिले कथित वाईजग स्टील के नंबर के जरिए छड़ (सरिया) सप्लाई करने के नाम पर 20 लाख सात हजार 405 रुपये की साइबर ठगी की गई है। इस संबंध में 22 अप्रैल को साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस उपाधीक्षक साइबर थाना के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन, आसूचना संकलन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कांड में संलिप्त अभियुक्त रौशन कुमार और पिंटू कुमार को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के क्रम में दोनों अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का अहम योगदान

## शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा(औरंगाबाद)।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों के सम्मान में रविवार को ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीकृष्ण सिंह स्मृति भवन परिसर में 'महापरिवर्तन आंदोलन' के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के साथ समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देना था। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। समारोह में पेंशनर समाज के प्रखंड सचिव त्रिवेणी पांडेय, श्रीकृष्ण सिंह स्मृति मंच के सचिव कृष्णकांत शर्मा, सुर्खी +2 महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अजित कुमार, बुधन सिंह, मो. रेयाजुद्दीन, प्रदीप कुमार सिंह, शशिकांत शर्मा, विश्वजीत कुमार, डॉ. दीप्ति केशरी, कौशल्या कुमारी सहित जिलेभर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता खादी ग्रामोद्योग के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, संचालन राजेश कुमार जबकि संरक्षण सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता कमलेश कुमार विकल ने किया। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षकों, शिक्षाविदों एवं शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले लोगों को अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता कमलेश कुमार विकल ने कहा कि शिक्षा किसी भी विकसित समाज की मजबूत नींव है। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते बल्कि एक शिक्षक निस्वार्थ भाव से कामना करता है कि मेरा विद्यार्थी बेहतर शिक्षा को ग्रहण करें जो उनके चरित्र निर्माण और बेहतर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजकों ने बताया कि महापरिवर्तन आंदोलन के संस्थापक एवं अभियान प्रमुख पूर्व डीजीपी विनय कुमार सिंह का मुख्य संदेश शिक्षित समाज, समृद्ध बिहार एवं शिक्षा से सशक्तिकरण, राष्ट्र निर्माण है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समारोह के अंत में शिक्षकों और समाजसेवियों ने शिक्षा के प्रसार के लिए सामूहिक प्रयास का संकल्प लिया। इस दौरान महापरिवर्तन आंदोलन के सदस्य राजेश कुमार रंजन, नरेश, राजेश रंजन, सबिन्द्र, अक्षय, राम आश्रय, डॉ हरिलाल, लवलेश सहित अन्य मौजूद रहे।

# बंद घर से लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** उपहारा थाना क्षेत्र के अरंडा गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लाखों के आभूषण समेत अन्य सामानों की चोरी कर ली। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रविवार को गृहस्वामी अखिलेश शर्मा के पुत्र सत्यनारायण कुमार ने बताया कि उनका पूरा परिवार जहानाबाद में रहता है। रविवार को जब वे गांव स्थित घर पहुंचे तो देखा कि छत के ऊपर लगा लोहे का ग्रिल उखाड़ा गया है और गोदरेज तथा बक्से का ताला तोड़कर करीब 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण व चांदी के बर्तन की चोरी कर लिया गया है। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोर आसानी से फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार पीड़ित का घर गांव के बीचोंबीच स्थित है। इसके बावजूद चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही उपहारा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि एफएसएल टीम को सूचना दी गई है। गृहस्वामी के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुखिया चंद्रभूषण उर्फ गुड्डू ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते सूखे नशे के सेवन के कारण चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# 400 युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के बारून स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के सभागार भवन में रविवार को मेरा युवा भारत के तत्वावधान में लौह पुरुष युवा मंच बारुण के नेतृत्व में नशामुक्त भारत फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला युवा अधिकारी अनिकेत कुमार राव, बारून नगर पंचायत की मुख्य पार्षद इंदु देवी, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार सिंह, लौह पुरुष युवा मंच के संरक्षक संजीत कुमार एवं जिला मंत्री सीमा गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार सिंह ने जिला युवा अधिकारी अनिकेत कुमार राव को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं लौह पुरुष युवा मंच के पदाधिकारियों ने मुख्य पार्षद इंदु देवी सहित अन्य अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। अभियान में उपस्थित करीब 400 युवाओं ने नशामुक्त भारत बनाने,



नशे के खिलाफ प्रचार-प्रसार करने, लोगों को जागरूक करने तथा समाज से नशे को दूर भगाने का सामूहिक संकल्प लिया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने सिग्नेचर प्लेज पर हस्ताक्षर कर नशामुक्त भारत अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्ज करायी। जिला युवा अधिकारी अनिकेत कुमार राव ने कहा कि युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा, कौशल, रोजगार, खेल एवं राष्ट्र निर्माण में लगाएंगे, तो विकसित भारत के संकल्प को मजबूती मिलेगी। मुख्य पार्षद इंदु देवी एवं विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि नशे को दूर करना आज देश के सामने एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दा है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज को नशामुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि नशा करना ही है तो अपने लक्ष्य को पाने का नशा करो। लौह पुरुष युवा मंच के संरक्षक संजीत कुमार ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं. नशा युवाओं की प्रतिभा, स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करता है. इसलिए केवल अभियान चलाना पर्याप्त नहीं है बल्कि प्रत्येक युवा को स्वयं नशे से दूर रहकर अपने परिवार, मित्रों और समाज के लोगों को भी जागरूक करना होगा। कार्यक्रम में लेखापाल राजेश कुमार सिन्हा, रंजन कुमार किंशु, युवा स्वयंसेवक सन्नी कुमार, वरीय शिक्षक कमलेश कुमार, एनसीसी अधिकारी प्रमोद कुमार यादव, प्रभात कुमार, प्रयाग कुमार, गौतम कुमार, कामता सिंह, धनजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# नये थानाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सदर प्रखंड के फ़ेसर थाना के नए थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण के बाद थाने के सभी पुलिसकर्मियों से औपचारिक बातचीत की। इसके बाद उन्होंने थाना का जायजा लिया। थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बलों के साथ विचार विमर्श किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में जनता की विश्वास पर वह खड़े उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था व शांति व्यवस्था बहाल रहे यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी।